राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 215
लखनऊ, बुधवार 8 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



लखनऊ रवाना हुई आलू किसान बचाओ यात्रा 10

कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारत की तकनीकी उत्कृष्टता का प्रतीकः योगी आदित्यनाथ 03

# कोलकाता पर हमले की पाकिस्तानी धमकी पर राजनाथ बोलेः 'टुकड़े-टुकड़े हो जायेगा'

## चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान ने फिर 'दुस्साहस' किया तो परिणाम और गंभीर हो सकते हैं

### पाकिस्तान को भड़काऊ बयानबाजी से बचना चाहिए : राजनाथ सिंह



**समृद्धि न्यूज़, कोलकाता।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी देने वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पाकिस्तान को इस तरह की भड़काऊ और गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से बचना चाहिए, अन्यथा उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में चुनाव प्रचार के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि उस युद्ध के बाद पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था और बांग्लादेश का गठन हुआ था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान इस बार पश्चिम बंगाल की ओर बुरी नजर डालने की कोशिश करेगा तो इस बार उसके कितने टुकड़े होंगे, यह केवल भगवान ही जानते हैं। क्या कहा था पाकिस्तान के रक्षा मंत्री नेपाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने 04 अप्रैल को सियालकोट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारत को धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि भारत कोई झूठा हमला (फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन) करने की कोशिश करता है तो संघर्ष केवल सीमा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है। उनके इस बयान के बाद भारत में राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज हो गई और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका सार्वजनिक रूप से जवाब दिया।राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को इतिहास से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष पहले 1971 में जब युद्ध हुआ था तो पाकिस्तान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़े थे। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान ने फिर कोई दुस्साहस किया तो परिणाम और भी अधिक गंभीर हो सकते हैं।उन्होंने पाकिस्तान को उकसाने वाली बयानबाजी से बचने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में काम करने की सलाह दी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब पाकिस्तान कोलकाता पर हमले की बात करता है तब केंद्र सरकार को स्पष्ट प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री चुनावी रैलियों में तो पश्चिम बंगाल की आलोचना करते हैं, लेकिन बाहरी धमकियों पर चुप रहते हैं। ममता सरकार पर राजनाथ सिंह का निशानाअपने भाषण में राजनाथ सिंह ने ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में 'उत्पीड़न' और 'विश्वासघात' की राजनीति हुई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकाल के दौरान राज्य की आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां देश के अन्य राज्यों में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है।

### राजनाथ का ममता सरकार पर हमला

**उत्तर 24 परगना।** उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में पश्चिम बंगाल की स्थिति बद से बदतर हो गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने बैरकपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकाल के दौरान राज्य की आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भारत की कुल अर्थव्यवस्था में बंगाल का हिस्सा लगभग 10 प्रतिशत से ज्यादा था, लेकिन आज स्थिति बिल्कुल बदल गई है। अब बंगाल का देश की अर्थव्यवस्था में हिस्सा घटकर लगभग 6 प्रतिशत रह गया है। राजनाथ ने कहा कि जहां देश के अन्य राज्यों में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है, वहीं पश्चिम बंगाल में निवेश का माहौल कमजोर हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई उद्योग राज्य से बाहर चले गए हैं और नए निवेशक भी यहां आने से हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता दीदी के राज में हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां न्याय देने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं। आज प्रदेश में ज्यूडिशियल ऑफिसर्स को रातभर बंधक बना लिया जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने 'वंदे मातरम्' के रूप में केवल शब्द ही नहीं दिए थे, बल्कि एक सोई हुई और अपनी पहचान खो चुकी सभ्यता को उसका आत्मबोध भी कराया था।

## ईडी ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष की संपत्ति जब्त की



**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी की 39.45 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें दिल्ली का घर, फरीदाबाद की जमीन और बैंक खाते शामिल हैं। ईडी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि अल फलाह यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी की 39.45 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। इसमें दिल्ली का घर, फरीदाबाद की जमीन और बैंक खाते शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत छात्रों से धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में हुई है। अटैचमेंट में जवाद अहमद सिद्दीकी का जामिया नगर, ओखला, दिल्ली में स्थित रिहायशी मकान; फरीदाबाद के गांव धौज में अल-फलाह यूनिवर्सिटी कैंपस से लगी कृषि भूमि, और जवाद अहमद सिद्दीकी तथा अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट की डीमैट होल्डिंग्स, बैंक बैलेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट शामिल हैं। ईडी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के नियमों के तहत इन संपत्तियों के लेन-देन पर रोक लगाने के लिए एक अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में अब तक कुल 183.54 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच कर चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### उ.प्र. एटीएस ने शामली से चार संदिग्धों को उठाया

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने शामली जिले में अलग-अलग जगहों पर छापेमार कर एक महिला समेत चार संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। जानकारी के अनुसार सहारनपुर से आई एटीएस टीम ने मंगलवार की सुबह शामली जनपद में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की है। कैराना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को उठाया है। पूछताछ के बाद टीम चारों को अपने साथ ले गई। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि राशिद और उसकी पत्नी समेत चार लोगों को कार सवार युवक अपने साथ ले गए हैं। राशिद नकली करेंसी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने मामले से कुछ भी बताने से इनकार किया है। एटीएस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। एटीएस ने यह कार्रवाई कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद की है।

### रिनिकी भुइयां शर्मा के कथित पासपोर्ट मामले में कांग्रेस के आरोप निराधार, सभी दस्तावेज फर्जीः पबित्र मार्घेरिटा

**एजेंसी, गुवाहाटी।** केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरिटा ने मंगलवार को कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के नाम पर प्रस्तुत किए गए सभी पासपोर्ट पूरी तरह से फर्जी हैं और उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मार्घेरिटा ने कहा कि भारत सरकार ने आधिकारिक जांच के बाद कांग्रेस द्वारा दिखाए गए सभी दस्तावेजों को फर्जी घोषित कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिनिकी भुइयां शर्मा के संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और एंटीगुआ और बारबुडा के पासपोर्ट होने के दावे पूरी तरह गलत और भ्रामक हैं। मार्घेरिटा ने बताया कि उक्त देशों की सरकारों ने भी औपचारिक रूप से भारत सरकार को सूचित किया है कि संबंधित पासपोर्ट असली नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच आधिकारिक माध्यमों से की जा चुकी है और इसमें किसी भी प्रकार की सच्चाई नहीं पाई गई है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के भ्रामक आरोप केवल जनता को गुमराह करने के लिए लगाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हर मुद्दे की जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ट्रंप की धमकी से ईरान घबराया

### युवाओं से बिजली संयंत्रों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने का आह्वान

**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को मंगलवार तक न खोलने पर दी गई हमले की चेतावनी से ईरान घबरा गया है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को एक ही रात (मंगलवार रात) में पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। ईरान के युवा और खेल मामलों के उपमंत्री अलीरेजा रहीमी ने ट्रंप की धमकी के मद्देनजर देश के युवाओं से बिजली संयंत्रों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने का आह्वान किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अलीरेजा रहीमी ने ट्रंप की धमकी के बाद यह अपील की है। ट्रंप कह चुके हैं कि अगर ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा नहीं खोलता है



तो अमेरिका ईरान के सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर बमबारी करेगा। रहीमी ने एक्स पर लिखा, 'मैं सभी युवाओं, सांस्कृतिक और कला जगत की हस्तियों, खिलाड़ियों और चैंपियनों को राष्ट्रीय अभियान 'ईरानी युवाओं की मानव श्रृंखला- एक उज्ज्वल भविष्य के लिए' में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने लिखा 'मंगलवार दोपहर दो बजे देशभर के बिजली संयंत्रों के पास हम सभी अपनी-अपनी मान्यताओं और विचारों के साथ एक-दूसरे का हाथ थामकर खड़े होंगे और यह संदेश देंगे कि सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर हमला करना एक 'युद्ध अपराध' है।' उल्लेखनीय है कि सप्ताहांत ट्रंप ने कहा था कि ईरान के पास किसी समझौते पर पहुंचने के लिए मंगलवार रात आठ बजे (पूर्वी समय) तक का समय है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान को एक ही रात में खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा शायद मंगलवार को हो सकता है। उन्होंने कहा यह एक नाजुक दौर है। और यह सब ईरान के कदमों पर निर्भर करता है। ट्रंप ने ईरान के पुलों और बिजली संयंत्रों पर हमला करने की धमकी दोहराते हुए दावा किया कि अगर इससे ईरानी लोगों की आजादी सुनिश्चित होती है तो वह तकलीफ उठाने को भी तैयार होंगे। उधर, तेहरान ने चेतावनी दी कि ऐसे हमलों के नतीजे इस क्षेत्र से भी आगे तक जाएंगे।

### इजराइल पर लेबनान में फॉस्फोरस बम इस्तेमाल का आरोप, हालात गंभीर

**बेरूत।** दक्षिण लेबनान में इजराइल पर फॉस्फोरस बम के इस्तेमाल का आरोप लगा है, जिससे क्षेत्र में हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। लेबनान की आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अयनाता इलाके में हुए हमले में इस तरह के हथियार का प्रयोग किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले के बाद इलाके में घना सफेद धुआं फैल गया, जिससे स्थानीय लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन की शिकायत हुई। हालांकि, इजराइल की ओर से भी इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, फॉस्फोरस आधारित हथियार अत्यधिक तापमान उत्पन्न करते हैं और इनके कण वातावरण में फैलकर गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। इनका धुआं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है और संपर्क में आने पर त्वचा व श्वसन तंत्र पर गहरा असर डाल सकता है।

## धर्म के लिए लड़ने वाला कभी नहीं मरता, संतत्व से सीख लेकर अध्यात्म के आधार पर भारत बनेगा विश्व गुरुः मोहन भागवत

**समृद्धि न्यूज़, मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने धर्म के लिए लड़ने वाला कभी मरता नहीं है। अधर्मी को मार देता है और अपनी सत्ता वापस लेता है। अब समय आ गया है कि भारत विश्व गुरु बनेगा और विश्व को नई सुखी और सुंदर दुनिया के बनाएगा। इसके लिए संतों से संतत्व से सीख लेकर उनकी प्रेरणा और अध्यात्म के आधार पर भारत विश्व गुरु बनेगा। इसके लिए संघ संतों के साथ मिलकर प्रयास करेगा। हम अपने अंदर का भाव बदलें, देश खुद ही बदल जाएगा। संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत मंगलवार को वृंदावन स्थित मलूकपीठ आश्रम में संत मलूकदास महाराज के 452वें जयंती महोत्सव का योग गुरु बाबा रामदेव के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने संत



शिरोमणि मलूकदास महाराज की समाधि पर पूजा-अर्चना की और वहां की पवित्र रज को माथे से लगाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी जगद्गुरु संत मलूकदास की 452वीं जयंती महोत्सव में शाम के समय शामिल हुए। डॉ भागवत ने कहा कि हम जगद्गुरु मलूकदास का 452वां जयंती उत्सव मना रहे हैं। हमारे सामने उनका जीवन एक प्रेरणा के समान है। उन्होंने अपने जीवन से हमें संदेश दिया। संत हमारे सामने सशरीर दिखाई देते हैं, लेकिन संत हमारे कल्याण के लिए जीवन जीते हैं। संत हमेशा से धर्म के लिए लड़े और मरे भी हैं। डॉ भागवत ने कहा कि धर्म के लिए लड़ने वाला कभी मरता नहीं है। अधर्मी को मार देता है और अपनी सत्ता वापस लेता है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत विश्व गुरु बनेगा और विश्व को नई सुखी और सुंदर दुनिया के बनाएगा। इसके लिए संतों से संतत्व से सीख लेकर उनकी प्रेरणा और अध्यात्म के आधार पर भारत विश्व गुरु बनेगा। इसके लिए संघ संतों के साथ मिलकर प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष सबको प्रकाशित करे, इसकी आवश्यकता है। अपनी आध्यात्मिक परंपरा के आधार पर रीति और नीति ऐसी होनी चाहिए।

सत्य के आधार पर जीवन खड़ा होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सत्य, करुणा के बिना धर्म नहीं हो सकता। सबको मिलकर रहना चाहिए।

## लखनऊ मेयर से पत्रकारों के हाउस टैक्स वाटर टैक्स में 50 प्रतिशत छूट की मांग

### पीजीआई, मेडिकल कॉलेज और राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में सुगम चिकित्सा व्यवस्था हेतु मीडिया मित्र नियुक्त करने की मांग की

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राज्य मुयालय मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन उार प्रदेश की आज एक अहम बैठक में सपन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि नाथ दूबे ने पत्रकारों के ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सूबे के पत्रकारों की समस्याओं से मुयमंत्री और शासन के अलंबरदारों को अवगत कराया जाए, साथ ही एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मण्डल लखनऊ मेयर से मिलकर राज्य मुयालय स्तरीय पत्रकारों के हाउस टैस और उनके वाटर टैस में 50 प्रतिशत की छूट दिये जाने और विभागीय पत्रकार सूची की नेशनल शद की जगह राज्य लिखा जाए ताकि राज्य स्तरीय पत्रकारों को लाभ मिल सके, का ज्ञापन सौंपा जाये। कमेटी के सदस्य अमित कुमार त्रिपाठी के मुद्दा उठाने पर श्री दूबे ने कहा कि पत्रकारों के लिए पीजीआई, मेडिकल कॉलेज और राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में सुगम चिकित्सा व्यवस्था कराई जाए, यदि स्वास्थ संबंधी समस्या हो तो हॉस्पिटल में जाने पर कैशलैस सुविधा के दायरे में आने वाले राज्य मुयालय के पत्रकारों की सहूलियत के लिए सूचना विभाग या संस्थान का कोई कर्मचारी मदद में बतौर मीडिया मित्र मौजूद रहे।

### गेहूं की मड़ाई में थ्रेसर में फंस गया युवक, मौत

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित बहरिया थाना क्षेत्र के सराय दारा शिकोह उर्फ मिझिरा गांव में मंगलवार को गेंहू की थ्रेसरिंग के दौरान थ्रेसर में फंसकर युवक की जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया जिले के बहरिया थाना क्षेत्र के सराय दारा शिकोह उर्फ मिझिउरा गांव निवासी सुमित कुमार (19) पुत्र राजकुमार गांव में ही मंगलवार को थ्रेसर में गेहूं की मड़ाई करते समय अचानक थ्रेसर में फंस गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सुमित कुमार के शव को थ्रेसर से बाहर निकलवाया और परिवार से तहरीर लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## असम चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शांति लौटने के बाद विकास के पथ पर अग्रसर असमः अमित शाह

**एजेंसी, हैलाकांदी (असम)।**

आसन्न असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अंतिम चरण के प्रचार के दौरान बराक घाटी पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में असम में शांति वापस आई है और राज्य अब तेज गति से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। मंगलवार को बराक घाटी के तीन जिलों श्रीभूमि, हैलाकांदी और सिलचर में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार किया। श्रीभूमि जिला के



पथारकांदी में भाजपा उम्मीदवार कृष्णेंदु पाल, हैलाकांदी में भाजपा उम्मीदवार डॉ. मिलन दास के समर्थन में सभा में शामिल हुए। उसके बाद वे सिलचर में डॉ. राजदीप रॉय और उदारबंद सीट से राजदीप गोवाला के पक्ष में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता और भाजपा सरकार के दौरान राज्य में विकास कार्यों को नई गति मिली है।

उन्होंने कहा कि असम को देश के अन्य विकसित राज्यों की तरह आगे बढ़ाया जाएगा और आने वाले पांच वर्षों में इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने भूमि पट्टा वितरण जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और श्रीभूमि में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया गया है। साथ ही, आने वाले समय में राज्य के समग्र विकास के लिए कई योजनाएं तैयार की गई हैं।

### एयर इंडिया के सीईओ का इस्तीफा, उत्तराधिकारी की तलाश के लिए समिति का गठन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन ने उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति का गठन किया है। एयरलाइन के अनुसार नए उत्तराधिकारी की घोषणा होने तक विल्सन सीईओ एवं प्रबंध निदेशक के पद पर बने रहेंगे। एयरलाइन ने कहा कि विल्सन ने 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। तब से वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि संगठन और नेतृत्व दल बदलाव के लिए स्थिर स्थिति में हो।

## पवन खेड़ा के घर असम पुलिस की छापेमारी को कांग्रेस ने बताया राजनीतिक प्रताड़ना

**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली/ गुवाहाटी।**

कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के दिल्ली स्थित आवास पर असम पुलिस की छापेमारी का पार्टी ने विरोध करते हुए इसे राजनीतिक प्रताड़ना करार दिया है। पार्टी ने इसके खिलाफ संघर्ष का भी ऐलान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुवाहाटी में पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है। पवन खेड़ा पर लगाए गए आरोपों की जांच सरकार को करानी चाहिए और जनता को बताना चाहिए कि आरोप सही हैं या गलत। एफआईआर दर्ज कर लें, इससे कोई



डरता नहीं है। हम मुकाबला करेंगे। सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां हमें लगातार तंग करती रही हैं। जो लोग जेल गए, बाद में भाजपा में शामिल होकर साफ हो गए। इस मामले में भी हम लड़ेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि पवन खेड़ा को जनहित में सवाल पूछने के कारण गिरफ्तार करने की कोशिश यह साबित करती है कि असम के मुख्यमंत्री विचलित और घबराए हुए हैं। उन्होंने इसे विधिसम्मत प्रक्रिया नहीं बल्कि विपक्ष की आवाज़ दबाने का प्रयास बताया। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हैं और इसी कारण बौखलाए हुए हैं। पवन खेड़ा ने साक्ष्यों के साथ सवाल पूछे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री जवाब देने के बजाय धमकियां दे रहे हैं और पुलिस का इस्तेमाल कर रहे हैं।

**स्थिरता** | देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति स्थिर

## ईंधन स्टेशनों के पास पर्याप्त स्टॉकः सुजाता शर्मा

**समृद्धि न्यूज़, नई दिल्ली।**

पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है और ईंधन स्टेशनों के पास पर्याप्त स्टॉक है। हमारी रिफाइनरियां बेहतर काम कर रही हैं, कुछ तो 100 फीसदी क्षमता से ऊपर भी चल रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने यहां अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में कहा कि 96 फीसदी ऑनलाइन बुकिंग और ओटीपी आधारित डिलीवरी के साथ घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) का वितरण सुचारू रूप





से जारी है। उन्होंने कहा कि करीब 6500 टन वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति की गई, जबकि 5 किलोग्राम वाले सिलेंडरों की मजबूत मांग देखी गई है। एक दिन में एक लाख गैस सिलेंडर की सप्लाई की गई और 23 मार्च से 7.8 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे गए है। सुजाता शर्मा ने बताया कि पीएनजी कनेक्शन के विस्तार और 16500 से अधिक उपभोक्ताओं के एलपीजी से हटने के साथ-साथ प्रमुख क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। सरकार एक मॉडल सीबीजी नीति के जरिए संपीड़ित बायोगैस को भी बढ़ावा दे रही है। इसे राज्यों के लिए अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन के साथ जोड़ रही है। रिफाइनरियां आरामदायक कच्चे तेल की उपलब्धता के साथ इष्टतम स्तर पर काम कर रही हैं, जबकि स्थिरता बनाए रखने और घबराहट को रोकने के लिए राज्यों के साथ निरंतर समन्वय के साथ छापे, जुर्माना और वितरक निलंबन के माध्यम से प्रवर्तन तेज हो गया है। संयुक्त सचिव सुजाता शृमा ने कहा कि एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप में किसी तरह की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है और सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंपों पर भी किसी तरह की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। कल 6500 टन कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई की गई। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा 1300 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि उर्वरक कंपनियों को 6 तारीख से अपनी प्राकृतिक गैस की खपत को 90 फीसदी तक कम करने के लिए कहा गया है। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा कि सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है।

# मिहींपुरवा में खौफः मासूम पर जंगली जानवर का हमला, 11 वर्षीय बच्चा घायल

- ग्रामीणों के शोर मचाने पर भागा जंगली जानवर
- पिंजरा तक नहीं लगा सका वन विभाग

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के कतर्नियाघाट वन्य क्षेत्र से सटे गांव ग्राम पंचायत कतरनिया के मजरा तड़वां में मंगलवार को हुई दिल दहला देने वाली घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 11 वर्षीय राजा बाबू पर खेत में मक्का की रखवाली के दौरान जंगली जानवर ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि ग्रामीणों की लगातार मांग के बावजूद वन विभाग अब तक कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम साबित हुआ है।




**बाघ या तेंदुआ? बयानबाजी में उलझा विभाग**

जहां ग्रामीण हमलावर को धारीदार बाघ बता रहे हैं, वहीं वन विभाग इसे तेंदुआ का हमला बताकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आ रहा है। ऐसे में सही पहचान और सुरक्षा उपायों को लेकर असमंजस बना हुआ है।

**पिंजरा लगाने की मांग, लेकिन कार्रवाई शून्य**

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों की गतिविधि देखी जा रही है कई बार वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की गई इसके बावजूद अब तक कोई पिंजरा नहीं लगाया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते पिंजरा लगाया गया होता, तो शायद इस मासूम पर हमला नहीं होता।

**गंभीर हालत में मासूम**

हमले में बच्चे के चेहरे पर गहरे घाव आए हैं और उसकी बाईं आंख बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। उसे मोतीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**प्रशासन की चुप्पी से बढ़ा आक्रोश**

घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जरूर है, लेकिन यह कार्रवाई घटना के बाद की औपचारिकता मात्र लग रही है। ग्रामीणों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब जागेगा प्रशासन। क्या किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार किया जा रहा है।

# अवैध खनन पर कार्रवाई, 6 वाहन जब्त



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। दरगाह पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने देर रात छापेमारी कर अवैध खनन में लिप्त चार डंपर और दो जेसीबी मशीनें जब्त की हैं। दरगाह थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कैन नाले के पास बड़े पैमाने पर अवैध खनन चल रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम गठित की गई।टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही अवैध खनन में शामिल लोग वहां से फरार हो गए। टीम ने मौके से खनन कार्य में इस्तेमाल हो रहे चार डंपर और दो जेसीबी मशीनों को जब्त कर सीज कर दिया।

इस कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पुलिस अब अवैध खनन में शामिल फरार आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने में जुटी हुई है।

# टीबी से ज्यादा अपनों की बेरुखी का दर्द, महिलाओं के लिए बनी दोहरी चुनौती





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** टीबी केवल एक संक्रामक बीमारी नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए गहरा सामाजिक दंश भी बन जाती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के शोध के अनुसार पुरुषों की तुलना में महिलाओं में टीबी से जुड़े सामाजिक कलंक का खतरा लगभग 13 गुना अधिक होता है, जिससे वे समय पर जांच और उपचार से दूर रह जाती हैं। इस चुनौती की गंभीरता 960 महिला मरीजों पर किए गए अध्ययन से भी सामने आई। केजीएमयू की रिपोर्ट के अनुसार 18 प्रतिशत महिलाओं को पति या ससुराल से अस्वीकृति मिली, 25 प्रतिशत ने घर में अलगाव झेला और 10 प्रतिशत मामलों में विवाह तक टूट गए। लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं ने बीमारी छिपाए रखी, जबकि 44 प्रतिशत ने सामाजिक गतिविधियों में जाना बंद कर दिया।

**बीमारी से ज्यादा बदले अपनों के व्यवहार**

फखरपुर ब्लॉक के कोदही गांव की 22 वर्षीय रूबी आर्या की कहानी इस सच्चाई को और स्पष्ट करती है। वर्ष 2022 में टीबी की पुष्टि के बाद बीमारी से ज्यादा अपनों के बदले व्यवहार ने उन्हें तोड़ दिया। इलाज का खर्च उठाने के लिए पति को बाहर काम पर जाना पड़ा और मास्क पहनने की जानकारी फैलते ही परिवार व पड़ोसियों ने दूरी बना ली। बच्चों को पास आने से रोका गया और सामाजिक बदनामी के डर से मायके जाना भी टाल दिया गया। रूबी बताती हैं कि उस समय वे गहरे अकेलेपन से गुजरीं। उन्होंने अपनी थाली अलग कर ली थी और अक्सर पति से घर लौटने की गुहार लगाती थीं। नौ महीने के उपचार के बाद अब वे स्वस्थ हैं और वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के साथ जुड़कर अन्य महिलाओं को जागरूक कर रही हैं।

सामान्य व्यवहार, पौष्टिक भोजन और भावनात्मक सहयोग से मरीज की जल्दी रिकवरी

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएल वर्मा बताते हैं कि टीबी से जुड़ा भेदभाव महिला और पुरुष दोनों को प्रभावित करता है, लेकिन महिलाओं का दायरा अक्सर परिवार तक सीमित होने से उनके लिए समय पर जांच और इलाज कराना अधिक कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी हाथ मिलाने, साथ बैठने या बर्तन साझा करने से नहीं, बल्कि खांसने-छींकने से फैलती है। इसलिए मरीज को मास्क पहनने, घर में हवा का आवागमन बनाए रखने और दवा नियमित लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सामान्य व्यवहार, पौष्टिक भोजन और भावनात्मक सहयोग मरीज की जल्दी रिकवरी में मदद करते हैं।

**जांच व उपचार दोनों निःशुल्क**

सीएमओ डॉ संजय कुमार ने कहा कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है और सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच व उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। इसलिए महिला मरीजों के प्रति परिवार और समाज को संवेदनशील सहयोग दिखाना बेहद जरूरी है।

# एसपी ने पुलिस कार्यालय परिसर का भ्रमण कर समस्त शाखाओं का किया निरीक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए जनसूचना कार्यालय, आयोग सेल, एसएमएसी सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, सम्मन सेल, एलआईयू शाखा, रिट सेल, पासपोर्ट सेल, मॉनीटरिंग सेल, महिला सहायता प्रकोष्ठ, मीडिया सेल, सीसीटीएनएस सेल, आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, परिवार परामर्श केन्द्र, वाचक एवं प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक/लेखा शाखा, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर/ग्रामीण) कार्यालय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, एएचटी थाना, एसजेपीयू, डीसीआरबी, त्रिनेत्र सेल, चुनाव सेल, फीडबैक सेल आदि का निरीक्षण किया ।एसपी ने निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सही रख-रखाव, पत्रावलियों को समय से अपडेट करने, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, डाटा को नियमित अपडेट रखने तथा कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित रखने, अनुपयोगी अभिलेखों को नियमानुसार हटाने, कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने तथा कंप्यूटर व अन्य उपकरणों की देखरेख हेतु निर्देशित किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-मनिकापुर विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना** **दिनांक- 8-4-2026-027**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनिकापुर की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 10-4-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-11-4-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**नीरज**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत मनिकापुर**

**लक्ष्मी नरायन**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**वि.ख. विशेश्वरगंज**

## खबरें एक नजर में

### हीट वेव (लू) से बचाव व उससे उत्पन्न संभावित आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन के लिए आयोजित की गई बैठक



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में हीट वेव (लू) से बचाव एवं उससे उत्पन्न संभावित आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित पंचायत विभाग, जल निगम विभाग ग्रामीण एंव शहरी, नलकूप विभाग, सिंचाई विभाग, अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि मंडी परिषद, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य एंव रसद विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका/नगर पंचायत, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग व अन्य विभागों के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि हीट वेव के दृष्टिगत सभी संबंधित विभाग सतर्कता बरतें तथा आमजन को लू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि अस्पतालों में आवश्यक ओ0आर0एस0, दवाइयों, पेयजल एवं बेड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर निकायों एवं पंचायत विभाग को सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा छायादार स्थलों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पानी एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए। शिक्षा विभाग को विद्यालयों में बच्चों को हीट वेव से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करने तथा अत्यधिक गर्मी की स्थिति में समय परिवर्तन पर विचार करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग को निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने तथा दोपहर के समय कार्य से बचाव हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही आमजन से अपील की गई कि अत्यधिक गर्मी के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें पर्याप्त पानी पिएं एवं धूप से बचाव के उपाय अपनाएं। बैठक में बाढ़ से संबंधित तैयारियों, तटबंधों की नियमित निगरानी एवं मरम्मत कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए, बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि हीट वेव से संबंधित सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, समस्त उप जिलाधिकारीगण, समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारगण, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव तथा सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### संतोष श्रीवास्तव ने भौतिकी विषय में प्राप्त की पीएच.डी. उपाधि

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के भौतिकी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर संतोष कुमार श्रीवास्तव ने 'इंपैक्ट ऑफ़ पी टाइप सिलिकॉन ऑन परफॉर्मेंस एंड स्टेबिलिटी ऑफ थर्ड जनरेशन सोलर सेल'' टॉपिक पर अपना शोध कार्य शोध निर्देशक प्रो.जितेंद्र सिंह विभागाध्यक्ष भौतिकी के निर्देशन में पूर्ण किया । डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के सभा कक्ष में आयोजित वाइवा परीक्षा में उन्हें पीएच.डी की उपाधि प्रदान करने की संस्तुति की गई । इस अवसर पर आयोजित ओपन वाइवा परीक्षा में परीक्षक के रूप में मदन मोहन मालवीय इंजीनियरंग विश्वविद्यालय गोरखपुर के प्रो डी के द्विवेदी सहित अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के विज्ञान संकाय के डीन प्रो एस एस मिश्रा, पूर्व मुख्यनियंता डॉ ओंकार पाठक , असिस्टेंट प्रो डॉ देव नारायण पांडेय , डॉ अवनीश कुमार मिश्र ,शोभित मौर्य तथा आशीष चौधरी , रामबचन , रोहित यादव सहित विश्वविद्यालय के उपाधि विभाग के अवनी कुमार दीक्षित उपस्थित रहे। शोध निर्देशक प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस शोध द्वारा सोलर सेल के निर्माण में *पी टाइप सिलिकॉन परत की थिकनेस एवं करियर डेंसिटी के प्रभाव* का विशेष रूप से अध्ययन किया गया तथा यह पाया गया की इस परत की थिकनेस एवं करियर डेंसिटी सोलर सेल की दक्षता एवं स्टेबिलिटी को काफी प्रभावित करती है।शोधकर्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया इस शोध से भविष्य की ऊर्जा कहे जाने वाले सौर ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा प्राप्त करने वाले सोलर सेल की दक्षता एवं स्टेबिलिटी को बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे सौर ऊर्जा का उपयोग अधिक दक्षता के साथ किया जा सकेगा तथा भारत जैसे विकासशील देश की ऊर्जा जरूरत को पूरा करने में यह तकनीक सहायक हो सकेगी।उन्होंने कहा कि इस शोध के दौरान प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ,शोध पर्यवेक्षक प्रो.जितेंद्र सिंह का अविस्मरणीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रिया राय रहीं। इस अवसर पर एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य और कानून से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिया राय ने कहा कि स्वास्थ्य का अर्थ केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना नहीं है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहना अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति तब तक संभव नहीं है, जब तक उस समाज की महिलाएं स्वस्थ नहीं होंगी। उन्होंने बेटा और बेटी में भेदभाव समाप्त करने की अपील करते हुए पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी दी और कहा कि भ्रूण लिंग जांच करना और करवाना दोनों ही कानूनन अपराध है। उन्होंने एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से अपील की कि यदि कहीं भी इस प्रकार की गतिविधि की जानकारी मिले तो उसे संबंधित अधिकारियों तक अवश्य पहुंचाएं और लोगों को इसके प्रति जागरूक करें। संगोष्ठी में गैर संचारी रोग कार्यक्रम के प्रभारी डॉ परितोष तिवारी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह तथा हृदय रोग जैसे रोगों के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर जांच और उचित परामर्श से इन बीमारियों का प्रभावी उपचार संभव है और गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि जनपद में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और भविष्य में बेटियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांतियों से दूर रहें और अपनी बेटियों को इस टीके का लाभ दिलाएं। कार्यक्रम के दौरान प्रिया राय ने स्माइल ट्रेन संस्था की ओर से लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भी किया। इस शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात दोषों जैसे कटे होंठ और मुड़े पैर, दिल में छेद आदि से प्रभावित बच्चों के उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने तथा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।



# सरयू नदी का सैकड़ों लोगों ने साफ-सफाई का किया कार्य



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** माँ सरयू नदी पुनरोद्धार समिति के तत्वाधान में शहर की पौराणिक सरयू नदी की सफाई, घाट के सौंदर्यीकरण एवं झिंगहाघाट का नाम बदलकर सरयू घाट किए जाने की माँग को लेकर झिंगहाघाट स्थित सरयू नदी के तट पर सैकड़ों की संख्या में जिले के आम नागरिक मौजूद रहे। जिला संयोजक के नेतृत्व में सैकडों लोगों ने मां सरयू की आरती उतारी और उस पर जमा सिल्ट एवं सरयू नदी की साफ सफाई का कार्य संस्था के स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। जिला संयोजक धनञ्जय सिंह ने बताया कि इस स्थान पर विभिन्न पर्व एवं त्योहारों पर आयोजित मेले के दौरान तमाम हिन्दू धर्मावलंबियों का जमावड़ा होता है। कहा कि कुछ स्थानों पर घाट बने है जहां श्रद्धालु पर्वो पर स्नान करते हैं। विगत वर्षो से पवित्र सरयू नदी की साफ सफाई एवं निर्बाध जल बहाव हेतु कोई कार्य नहीं हुआ है तथा अनेक स्थानों पर इसमें मिलों एवं नगरों के गन्दे और दूषित जल के नालों के मुहाने खुले हुए हैं जिस कारण सरयू नदी पूरी तरह से दूषित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नदी के अधिकांश भाग सिल्ट,जलकुंभी आदि से पट गई है तथा सेवार इत्यादि आ गये हैं जिसके चलते नदी का बहाव निरन्तर नहीं होने से नदी नाले में तब्दील हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए समिति ने यह तय किया है कि सप्ताहवार स्वयंसेवक यहां की साफ-सफाई करेंगे और इस स्थान के पुनरोद्धार हेतु आन्दोलन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके निकट स्थित कृषि योग्य भूमि वर्षाकाल में जलमग्न रहती है एवं कृषकों की फसल की उपज गम्भीर रूप से प्रभावित होती है। आयोजकों ने संकल्प लिया और शासन एवं जिला प्रशासन से मांग की कि सरयू घाट में गिर रहे नालों के मुहाने पर जल शोधन यंत्र लगवाया जाए, जीवन दायिनी सरयू नदी की साफ सफाई एवं जल बहाव की निरंतरता हेतु नदी में जमे सिल्ट को हटाने का कार्य कराया जाए। इस अवसर पर समिति के संयोजक धनञ्जय सिंह एडवोकेट , आरएसएस के जिला प्रचारक अजय,अरविंद सेंगर, रामकिशोर गुप्ता ,आयुष जायसवाल, सूर्य प्रताप सिंह, हेमा निगम ,रंजीता वाल्मीकि,बेबी श्रीवास्तव,किरन मिश्रा, विपिन जिला प्रचार प्रमुख, चंद्रिका प्रसाद गुप्ता,पंकज केवट, सुनील पाल साइको की संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया संगठन की विचारधारा का स्मरण, वरिष्ठ नेता सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।**

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को मण्डल श्रीदत्तगंज के शक्तिकेंद्र विशंभरपुर अंतर्गत बूथ संख्या 314 खरदौरी में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पलटूराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर की गई। इस अवसर पर विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के स्थापना काल, विचारधारा और संगठन के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज जिस मुकाम पर पहुंची है, वह कार्यकर्ताओं के समर्पण और त्याग का परिणाम है। इस अवसर पर जनसंघ काल से पार्टी से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता देशराज वर्मा को विधायक द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके दीर्घकालीन योगदान और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें ओमप्रकाश विगुनायत (जिला प्रतिनिधि), प्रभात सिंह (मंडल अध्यक्ष), हरीश (बूथ अध्यक्ष खरदौरी), सुभाष वर्मा (मंडल महामंत्री), अनिल वर्मा (मंडल उपाध्यक्ष), विनोद गौतम (वरिष्ठ भाजपा नेता), विश्वनाथ वनी (सेक्टर संयोजक), सचिन सिंह रिंकू (सेक्टर संयोजक), अनंत राम यादव (मंडल मंत्री), सलमान खान (अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष) तथा शाहिद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी को और मजबूत बनाने तथा जन-जन तक उसकी नीतियों और योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-दिगित पुरवा विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना** **दिनांक- 8-4-2026-027**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दिगित पुरवा की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 10-4-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-11-4-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**नीतू देवी**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत दिगित पुरवा**

**लक्ष्मी नरायन**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**वि.ख. विशेश्वरगंज**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-राजापुर गिरन्ट विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना** **दिनांक- 8-4-2026-027**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजापुर गिरन्ट की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 10-4-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-11-4-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**गीता सिंह**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत राजापुर गिरन्ट**

**लक्ष्मी नरायन**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**वि.ख. विशेश्वरगंज**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-गांगूदेवर विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना** **दिनांक- 8-4-2026-027**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गांगूदेवर की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 10-4-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-11-4-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**विकास सिंह**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत गांगूदेवर**

**लक्ष्मी नरायन**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**वि.ख. विशेश्वरगंज**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-जैसौरा विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना** **दिनांक- 8-4-2026-027**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जैसौरा की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 10-4-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-11-4-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा,

**कुसुमा देवी**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत जैसौरा**

**लक्ष्मी नरायन**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**वि.ख. विशेश्वरगंज**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गंगवल विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना** **दिनांक- 8-4-2026-027**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गंगवल की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 9-4-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-10-4-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सबीना**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत गंगवल**

**लक्ष्मी नरायन**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**वि.ख. विशेश्वरगंज**

# अखिलेश को पोस्टर में रहमान डकैत दिखाने पर भड़के सपाई

## सड़क पर उतरे, पोस्टर फाड़े

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी में अखिलेश यादव के खिलाफ लगी होर्डिंग्स के विरोध में मंगलवार दोपहर सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। पोस्टर फाड़ डाले और सरकार के खिलाफनारेबाजी की। सपाइयों ने कहा सत्ता पक्ष के लोग इस तरह के होर्डिंग्स लगाकर हमारे नेता का अपमान कर रहे हैं। इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये होर्डिंग्स 'यूथ अगेंस्ट माफिया' नाम की संस्था ने लखनऊ, जौनपुर, अमेठी समेत 10 जिलों में लगवाए हैं। इसकी तस्वीरें मंगलवार सुबह सामने आई। इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। होर्डिंग में अखिलेश को फिल्म धुरंधर के विलेन रहमान



डकैत की तरह दिखाया गया है। नीचे लिखा है- अखिलेश का ल्यारी राज। इसके नीचे उनके शासनकाल के दौरान हुए मुजफ्फरनगर, शामली के दंगों की खबरों की कटिंग लगी है। होर्डिंग में एक तरफ कन्या पूजन करते योगी की तस्वीर लगी है। नीचे लिखा है- धुरंधर सीएम। इसके नीचे माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी पर एक्शन की कटिंग लगी है। होर्डिंग के जरिए पूछा गया है- आपको क्या चाहिए? समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार शुक्ला ने कहा ये होर्डिंग सस्ती लोकप्रियता पाने की साजिश है। लोकप्रियता ऐसे नहीं मिलती, इसके लिए समाज में रहकर काम करना पड़ता है। हमारे नेता अखिलेश यादव जन-जन तक पहुंचे और लोगों के दुख-दर्द में शामिल हुए। होर्डिंग लगाने वाले कह रहे हैं कि वे जेन-जी को जागरूक कर रहे हैं। तो बताएं कि उन्होंने क्या बेहतर काम किया है? मौजूदा सरकार में सबसे ज्यादा बलात्कार हुए हैं। अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। अखिलेश यादव उसके सुप्रीमो हैं। जिस तरह लखनऊ यूनिवर्सिटी गेट के सामने होर्डिंग लगाई गई, वह बेहद शर्मनाक है। अगर ये लोग नहीं माने, तो क्रिया की प्रतिक्रिया होगी। हम भी पूरे शहर में होर्डिंग लगाने का काम करेंगे। शिव प्रकाश यादव ने कहा जिस तरह से हमारे नेता का अपमान किया गया, उसे माफ नहीं किया जाएगा। 2027 के चुनाव में जनता भाजपा सरकार को उखाड़कर फेंक देगी। हम लोग इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बीजेपी के लोग अगर नहीं सुधरेंगे, तो हम पूरे लखनऊ में होर्डिंग लगा देंगे। होर्डिंग में एक तरफसपा शासन को दंगे, अराजकता और माफियाराज से जोड़कर दिखाया गया है। लाल टोपी, काला चश्मा लगाए अखिलेश की एडिट की हुई तस्वीर लगी है। इसमें अखिलेश रहमान डकैत की तरह दिखाए गए हैं। उनकी तस्वीर के नीचे 2012 से 2017 के बीच के सपा शासनकाल के अपराधों की घटनाओं का जिक्र किया गया है। फिल्म धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना ने निभाई है। रहमान डकैत पाकिस्तान के कराची में ल्यारी नाम के इलाके का डॉन था। वहीं, सीएम योगी की सरकार में माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में बताया गया है।

# इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एआई समिट

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 7 अप्रैल को संपर्क फाउंडेशन द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और महानिदेशक बेसिक शिक्षा मोनिका रानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समिट के दौरान शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग और उसके प्रभाव को लेकर अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें आधुनिक तकनीक के जरिए पढ़ाई को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों जैसे आईआईएम लखनऊ, आईआईटी कानपुर और आईआईटी के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इन




**देशभर के एक्सपर्ट ने शेयर किए अनुभव**

विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे एआई की मदद से बच्चों के पठन-पाठन को अधिक इंटैक्टिव और प्रभावी बनाया जा सकता है। महानिदेशक बेसिक शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि समिट में प्रदेश के सभी बीएसए और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही अन्य राज्यों के शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि अब समय एआई का है और इसके जरिए शिक्षक हर बच्चे की अलग-अलग क्षमता का आकलन कर सकते हैं। इसी आधार पर उन्हें बेहतर और व्यक्तिगत शिक्षा दी जा सकती है। खेल-खेल में सीखने की अवधारणा को भी एआई के जरिए मजबूत किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई बच्चों के लिए अधिक आसान और रोचक बन सके।

संपर्क फाउंडेशन द्वारा वर्तमान में प्रदेश के 10 जिलों के करीब 4100 विद्यालयों में डिजिटल क्लासेस के माध्यम से काम किया जा रहा है। इसके अलावा कई गैर-सरकारी संगठनों के साथ नॉन-फाइनेंशियल एग्रीमेंट के जरिए भी शिक्षा क्षेत्र में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### नौकरी का झांसा देकर देह व्यापार में धकेलने की कोशिश, चलती बोलेरो से कूदकर भागी महिला

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में महिला को नौकरी के बहाने बुलाकर देह व्यापार में धकेलने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का कहना है अपनी दोस्त के साथ नौकरी तलाश रही थी। उसकी मुलाकात 50 साल की महिला से हुई। जिसने नौकरी का झांसा देकर मिलने बुलाया। इसके बाद स्पा सेंटर में काम करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। खरिका तेलीबाग निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीड़िता तीन बच्चों की सिंगल मदर है और काम की तलाश में दर-दर भटक रही थी। 3 फरवरी 2025 की सुबह वह अपनी दोस्त के साथ आईटी कॉलेज से विकास नगर इलाके में नौकरी और किराए के कमरे की तलाश कर रही थी। इस दौरान एक पान की दुकान पर पूछताछ करने पर वहां मौजूद एक व्यक्ति ने उसे विकास नगर भेजा। जहां प्रमोदिनी गौतम नाम की महिला से मिलने को कहा। बताए गए पते पर पहुंचने पर पीड़िता की मुलाकात करीब 50 साल की महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति से हुई। महिला ने अपना नाम प्रमोदिनी गौतम बताया और शाम 6रू30 बजे कृष्णा नगर पुलिस चौकी के पास मिलने को कहा। इस दौरान वहां मौजूद अन्य महिलाओं ने पीड़िता और उसकी सहेली की फोटो और वीडियो भी बना लिया। शाम को तय समय पर जब पीड़िता अपनी दोस्त के साथ कृष्णा नगर पुलिस चौकी के पास पहुंची तो कुछ देर बाद एक बोलेरो गाड़ी आकर रुकी। आरोप है कि उसमें मौजूद प्रमोदिनी गौतम और अन्य लोगों ने जबरदस्ती दोनों को गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद उनसे कहा गया कि उन्हें मसाज पार्लर में स्पेशल सर्विस देनी होगी। जिसके बदले 5000 रुपए प्रति ग्राहक मिलेंगे। इस पर पीड़िता और उसकी दोस्त ने इस काम से साफ इनकार किया और रोते हुए छोड़ने की गुहार लगाई। आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान किसी तरह गाड़ी का दरवाजा खुलने पर दोनों ने चलती गाड़ी से कूदकर जान बचाई। मौके पर भीड़ जुटने लगी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने 112 पर कॉल किया लेकिन मदद नहीं मिल सकी। अगले दिन कृष्णानगर थाने पहुंचकर शिकायत की लेकिन वहां भी उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उच्च अधिकारियों से मिलने पर भी कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट में केस फाइल कर दिया। सोमवार को कोर्ट के आदेश पर कृष्णा नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में इंस्पेक्टर कृष्णनगर का कहना है साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

### सुबह सड़क किनारे एक युवक का मिला शव, दोस्तों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिला। उसकी पहचान 22 साल के रैंकिश के रूप में हुई। वह निगोहां थाना क्षेत्र के नंदौली गांव का रहने वाला था। करीब 12 घंटे से लापता था। उसके परिजनों ने दोस्तों पर हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया है। घटना निगोहां थाना क्षेत्र में निगोहां गांव स्थित गैस गोदाम के पास बाबू खेड़ा रोड की है। घटना स्थल से मृतक के घर की दूरी करीब 6 किलोमीटर है। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मामले की सभी एंगल से जांच कर रही है। मृतक के बड़े भाई लवकुश ने बताया रैंकिश सोमवार सुबह ब्रह्मदासपुर के राजमिस्त्री नंदकिशोर और रामराज के साथ घर बनाने लखनऊ शहर गया था। देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा। उसके मोबाइल नंबर नंबर पर कॉल की गई तो नंबर नहीं लगा। उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे गांव के लोगों ने सूचना दी कि निगोहां गांव स्थित गैस गोदाम के पास बाबू खेड़ा रोड पर एक युवक का शव मिला है। सूचना पर हम लोग मौके पर पहुंचे। शव रैंकिश का मिला। तब तक पुलिस भी पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। पुलिस के मुताबिक, रैंकिश सोमवार सुबह पैदल ही घर से निकला था। शाम को अपने साथियों के साथ काम करके लौटा। रास्ते में सभी ने दारू पार्टी की। रैंकिश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उसका मोबाइल नहीं मिला है। सर्विलांस की मदद ली जा रही है। भाई लवकुश ने आरोप लगाया कि रैंकिश की उसके दोस्तों ने ही हत्या की है। हत्या करके शव को सड़क के किनारे फेंक दिया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं।

### बस ने मारी बाइक को टक्कर, किसान की मौत

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के कूड़ा चौराहा के पास 6 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस ने एक बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो शख्स घायल हो गए। इलाज के लिए उनको अस्पताल ले जाया गया। जहां एक किसान ने दम तोड़ दिया। वहीं एक की हालत गंभीर है।

# कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारत की तकनीकी उत्कृष्टता का प्रतीकः योगी आदित्यनाथ

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। मंगलवार को एक्स पर अंग्रेजी भाषा में किए गए पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने कहा, भारत परमाणु शक्ति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। अपने विशाल थोरियम भंडार का उपयोग करके, भारत ऊर्जा क्षेत्र में वर्चस्व और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है। आदित्यनाथ ने पोस्ट में कहा,



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साहसिक और दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित, यह उपलब्धि ऊर्जा क्षेत्र के वैश्विक अगुआ के रूप में भारत के उदय को मजबूत करती है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हमारे समर्पित वैज्ञानिकों और अभियंताओं को बधाई। उप्र के मुख्यमंत्री ने पोस्ट पर एक आधिकारिक बयान भी साझा किया। इस बयान में कहा गया है कि भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत कलपक्कम स्थित 500 मेगावाट प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) ने छह अप्रैल (सोमवार) को सफलतापूर्वक पहली क्रिटिकैलिटी हासिल कर ली। किसी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रिटिकैलिटी का मतलब नियंत्रित परमाणु विखंडन श्रृंखला प्रतिक्रिया की उस अवस्था से है जब रिएक्टर स्वचालित रूप से ऊर्जा उत्पन्न करने लगता है और वह भी पूरी तरह से नियंत्रित और सुरक्षित तरीके से। इस रिएक्टर का प्रौद्योगिकी विकास और डिजाइन स्वदेशी रूप से इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा किया गया था, जो परमाणु ऊर्जा विभाग का एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र है। इसका निर्माण और संचालन भारतीय परमाणु विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा किया गया जो परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।

# अवैध प्लाटिंग तोड़ने पहुंचे अफसरों का घेराव

## एलडीए टीम से हुई तीखी नोंकझोंक



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी के बीकेटी थाना क्षेत्र के बिकामऊ गांव में मंगलवार को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। परिवर्तन जोन-4 की टीम अवैध प्लाटिंग ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान एलडीए की जेसीबी ने दो अवैध प्लाटिंग में तोड़फोड़ की। इसी बीच बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने रिंग रोड स्थित चौराहे पर प्राधिकरण टीम का घेराव कर नारेबाजी की। एलडीए के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि सुरेंद्र सिंह, अशोक शर्मा, केपी सिंह, आशीष सिंह, राम प्रकाश सिंह, कमला समेत कई लोग बिना मानचित्र पास करवाए निर्माण करवा लिया था। इसको लेकर उन्हें कई बार नोटिस भी जारी किया गया था।

# इं. एन.डी. द्विवेदी की ऐतिहासिक जीत पर राजधानी में भव्य स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** 1968 में अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के गठन के 58 वर्ष के इतिहास में लोक निर्माण विभाग उ.प्र. से पहली बार इं. एन.डी. द्विवेदी बहुमत के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद शताब्दी एक्सप्रेस से ऐतिहासिक जीत दर्ज कराकर राजधानी पहुंचे श्री द्विवेदी का उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष इं.एच.एन. मिश्रा के नेतृत्व में डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के चौबीस घटक संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रेलवे स्टेशन से लेकर महासंघ कार्यालय तक फूल मालाए और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। महासंघ कार्यालय में मिष्ठान वितरण किया गया। इसके उपरान्त ऐतिहासिक जुलूस डिप्लोमा इंजीनियर्स भवन लोक निर्माण विभाग पहुंचा जहॉ पर उनका गदा देकर सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन भारत के राज्यों केन्द्रीय विभागों में कार्यरत 04 लाख से अधिक डिप्लोमा इंजीनियर्स का प्रतिनिधित्व करता है। इसका नेतृत्व पहली बार उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ को मिला है। अपने स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने कहा कि अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की गरिमा को बनाए रखने तथा संवर्ग का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बनाए रखने के साथ ही तकनीकी आयोग के गठन, पूरे देश में एक समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष जारी रहेगा। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महासंघ इं. भानू प्रताप निरंजन, निर्माण निर्माण से इं. सत्यपाल, महासचिव इं. तुलसीराम, आवास विकास परिषद से इं. प्रवेश कुमार गौड़, लघु सिंचाई के इं. अरूण कुमार, जल निगम से अध्यक्ष इं. विकास मिश्र, महासचिव इं. पवन पाण्डेय, लेखपाल संघ से सुजीत कुमार, समाज कल्याण से पी. मिश्रा, इं. दिवाकर राय, जिलाध्यक्ष अमिता त्रिपाठी, धर्मेन्द्र सिंह, विवेक यादव, जितेन्द्र कुमार, इं. श्रवण कुमार यादव, इं. सुनील पाण्डेय,इं. विनोद कुमार,इं. सुनील पाल, इं. माता प्रसाद, इं. पवन तिवारी, इं. मनोज कुमार श्रीवास्तव, इं. राजकरण पटेल, इं. रविन्द्र श्रीवास्तव, इं. वीरेन्द्र दुबे, इं. संजय कुमार, इं. मुबीन इदरीस, इं. ओ.पी. यादव, इं. श्रीप्रकाश गुप्ता सेतु निगम, इं. राजीव श्रीवास्तव, सहित कई अभियंताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन इं. राजर्षि त्रिपाठी ने किया।

# दो महीने में दूसरी बार आत्महत्या करने पहुंची महिला, लोकभवन के बाहर पुलिस ने पकड़ा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी में एक महिला ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। मौके पर तैनात आत्मदाह दस्ते ने महिला को आग लगाने से पहले ही काबू में कर लिया। घटना मंगलवार दोपहर हजरतगंज स्थित लोकभवन के गेट पर हुई। महीने ने इससे पहले 27 फरवरी को भी आत्महत्या का प्रयास किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला अचानक लोकभवन के गेट के पास पहुंची। अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। इससे पहले कि वह आग लगा पाती, ड्यूटी पर मौजूद



पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। उसे थाने ले गए। आत्मदाह निरोधक दस्ता ने महिला को खुद को आग लगाने से पहले ही पकड़ लिया। महिला की पहचान संध्या सिंह के रूप में हुई है। वह मानकनगर के न्यू श्रीनगर की रहने वाली है। संध्या का मानक नगर क्षेत्र में जमीनी विवाद चल रहा है। संध्या ने बताया कि उनके मकान संख्या 559 ख/365 से संबंधित भूमि का रकबा 2 बिस्वा है। इसकी पैमाइश भी कराई गई थी, लेकिन घनी आबादी होने के कारण जमीन को मौके पर स्पष्ट रूप से चिह्नित नहीं किया जा सका। लेखपाल ने बताया कि उनकी भूमि का रकबा कम है और बगल के रहने वाले इकबाल सिंह ने उनके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया है। संध्या ने इकबाल सिंह से बात की तो वह झगड़े पर आमादा हो गया। गाली-गलौज की। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इससे संध्या और उनका परिवार भयभीत है। पीड़िता संध्या सिंह ने कहा-पड़ोसी ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। संध्या ने बताया जमीन की इंद्राज,इंतखाब में स्पष्ट रूप से 2 बिस्वा भूमि दर्ज है, जबकि मौके पर जमीन कम है। कई बार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया। सीएम की जनसुनवाई में भी गई। लेकिन, जमीन की दोबारा पैमाइश नहीं कराई गई।

# पीपीपी मॉडल पर रोडवेज के 49 बस स्टेशनों का द्वितीय चरण में होगा विकास



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में परिवहन निगम के तीन प्रस्तावों पर कैबिनेट ने सहमति प्रदान की। सार्वजनिक निजी सहभागिता पीपीपी पद्धति पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 49 बस स्टेशनों को विकसित करने के संबंध में प्रस्ताव पर सहमति प्राप्त हुई। इन बस स्टेशनों को डिबीएफओटी

**बुलंदशहर, बलरामपुर एवं हाथरस में बनेंगे नए बस स्टेशन : दयाशंकर**

मॉडल पर विकसित किया जाएगा। बुलंदशहर के नरौरा, जनपद बलरामपुर की तहसील तुलसीपुर में एवं हाथरस की तहसील सिकंद्राराऊ में बस स्टेशन निर्माण हेतु निःशुल्क भूमि, उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने अपनी सहमति प्रदान की है। परिवहन मंत्री ने बताया कि यूपीएसआरटीसी द्वारा पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जा रहे बस स्टेशनों के द्वितीय चरण में 49 बस स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। इन बस स्टेशनों पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर इत्यादि उपलब्ध होगी। निवेशकों की तकनीकी क्षमता की शर्त को 150 प्रतिशत से घटाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया है तथा पात्र परियोजनाओं में निवेशकों की अर्हता की समय सीमा 5 वर्ष से बढ़ाकर 8 वर्ष कर दी गई है। बनने वाले बस स्टेशनों पर फ्लोर एरिया रेशियो निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी प्रस्तावित स्थलों पर 2.5 के समान फ्लोर एरिया रेशियो एफएआर और ग्राउण्ड कवरेज की निःशुल्क अनुमति प्रदान की जाएगी। लीज अवधि समाप्त होने पर यदि विकास कर्ता स्वामित्व वापस नहीं करता है तो भूमि का स्वामित्व स्वतः ही परिवहन निगम को प्राप्त हो जाएगा।

### बीकेटी के पूर्व विधायक की शिकायत पर इंस्पेक्टर लाईन हाजिर

**समृद्धि न्यूज़, बख्शी का तालाब।** लखनऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत थाना- गुड़म्बा के प्रभारी निरीक्षक लगातार फर्जी मुकदमे में फंसाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे थे जिसके बाद दर्जन भर कार्यकर्ता बीजेपी के पूर्व तेज तर्रार विधायक अविनाश त्रिवेदी के घर पहुँच कर लगाई थी मदद की गुहार । जिसके बाद पूर्व विधायक ने अपने कार्यकर्ताओं को लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों से वार्ता की थी वही सफल वार्ता के बाद निष्पक्ष जांचकर स्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन भी मिला था उसी दिन देर शाम बीकेटी के पूर्व विधायक ने की थी।

**क्रूरता**

## रिटायर्ड फौजी ने कुत्ते को लाठी से पीटा

# सिर फटा, तड़प-तड़पकर बेहोश हुआ

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

इंदिरानगर क्षेत्र में एक कुत्ते को रिटायर्ड फौजी ने लाठी से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। रिटायर्ड फौजी ने कुत्ते के सिर पर जोर से वार किया जिससे उसका सिर फट गया। कुत्ता लगभग 5 मिनट तक तड़पड़ कर बेहोश हो गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, यह घटना 6 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे की है। वीडियो सामने आने के बाद ÷आसरा द हेल्पिंग हैंड÷ एनजीओ की संचालिका तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायल कुत्ते का इलाज करवाया। उन्होंने इंदिरा नगर थाने में तहरीर देकर आरोपी के



खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक कुत्ता आराम से बैठा हुआ है। तभी पीछे से एक रिटायर्ड फौजी हाथ में लाठी लेकर धीरे-धीरे उसके पास आता है और अचानक उसके सिर पर जोरदार वार कर देता है। एक ही वार में कुत्ता दर्द से तड़पने लगता है। यह देख आसपास के कई कुत्ते भौंकते हुए वहां इकट्ठा हो जाते हैं, लेकिन आरोपी यहीं नहीं रुकता और दोबारा उसके सिर पर हमला करता है। महज 8 सेकंड के भीतर करीब 4 बार वार किया जाता है, जिससे कुत्ते का सिर फट जाता है और वह वहीं छटपटाने लगता है। इस दौरान वहां से लोग आते-जाते रहते हैं, लेकिन कोई भी उसे बचाने की कोशिश नहीं करता। कुछ देर तक दर्द से तड़पने के बाद वह किसी तरह उठकर वहां से चला जाता है। एनजीओ संचालिका चारु खरे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया सूर्या सिटी, कोमल नगर, तकरोही निवासी रिटायर्ड फौजी ओ.पी मिश्रा ने एक कुत्ते को बेरहमी से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद इलाके में भारी आक्रोश है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी ने कुत्ते पर लाठी-डंडों से लगातार हमला किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी पहले भी कई बार इलाके में जानवरों के साथ क्रूरता कर चुका है, लेकिन इस बार घटना कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पशु प्रेमियों में आक्रोशित हो गए। आसरा द हेल्पिंग हैंड्स एनजीओ की अध्यक्षा चारु खरे ने इंदिरानगर थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# यूपी में शिक्षा विभाग चलाएगा विशेष अभियान

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रदेश भर में अमान्य विद्यालयों और नियम विरुद्ध चल रही निजी कोचिंग की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को परिषद के सचिव भगवती सिंह आदेश जारी कर सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआई ओएस), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) और खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को 18 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी निर्देश के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन और शिक्षकों के निजी कोचिंग संस्थानों में संलग्न होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। जबकि इसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, परिषद के विनियमों और कोचिंग नियमन से



**मान्यता न होने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान**

जुड़े नियमों का उल्लंघन माना गया है। परिषद ने स्पष्ट किया है कि बिना मान्यता विद्यालय चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में आर्थिक दंड सहित कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निजी कोचिंग में पढ़ाना भी नियमों के विरुद्ध है, जिस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिषद ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में कहा है कि शासन स्तर पर पहले ही जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जा चुकी है, जिसमें बीएसए और बीईओ सदस्य हैं। यह समिति अपने-अपने जनपदों में अमान्य विद्यालयों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। सचिव भगवती सिंह ने कहा कि अभियान के बाद सभी जनपदों को 30 अप्रैल 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट में अवैध विद्यालयों की संख्या, उनके खिलाफ की गई कार्रवाई, निजी कोचिंग में संलग्न शिक्षकों की संख्या और उनके विरुद्ध उठाए गए कदमों का विवरण देना अनिवार्य होगा।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग किशोरी को घर से जबरदस्ती पकड़ ले जाने की रिपोर्ट दर्ज, 17 मार्च की घटना में चार युवक नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** घर से नाबालिग बेटी को जबरदस्ती पकड़कर ले जाने के मामले में पीड़ित मां ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुट गई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके पडोस में गांव भरखिड़िया निवासी अरविन्द पुत्र राजेश्वर की ससुराल है। आरोप है कि बीती 17 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान अरविन्द व उसका चचेरा भाई मुकेश , सूरजपाल व पंकज उसके घर में घुस आए और उसकी बेटी को जबरदस्ती पकडकर ले गये। जानकारी होने पर जब वह उक्त लोगों के यहां बेटी को लेने पहुंची तो उक्त चारों उसके व साथ गए लोगों पर हमलावर हो गए। जान से मारने की धमकी देते हुए बेटी को वापस देने से इनकार करते हुए भगा दिया।

### भैंस चोरों को पकड़वाने की मांग, पीड़ित परिवार पहुंचे विधायक के पास

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** सुल्तानपुर में चार दिन पहले हुई भैंस चोरी के मामले में पुलिस अभी तक चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है। पीड़ित परिवार के सदस्य खुद अपने स्तर पर चोरों की तलाश कर रहे हैं। सोमवार को भैंस मालिक ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस से मिलकर कर मदद मांगी। विधायक ने इस संबंध में थाना प्रभारी से फोन पर बात की और घटना का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए। बता दें कि शनिवार की रात किसान श्रीराम की चौपाल पर बंधी दो भैंसों को अज्ञात चोर एक पिकअप वाहन से चुरा ले गए थे। चोरों नें उनकी चार में से दो भैंसों को खूंटे से खोला और गाड़ी में लाद लिया। आहट सुनकर श्रीराम ने चोरों को ललकारा, तो चोरों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद वे दोनों भैंसों को गाड़ी में लादकर गौहापुर की ओर फरार हो गए। श्रीराम ने ग्रामीणों के सहयोग से चोरों की गाड़ी का पीछा भी किया था। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि पुलिस गंभीरता से घटना की जांच कर रही है। एक-दो दिन में चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

### घर से नाबालिग बेटी को जबरन पकड़ ले जाने की चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** रात में घर में घुसकर चार लोगों द्वारा नाबालिग बेटी को जबरन पकड़ ले जाने के मामले में पीड़ित विधवा मां ने चार लोगों के खिलाफ अपहरण की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 26 मार्च को रात मे वह अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ घर पर सो रही थी। आरोप है रात करीब 11 बजे पिथनापुर गांव के हरिओम उर्फ मुल्ला पुत्र रामवीर , रामप्रवेश पुत्र करन सिंह , जेपी यादव पुत्र धर्मवीर व गुड्डू पुत्र लालाराम उसके घर मे घुस आये और जबरन उसकी बेटी को पकडकर चल दिये। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगो ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए कमरे मे बन्द कर बाहर से कुण्डी लगा दी और बेटी को लेकर चले गये। शोर गुल सुनकर परिवार के लोगो ने आकर कुण्डी खोली तब वह बाहर आयी और पुलिस को सूचना दी। उसकी लडकी का अभी तक कोई भी पता नही चला। पीड़ित मां ने बेटी के साथ अनहोनी घटना की आशंका जताई है।

### पीटते हुए गाड़ी में डाल ले जाने और घर में बंधक बनाए जाने की रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** चक्की प्लांट स्वामी को पेट्रोल पंप से पीटते हुए गाड़ी में डालकर ले जाने और घर में बंधक बनाकर पिटाई करने के मामले में पीड़ित की ओर से दो सगे भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव शेरापुर निवासी राम किशोर पुत्र जयराम वर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि चार अप्रैल दोपहर दो बजे गांव कुदका पुर स्थित अपने आटा चक्की प्लांट से मोटर साइकिल में पेट्रोल डलवाने गांव जन्यूरी स्थित पेट्रोल पम्प पर गया था। आरोप है कि पेट्रोल पम्प पर गांव ग्वार निवासी बब्लू व रिंकू पुत्र चन्द्रसेन व सन्टू पुत्र राम निवास व मोनू पुत्र बब्लू व जितेन्द्र पुत्र भैरो प्रसाद नाजायज असलहो व डण्डों , तमंचो के साथ गाड़ियों में आये। जो गालियां देते हुए हाथापाई करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने डण्डे व बेल्ट से बुरी तरह मारापीटा। और गाड़ी में डालकर पीटते हुए अपने गांव ग्वार तक ले गये। फिर अपने घर में बंद करके पीटा। जिससे वह बुरी तरह से चोटिल हो गया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद घटना की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत, डेढ़ माह बाद मृतक की पत्नी ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाइवे पर दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान डेढ़ माह बाद मौत हो जाने के बाद मृतक की पीड़ित पत्नी ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरदोई जनपद के शाहाबाद थाना क्षेत्र के गांव मझिला शिव नगरी निवासी नूरजहाँ परवीन पत्नी स्व यासीन मोहम्मद ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके पति यासीन मोहम्मद कानपुर रोड लखनऊ स्थित न्यू मल्होत्रा कंपनी के मालिक रामपाल सिंह मल्होत्रा का ट्रक चलाते थे। बीती 13 फरवरी को सुबह करीब छह वह ट्रक संख्या यूपी 32 डब्ल्यू एन 2265 को हरिद्वार से लेकर झांसी जा रहे थे। तिलहर में अधिशासी अभियंता कार्यालय पावर हाउस के सामने हाइवे पर पीछे से आ रहा 14 चक्का ट्रक संख्या पीबी 13 ए डब्ल्यू 9384 का चालक उसके पति के ट्रक को ओवरटेक कर आगे आ गया। उसके पति के ट्रक के आगे ऊचे ब्रेकर आ जाने के कारण उन्होंने अचानक ब्रेक मार दिया। जिससे उसके पति के ट्रक में टकराकर दुर्घटना हो गयी। और उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दो अप्रैल शाम साढ़े सात बजे मौत हो गई। पुलिस ने संबंधित तर्क चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रेत का टीला दरकने से ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी, दो बच्चों समेत चार लोग हुए घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नदी किनारे रेत का टीला दरक जाने के दौरान उधर से गुजर रही ट्रेक्टर ट्रॉली नदी के पेटे में पलट गई। जिससे ट्रेक्टर चालक के अलावा दो बच्चों समेत चार लोग ट्रॉली के नीचे दबकर घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में सीएचसी भेजा गया। जहां से तीन घायलों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मंगलवार को ग्राम जिकरीपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब रेत का टीला दरकने के चलते एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबे हुए 15 वर्षीय शेखर यादव ,13 वर्षीय बालिका यशवी , 30 वर्षीय ट्रैक्टर चालक वीरेश यादव तथा राम लड़ैते को बाहर निकाला। सभी घायलों को तिलहर सीएचसी में भिजवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद शेखर यादव , यशवी और वीरेश के पैर टूटने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक वीरेश यादव अपना ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर खेत पर गेहूं भरने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

### शुद्ध वायु सेवन करने से दिमाग को अधिक ऑक्सीजन प्राप्त होती है: स्वामी चिन्मयानंद



**शाहजहांपुर।** शुद्ध वायु सेवन करने से श्वसन प्रणाली मजबूत होती है जो हमें अधिक ऑक्सीजन और प्राण शक्ति प्रदान करती है। यह हमें निरोगी और सकारात्मक बनाता है। शुद्ध वायु सेवन करने से दिमाग को अधिक ऑक्सीजन प्राप्त होता है जो हमारी सोच और ध्यान क्षमता को बढ़ाता है। उक्त उदगार स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में सतत वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण के उद्घाटन के अवसर पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने व्यक्त किया। स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि अथर्ववेद में एक जगह लिखा है अपो वात औषधयः अर्थात वायु और जल पवित्र हैं और प्राकृतिक औषधियों के समान हैं, इसलिए इन्हें स्वच्छ और शुद्ध रखने के साथ ही साथ इसका सतत निगरानी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने कहा कि हवा की गुणवत्ता का असर न केवल आपके स्वास्थ्य पर बल्कि आपके जीवन के अन्य पहलुओं पर भी पड़ता है। आजकल प्रदूषित हवा हर जगह पाई जाती है। दरअसल, सवाल यह नहीं है कि आप प्रदूषित हवा के संपर्क में आएंगे या नहीं, बल्कि यह है कि आप अपने आप को कितनी प्रदूषित हवा के सेवन से बचा सकते हैं। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि यह उपकरण शाहजहांपुर जिले में प्रदूषण की स्थिति के निगरानी हेतु राज्य सरकार द्वारा मिले शोध अनुदान का हिस्सा है। डॉ सिंह ने बताया कि अभी तक जनपद में वायु गुणवत्ता के सतत निगरानी हेतु कोई प्रमाणित उपकरण नहीं था। यह उपकरण उन्नत सेंसर प्रणालियों पर आधारित है जो वायु की एक्यूआई, पीएम 2.5, पीएम 10, कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, ओजोन, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड सांद्रता का सटीक जानकारी देता है। इस अवसर पर डॉ जयशंकर ओझा, डॉ संदीप दीक्षित, डॉ अमित कुमार, डॉ चन्दन गिरि गोस्वामी, मंजीत कुमार, शशांक शेखर, रवि सिंह, सत्यपाल और धर्मेन्द्र उपस्थित रहे।

# 'तीसरी नजर में होंगी शाहजहांपुर की मंडियां'

- डीएम ने मंडियों के केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में चल रही गेंहू खरीद में पारदर्शिता बनाए रखने एवं बिचौलियों से किसानों का शोषण न हो, इसके लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ा रूख अपनाया है। उन्होंने जनपद में सभी मंडियों में स्थापित क्रय केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से खरीद कराने के निर्देश अधीनस्थों को दिए है। उन्होंने कहा कि आए दिन केंद्रों पर खरीद को लेकर शिकायतें आ रहीं हैं और केंद्र प्रभारियों द्वारा भी मनमानी की बात जनप्रतिनिधियों और किसानों से सुनने को मिल रही है। जिसको लेकर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि सभी गेंहू क्रय केंद्रों पर जल्द ही सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाएं और उसकी मानीटरिंग कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम से की जाए। जिससे गेंहू की खरीद एमएसपी पर हो और किसानों को इधर-उधर भटकना न पड़े।

### जिलाधिकारी ने दी केंद्र प्रभारी के निलंबन की संस्तुति



**शाहजहांपुर।** रोजा मंडी में गेंहू खरीद में धांधली पकड़े जाने के मामले में डीएम ने बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें उन्होंने क्रय केंद्र प्रभारी के निलंबन की संस्तुति दी है। बता दें कि रोजा मंडी में विधायक अरविंद सिंह द्वारा बीती रात गेंहू क्रय केंद्र पर खरीद में धांधली पकड़ी गयी थी। जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही डीएम को फोन करके पूरे घटना क्रम से अवगत कराया था। आनन फानन में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर संजय कुमार पांडेय और डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय समेत मंडी सचिव रिंकू कश्यप मौके पर पहुंचे थे। भाजपा विधायक का पारा चढ गया था और उन्होंने कहा हम जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं हमारा भी एक कर्तव्य हैं कि हम अपना काम करें। किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम ने मंगलवार को खाध एवं रसद आयुक्त को पत्र भेजकर रोजा मंडी में हुए पूरे मामले का जिक्र किया और केंद्र प्रभारी द्वारा किए गए कृत्य प्रशासन की छवि धूमिल हुई हैं। उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत विपणन निरीक्षण/ क्रय केंद्र प्रभारी त्रिपुरेश तिवारी को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही किए जाने की संस्तुति की है।

# मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन



- छात्रों को धनराशि, प्रमाण पत्र, शील्ड देकर किया गया पुरस्कृत

**शाहजहांपुर।** मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता गन्ना शोध परिषद में आयोजित हुई थी। जिसमें आर्य महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। यह प्रतियोगिता गृह विज्ञान विभाग की शिक्षिका सीता वर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने मिलेट्स कुकिंग प्रतियोगिता में दिखा मोटे अनाज का जायका रागी के लड्डू बर्फी सावा के चावल की खीर रागी और चिल्ला आदि व्यंजन बनाए थे। जिसमें 7 अप्रैल को आर्य महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य द्वारा उन छात्रों को धनराशि प्रमाण पत्र शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दैनिक आहार में पौष्टिक मोटे अनाज जैसे रागी बाजरा और कंगनी के उपयोग को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं के नाम सौम्या सिंह, पुष्पांजलि, तान्या तिवारी, रिचा कुशवाहा, नैंसी आदि रहे।

# प्रतिबंध ताक पर, धड़ल्ले से हो रही साठा धान की बुवाई



**शाहजहांपुर।** विकास खंड बंडा में सरकारी प्रतिबंध के बावजूद साठा धान की खेती जोरों पर जारी है। जल स्तर को होने वाले नुकसान के कारण सरकार ने इस पर रोक लगा रखी है, लेकिन क्षेत्र के ग्राम सरदारपुर, ददिउरी के बाद अब नवदिया बंकी, गहलुइया और बरीबरा में भी किसान इसकी पौध लगा रहे हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हल्का लेखपाल किसानों से प्रति एकड़ तीन से चार हजार रूपये तय करके साठा धान की पौध लगवा रहे हैं जबकि इस संबंध में गांव नवदिया बंकी के लेखपाल हेमंत कुमार ने बताया कि उन्होंने किसानों को साठा धान की पौध लगाने से मना किया है और प्रशासन को भी अवगत करा दिया है, फिर भी यदि उनके द्वारा नियमों की अवहेलना की जाएगी तो उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# विधायक में रोजा मंडी में की छापेमारी

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- खुले स्थान से 180 गेहूं से भरे सरकारी बोरे बरामद
- क्रय केंद्र प्रभारी पर लटकी निलंबन की तलबार, जांच शुरू



ददरौल से भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने सोमवार की देर शाम रोजा मंडी में रात में छापेमारी की। इस दौरान रोजा मंडी के अंदर एक आढ़त के पीछे खाली पड़े एक स्थान से तिरपाल से ढके 180 बोरे गेहूं बरामद किये हैं। आरोप है कि इन बोरों को सरकारी क्रय केंद्र पर रखने के बजाय गुप्त स्थान पर रखा गया था। उसी स्थान पर ही तौल कराई गई। जबकि दिन में अधिकारियों ने बारदाने नहीं होने का हवाला दिया था।

ददरौल विधानसभा से भाजपा विधायक अरविंद सिंह ने सोमवार की दोपहर रोजा मंडी में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बारदाने (खाली बोरे) नहीं होने की बात बताई थी। इसके बाद विधायक ने गोपनीय रूप से निगरानी कराई। रात के अंधेरे में उन्होंने रोजा मंडी में एक आढ़त के खाली पड़े एक स्थान से तिरपाल से ढके 180 बोरे गेहूं पाए। जिसके बाद उन्होंने छापा मारा। भाजपा विधयाक ने मंडी सचिव को फटकार लगाई। जांच रिपोर्ट में आढत का जिक्र नहीं करने पर भडके। विधायक ने कहा कि सचिव साहब नौकरी चली जाएगी। अगर आप सबके कमरे खुलवा दिए। कमरों में गेहूं की बोरे रखे मिलेंगे। विधायक की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल एडीएम प्रशासन अरविंद मिश्रा और एसडीएम सदर संजय कुमार को मौके पर भेजा। अधिकारियों के पहुंचने पर यह जानकारी जुटाई गई कि यह गेहूं किस क्रय केंद्र पर तौला गया था। पता चला कि इसे आरएफसी क्रय केंद्र पर तौला गया था। करीब एक घंटे बाद क्रय केंद्र प्रभारी त्रिपुरेश तिवारी मौके पर पहुंचे। क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि काश्तकार ने अपना गेहूं उस स्थान पर उतार दिया था, जिस कारण तौल वहीं करा ली गई। इस पर विधायक ने अधिकारियों से सवाल किया और कहा कि दिन में बारदाने की कमी का हवाला दिया गया था, तो रात में तौल कैसे हुई। उन्होंने माफियाओं के गेहूं की तौल करने और लंबे समय से इंतजार कर रहे किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

प्रशासन ने फिलहाल गेहूं को कब्जे में ले लिया है। एडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। वहीं एडीएम प्रशासन ने बताया कि केंद्र प्रभारी के निलंबन के आदेश विभाग को दे दिए गए हैं और जांच-पड़ताल की जा रही हैं।

# प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- शिक्षा चौपाल में निपुण लक्ष्य प्राप्ति पर जोर, मेधावी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक हुए सम्मानित




निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति तथा शिक्षा में जनमानस की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खंड भावलखेड़ा की न्याय पंचायत चौढ़ेरा में शिक्षा चौपाल का भव्य आयोजन प्राथमिक विद्यालय चौढ़ेरा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 3 से 9 वर्ष के बच्चों में समझ के साथ पढ़ने-लिखने एवं गणितीय कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय कुमार मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी सभी उपस्थितजनों ने सराहना की। चौपाल के दौरान न्याय पंचायत के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 में प्रत्येक विद्यालय से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि निपुण भारत मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने का सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज, अभिभावक और शिक्षक मिलकर प्रयास नहीं करेंगे, तब तक शत-प्रतिशत निपुणता का लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए उनकी समझ और व्यवहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान दें। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं घर पर अध्ययन के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। चौपाल का संचालन शिक्षक संकुल डॉ विमलेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गीता देवी, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष सुशीला देवी, एआरपी नितेंद्र शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, जूनियर हाई स्कूल शिक्षा संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार, शिक्षक संकुल डॉ. विमलेश त्रिपाठी, विचित्र अग्निहोत्री, पारुल सिंघल, नवनीत मिश्रा, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनुराधा अग्रवाल, शिमला सक्सेना, अंजू गुप्ता, वंदना रस्तोगी, प्रेक्षा अवस्थी, सचिन अवस्थी, शिव कुमार, कवित मिश्रा, ममता शर्मा, सरिता शर्मा, मनोरमा, माधुरी पाठक, दीपाली उप्रेती सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अभिभावकगण सुशीला देवी, माधुरी, लक्ष्मी, रामगुनी, मधु, पार्वती एवं मीना आदि की भी सक्रिय सहभागिता रही।

### ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र में सड़क हादसे का एक मामला सामने आया है, जिसमें अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव तिउलक निवासी कुसमा देवी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 5 अप्रैल को शाम करीब 3 बजे उनका बेटा दीपक बाइक से गैस भराने सिधौली एजेंसी जा रहा था। रास्ते में नियामतपुर पुल के पास अचानक उसके सिर से टोपी उड़ गई। दीपक बाइक रोककर टोपी उठाने लगा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात ट्रक चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# पुराने जिला अस्पताल को सिटी अस्पताल कराने की मांग

- सीनियर सिटीजन सोसायटी की मासिक बैठक नगर निगम सभागार में संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सीनियर सिटिजन सोसायटी की मासिक बैठक नगर निगम सभागार में उमेश चंद्र पाठक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से पुराने जिला अस्पताल को सिटी अस्पताल के रूप में प्रारंभ करने हेतु शासन से मांग की गई। कार्यक्रम में पधारी नवागत नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी का मात्रशक्ति द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह से जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सौम्या गुरुरानी ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नागरिक जनों के सहयोग से सर्वहितार्थ नगर निगम द्वारा संचालित सेवाओं का क्रियान्वयन करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। अंत में जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा सभी को आश्वासन दिलाया कि यदि पुराने जिला अस्पताल को शासन द्वारा सिटी अस्पताल के रूप में शीघ्र संचालित नहीं किया गया तो समिति धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। बैठक में सावित्री शर्मा, डॉ.रानी त्रिपाठी, गायत्री दीक्षित, रमन गुप्ता, रजनी सचदेवा, सुनीता त्रिपाठी, चरिता कुमारी, विनीता शर्मा, संतोष गुप्ता, पूनम मिश्रा, बृजरानी पांडेय, मीनू मिश्रा, गीता पांडेय, सरस्वती पाल, शशि मिश्रा, कमलजीत कौर, विनीता कुमारी, मीरा देवी। सरिता दीक्षित, अरुण दीक्षित, राम रक्षपाल, ओमकार मनीषी, प्रेम पाल सिंह सुशील कुमार गुप्ता, भगवती शरण पांडेय, सर्वेश कुमार मिश्रा, राजेश शुक्ला, राकेश शुक्ला, पवन सिंह, भूप सिंह, ओंकार नाथ शुक्ला, बाबू शाह, मो. आमिल खा, विनय सिंघल, श्रीराम वर्मा, डॉ. रामप्रकाश श्रीवास्तव, जगत राम वर्मा, ऋषिकांत त्रिपाठी, नरेंद्र सेठ, अनिल दीक्षित, सदानंद, प्रदीप मिश्रा, रवि शर्मा, हर प्रसाद पांडेय, भूप सिंह आदि ने प्रतिभाग किया।

### एसडीएम के डिजिटल साइन की डीएससी चोरी की नामजद रिपोर्ट दर्ज

- चार अप्रैल को भूलेख कार्यालय के कंप्यूटर से हुई थी डीएससी चोरी

**तिलहर - शाहजहांपुर।** तहसील के भूलेख कार्यालय कंप्यूटर से एसडीएम के डिजिटल साइन की डीएससी चोरी किए जाने के मामले में कंप्यूटर ऑपरेट धर्मेन्द्र मौर्य ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कम्प्यूटर ऑपरेटर धर्मेंद्र मौर्य ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती चार अप्रैल को वह कार्यालय अपरान्ह साढ़े चार बजे तहसीलदार साहब के कार्यालय गया। कुछ देर बाद लौटकर आया तो कंप्यूटर के सीपीयू में लगी डीएससी गायब थी। उसने कार्यालय के लोगो से जानकारी की तो डीएससी का पता नहीं चला। अगले दिन रविवार की छुट्टी थी। वह डीएससी खोजने का प्रयास करता रहा। छह अप्रैल को वह कार्यालय पहुंचा और अपने जानने वाले लोगो से उक्त डीएससी की बाबत चर्चा की। तो अधिवक्ता रुद्रप्रताप सिंह ने बताया कि उनके सामने डीएससी राजवीर सिंह यादव पुत्र सत्यवीर सिंह यादव ने निकाली है। डीएससी चोरी हो जाने की एसडीएम साहब को जानकारी दी और राजवीर सिंह यादव को बुलाकर डीएससी की जानकारी की तो उन्होंने डीएससी निकालने से साफ इनकार कर दिया। डीएससी के दुरुपयोग किए जाने की आशंका के चलते राजवीर सिंह यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# राजीव बने आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी



**बण्डा, शाहजहांपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने संगठन की मजबूती के लिए शाहजहाँपुर जिले में नई जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा के निर्देशानुसार, प्राथमिक विद्यालय बरगदा के शिक्षक राजीव सिंह यादव को संगठन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। पत्र के अनुसार, प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार पाण्डेय ने मनोनयन-पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि राजीव सिंह यादव को उनके समर्पण और कार्यकुशलता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। संगठन को उम्मीद है कि नवनियुक्त जिला प्रभारी राजीव सिंह यादव पूरी निष्ठा के साथ शिक्षा मित्रों के हित में अपना अमूल्य योगदान देंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उनकी नियुक्ति पर प्रभनारायण सिंह, नीरज यादव, अनूप सिंह, गजेंद्र यादव, बबलेश कुमार, रुचि यादव, अखिलेश वर्मा, रामकुमार, अनिल यादव, वासुदेव, वंदना शर्मा, आरती गुप्ता सहित कई शिक्षा मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# विश्व स्तर पर रेडक्रॉस का चिन्ह मानव स्वास्थ्य की पहचान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जोहरी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, बीमारियों की रोकथाम करना और दुनिया के लोगों के स्वास्थ्य स्तर को ऊँचा करना था। इसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग, महामारी नियंत्रण और सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने की आवश्यकता के कारण किया गया था। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रेड क्रॉस का मुख्य दृष्टिकोण स्वास्थ्य को एक मौलिक मानवाधिकार के रूप में स्थापित करना है, जहां हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य देखभाल मिलनी चाहिए। रेड क्रॉस मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार के सिद्धांत का समर्थन करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन, पानी और आपातकालीन स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं। डॉ. विजय जोहरी ने बताया की रेडक्रॉस का जन्म युद्ध के मैदान में घायल सैनिको की सेवा के साथ 1863 में स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा में हुआ था। विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना भी जेनेवा में ही हुई थी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आबू पर्वत राजस्थान की स्थानीय शाखा शाहजहांपुर की क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारी बहन चरिता दीदी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रेड क्रॉस की सोच का मूल आधार मानवता के पक्ष में है, जो बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य और गरिमा सुनिश्चित करता है। रेड क्रॉस का मानना है कि स्वास्थ्य एक मौलिक मानवाधिकार है, जिसे युद्ध, आपदाओं या गरीबी के दौरान भी संरक्षित किया जाना चाहिए। गोष्ठी में ब्रह्माकुमारी बहन चरिता दीदी, ब्रह्माकुमारी बहन विनीता दीदी तथा मीनू मिश्रा, बालकृष्ण पांडे, बृजेश गुप्ता, हर्षित मिश्रा, सादिक हुसैन, सुबोध, राममिलन भूरे, रवि कुसुम, प्रेमादेवी, अनुज जोहरी, अग्रज जोहरी, अवनीश सक्सेना आदि मौजूद थे। अंत में रेड क्रॉस सचिव ने सभी का आभार प्रकट करते हुए मानव सेवा में सभी से सहयोगी भूमिका की अपेक्षा की।

## खबरें एक नजर में

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राजकीय बाल सुधार गृह में योग शिविर आयोजित



**शाहजहांपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा राजकीय बाल सुधार गृह में विशेष योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन योग प्रभारी अधिकारी मृदुल कुमार गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 35 बालकों ने सहभागिता की। योग प्रोटोकॉल के तहत बच्चों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया, जिससे उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक प्रणाली अधिकारी डॉ. सिराज अहमद अंसारी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। वहीं, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. शबीना नाज अंसारी ने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और योग को बेहतर स्वास्थ्य का आधार बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में योग सहायक राहुल, सुपरवाइजर संजीव कुमार, स्टाफ नर्स राम विनय यादव, आशीष कुमार, अमरेश कुमार वर्मा, पवन कुमार कटिहार, राहुल मिश्रा, पुनीत गुप्ता, रामदास, कृष्णपाल व समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### पति की सतायी हूं, इंसाफ चाहिए, डीएम और एसपी से मिली पीड़िता, विवेचना पुनः कराने की फरियाद




**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार के मुहल्ला सुभाष नगर निवासी राम विलास की पुत्री आरती वर्मा उर्फ सोनी मंगलवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से उनके दफ्तर में मिली और आप बीती ज्यादती की कहानी बयां की। अर्जी देकर बताया कि मेरे पिता ने मेरी शादी 2019 में थाना आरसी मिशन क्षेत्र के गांव चौढ़ेरा निवासी एक युवक से की थी। शादी में करीब दस लाख रुपया खर्च किया था। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुर पति और सास ने दो लाख रुपए और कार की मांग शुरू कर दी। न देने पर दूसरी शादी की धमकी दी। मुझे पीट कर घर से निकाल दिया। पिटाई से उसके कान का पर्दा तक फट गया। उसे घर से निकाल दिया। मैंने आरसी मिशन थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। विवेचना दरोगा अंकुर पाल को दी गई। उन्होंने मुकदमे में अंकित उचित धाराएं हटाकर आरोपियों को क्लीन चिट दे दी। मैंने पति द्वारा मंदिर में रिंकी नाम की महिला से मुझे तलाक दिए बगैर दूसरी शादी कर ली। अब मैं बुजुर्ग पिता का बोझ बनकर उनके पास रह रही हूं। मैं चाहती हूं कि मेरे मुकदमें की फिर से विवेचना करायी जाए और मुझे इंसाफ दिया जाए। दोनों अधिकारियों ने आरती को भरोसा दिया कि इसकी जांच कराकर इंसाफ दिलाया जाए।

### गेहूं कटवाने के लिए घर से लेकर गए युवक की मिली लाश, मृतक की पत्नी ने गांव के ही युवक पर लगाया हत्या का आरोप



**बंडा, शाहजहांपुर।** गेहूं कटवाने के लिए घर से लेकर गए युवक की लाश गेहूं के ढेर के ऊपर मृत अवस्था में मिली, मृतक की पत्नी ने गेहूं कटवाने के लिए लेकर जाने वाले गांव के ही युवक के खिलाफ साजिशन हत्या कर देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव मदारपुर बैवहा निवासी ऊषा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे उसके पति राधेश्याम 40 वर्ष को गांव के ही बरियार सिंह गेहूं कटवाने की बात कहकर उन्हें अपने साथ ले गए थे। पीड़िता का आरोप है कि उसे शाम सात बजे सूचना मिली कि उसके पति की मौत हो गई है और उक्त के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। जब वह दलेलपुर जगदीशपुर गांव में पहुंची तो उसने देखा कि पंचायत भवन के पास उसका पति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। उसके पति को साजिश करके मौत के घाट उतार दिया गया है। वह बहुत ही गरीब और अनुसूचित जाति की महिला है। उसने बंडा थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं देर रात मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाकर अपने साथ ले गई है। वहीं इस घटना से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पत्नी ऊषा देवी, पुत्र सुधीर और पुत्री स्वार्थी का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल चल रही है, शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# रोजा थोक सब्जी व फल मंडी में लगी आग, लाखों का नुकसान

- डेढ़ दर्जन से अधिक दुकानें जलकर राख, दमकल की आठ गाड़ियों ने आग पर पाया काबू
- उप निदेशक ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा थोक सब्जी व फल मंडी में मंगलवार की तड़के सुबह अचानक शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक सब्जी व फल की दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गई। चार घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में लाखों का नुकसान हो गया। बरेली मंडल के उप निदेशक प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर व्यापारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही मुआवजा दिलाया जायेगा। मंगलवार की सुबह करीब ढ़ाई बजे रोजा थोक सब्जी में एक सब्जी व्यापारी की दुकान के ऊपर से निकल रहे बिजली के तार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब वहां मौजूद कुछ लोग समझ पाते तब तक आग ने आस-पास की डेढ़ दर्जन से अधिक दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सभी दुकाने धूं धूं कर जलने लगी। तभी कुछ लोगों ने सब्जी व फल व्यापारियों व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने में जुट गई। तड़के सुबह छह बजे तक दमकल टीम आग बुझाने में जुटी रही। दमकल टीम ने बताया कि दमकल की सात गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू कर लिया। आग ने सब्जी विक्रेता मो.वसीम, मो.फहीम, जानेआलम, मो.रशीद, कालीचरन, खुस्तर, रेहान, बहारे आलम, मो. सईद व फल विक्रेता मो. फईम, महमूद, कमर कुरैशी, नसीम, इसरार, सिराज, कय्यूम, गुड्डू, असलम, नसीम व अतीफ मेराज की दुकानों में रखा प्याज, लहसुन, फल व खाते जलकर राख हो गए। इस अग्निकांड में लाखों का नुकसान बताया जा रहा हैं।

### उप निदेशक प्रशासन ने कहा- जल्द दिलायेंगे मुआवजा

**रोजा।** रोजा सब्जी व फल मंडी में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक व्यापारियों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया था। मंडी के अंदर हुए अग्निकांड की सूचना मिलते ही बरेली मंडल के उप निदेशक मंडी प्रशासन व विपणन विश्वेंद्र कुमार दोपहर को रोजा मंडी पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर अग्निकांड से पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात कर घटना पर दु:ख जताते हुए व्यापारियों को आश्वासन दिया कि शासन की व्यापारी एवं आढ़ती दुर्घटना सहायता योजना के तहत दो लाख रूपए की आर्थिक सहायता के साथ उनकी क्षतिग्रस्त दुकानों का तीन दिन के अंदर निर्माण करा दिया जाएगा। साथ ही डीएम के आदेश पर पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया जायेगा जो व्यापारियों के नुकसान का आकंलन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।

### प्लास्टिक क्रैट को दुकानों न रखें

**रोजा।** उप निदेशक ने व्यापारियों से अपील की कि वे प्लास्टिक के क्रैट को अपनी दुकानों में न रखें। श्री कुमार ने मंडी सचिव को मंडी के अंदर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। इस मौके पर मंडी सभापति सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, उप निदेशक निर्माण ललित कुमार, मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप, मंडी इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह आदि मौजूद थे। सपा जिलाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने सिटी मजिस्ट्रेट के साथ व्यापारियों से मुलाकात की और अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने की मांग की।





### अलग-अलग गांवों में संदिग्ध हालत में युवक व युवती की मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही कर दिया अंतिम संस्कार

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घरेलू कलह के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती की मौत हो गई। वहीं एक गांव के युवक को जहरीला पदार्थ खाने के चलते सीएचसी में लाया गया। जिसकी बाद में एक निजी क्लिनिक पर मौत हो गई। दोनो को ही पुलिस के पचड़े से बचने के चलते अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक रविवार को कोतवाली क्षेत्र के गुलामखेड़ा में घरेलू कलह के चलते एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसका परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। इसी क्रम में सोमवार को गांव पिथनापुर गांव निवासी बच्चन नामक युवक के जहरील पदार्थ खाने के चलते एक निजी क्लिनिक पर इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का परिजनों ने पुलिस के पचड़े से बचने के चलते आनन फानन में दाह संस्कार कर दिया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया दोनो की मौत की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

### डीएम ने नवनिर्मित मुक्तिधाम का फीता काटकर किया लोकार्पण

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कृभको फर्टिलाइजर्स द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधि के अंतर्गत ग्राम पीपरोला अहमदपुर में नवनिर्मित मुक्तिधाम का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने मुक्तिधाम परिसर का निरीक्षण किया और वृक्षारोपण भी किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुक्तिधाम परिसर में एक सूचना बोर्ड स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि परिसर में श्रीमद भगवत गीता के प्रेरणादायक श्लोक को लिखवाया जाए, ताकि वहां आने वाले लोगों को आध्यात्मिक संदेश भी प्राप्त हो सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने कृभको फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री का भी दौरा किया। उन्होंने फैक्ट्री परिसर स्थित पुष्प वाटिका में वृक्षारोपण किया तथा अमोनिया प्लांट का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान उन्हें फैक्ट्री की स्थापना, उत्पादन प्रक्रिया एवं अमोनिया प्रोसेसिंग के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



## अधिकारियों ने जांची गेहूं की उत्पादकता



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र कुमार के निर्देश पर अपर सांख्यिकी अधिकारी चकलेश्वर सिंह की देखरेख में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर विकासखण्ड भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत सल्लिया में गेहूं की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया। अपर संख्या अधिकारी चकलेश्वर सिंह ने सल्लिया के कृषक अनुराग कुमार के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10, 10,10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनावाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद उन्होंने गेहूं की पिटाई कराकर उसकी तौल भी कराई, जिसमें 23.09 किलो ग्राम की फसल प्राप्त हुई। अपर सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किसानों से आग्रह किया कि किसान अपनी फसलों का बीमा व किसान पंजीकरण अवश्य कराए जिससे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय कानूनगो अवधेश बाजपेई, लेखपाल अखलेश कुमार, बीमा कम्पनी के जिला समन्वयक समी आलम, अभिषेक सिंह व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रॉपर्टी के आधार पर हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स की वसूली की जाए

- डीएम की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कैम्प कार्यालय सभागार में स्थानीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकायों के कार्यो की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकायों में प्रॉपर्टी के आधार पर हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स की वसूली सुनिश्चित की जाए। साथ ही आम नागरिकों को टैक्स बिल की जानकारी व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नगर क्षेत्रों में विज्ञापन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया विज्ञापन लगाने के लिए निर्धारित स्थानों का चयन कर बायलॉज बनाए जाएं तथा अनधिकृत रूप से लगाए गए सभी विज्ञापनों को हटाया जाए। निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि बिना नक्शा पास कराए कोई भी निर्माण कार्य न होने दिया जाए। ऐसे निर्माण कार्यों को तत्काल प्रभाव से रुकवाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर पालिका परिषद जलालाबाद एवं पुवायां के लिए विनिमय क्षेत्र के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश भी दिए। बैठक में डिजिटल लाइब्रेरी, ओपन जिम और अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कूड़ा संग्रहण डोर-टू-डोर किया जाए और उसे एमआरएफ सेंटर तक पहुंचाया जाए। साथ ही गौशालाओं एवं एमआरएफ सेंटर में 24 घंटे सक्रिय रहने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश भी दिए।

# मानदेय न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों का प्रदर्शन




- बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, निस्तारण न होने पर कलम बंद हड़ताल की चेतावनी

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पिछले एक वर्ष से मानदेय न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंच कर प्रदर्शन कर वीडीयो को ज्ञापन सौंपा साथ ही रोजगार सेवको ने समस्या का समाधान न होने पर कलम बंद हड़ताल की चेतावनी भी दी। मंगलवार को बड़ी संख्या में मानदेय न मिलने से नाराज रोजगार सेवक ब्लॉक पहुंचे। जहां रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी रामप्रकाश राना को ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि विगत 18 वर्षो से ग्राम रोजगार सेवक मानरेगा योजना को संचालित कर रहे हैं। विगत एक वर्ष से रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं दिया गया है। जिससे रोजगार सेवकों के परिवार भुखमरी की कगार पर खड़े हैं। ज्ञापन में बताया कि खंड विकास अधिकारी के आदेश पर वित्तीय वर्ष 2025 26 का मानदेय बुक किया गया था। लेकिन अभी तक उसका कोई भी भुगतान रोजगार सेवकों को नहीं किया गया है। रोजगार सेवकों ने ज्ञापन के माध्यम से एक वर्ष के रुके हुए मानदेय की प्रक्रिया को शुरू कराए जाने की मांग की। साथ ही समस्या का समाधान न होने पर रोजगार सेवकों द्वारा बुधवार को कलम बंद हड़ताल करने की चेतावनी भी दी गई। इस दौरान रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय मिश्रा, सुधीर कुमार, नीतीश शुक्ला, राजीव कुमार, दिवाकर मिश्रा, योगेश कुमार, राजेश कुमार, भगवान दास ,अजय पाल, राकेश चंद्र आदि रोजगार सेवक मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी राम प्रकाश राना ने बताया कि रोजगार सेवकों का 5 से 6 माह तक का वेतन रुका हुआ है। जिसे सरकार द्वारा जनरेट करने के बाद भुगतान करा दिया जाएगा।

## फर्जी दिव्यांग सर्टीफिकेट मामले में 5 से होगी पेंशन रिकवरी



**शाहजहांपुर।** जनपद में चल रहे फर्जी दिव्यांगता सर्टीफिकेट में सीडीओ डा. अपराजिता सिंह द्वारा कराई जा रही जांच में एक ओर प्रकरण निकलकर सामने आया हैं, जिसमें 5 ऐसे फर्जी सर्टीफिकेट वाले लोग मिले हैं जिनके द्वारा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से दिव्यांग पेंशन का भी लाभ लिया जा रहा था। सीडीओ ने पूरे मामले की रिपोर्ट दिव्यांगजन अधिकारी से लेकर कार्रवाई की रूपरेखा बना ली है। इन लोगों से वीडीओ के माध्यम एकाउंट डिटेल मंगवाई गयी है। जिसके बाद इन लोगों को विभाग द्वारा पेंशन धनराशि वापस का नोटिस दिया जाएगा। अन्यथा की स्थिति में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। बता दें कि डीएम द्वारा सीएमओ आफिस के अन्तर्गत बनने वाले दिव्यांग सर्टीफिकेट मामले की जांच सीडीओ से कराई गयी थी। जिसमें एक ही गांव के 15 फर्जी दिव्यांग सर्टीफिकेट का मामला सामने आया था। इसमें 5 दिव्यांग सर्टीफिकेट धारक ऐसे थे जो फर्जी तरीके से दिव्यांग पेंशन का लाभ उठा रहे थे। वहीं इस पूरे मामले में डीएम ने दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## नगर आयुक्त ने संभव में सुनीं शिकायतें, 2 का निस्तारण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जनसामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 7 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 2 का निस्तारण किया गया, शेष के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, लेखाधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जन-प्रतिनिधि तथा नगर के जनसामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला: ब्लाक प्रमुख

- भावलखेड़ा में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




भावलखेड़ा ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह सत्र 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत ब्लॉक अध्यक्ष वीरपाल तथा ब्लॉक महामंत्री उपेंद्र गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाराम वर्मा ब्लॉक प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख स्तंभ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। विशिष्ट अतिथि विनय मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है और शिक्षक इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शिक्षकों को निरंतर नवाचार अपनाने और शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों सुषमा गुप्ता, सुमन सिंह, मनोज श्रीवास्तव, उषा देवी, विनोद बिहारी मिश्र एवं रश्मि श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, भावलखेड़ा ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें श्रेयश चंद्र सक्सेना को ब्लॉक उपाध्यक्ष, कमलेश निगम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष सिद्धार्थ को ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं संजीव पाल को ब्लॉक संयुक्त मंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक महामंत्री उपेंद्र गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष पूनम दुबे, ब्लॉक मीडिया प्रभारी कर्मवीर सिंह, नरोत्तम कुमार संयुक्त मंत्री, अनिरुद्ध शरण वर्मा ब्लॉक कोषाध्यक्ष, पंकज वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नागेंद्र पाठक, दीप मिश्रा, संजीव पाल, उपासना मिश्रा, सुमन सिंह, आंचल, रेनू, पंकज पाल, सुरेंद्र सैनी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### खुटार में तिकुनिया तिराहा बना जाम का अड्डा

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना खुटार क्षेत्र के तिकुनिया तिराहे पर अव्यवस्था और जाम की समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। यहां प्राइवेट बसों और डग्गामार वाहनों ने तिराहे को अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बस चालक और कंडक्टर सवारियां भरने के लिए सड़क किनारे स्थित एक होटल के पास ही वाहन खड़े कर देते हैं। इस कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन सवारियां बैठाने को लेकर विवाद भी होता रहता है। सोमवार रात जाम के चलते एक दर्दनाक हादसा भी सामने आया, जिसमें एक बाइक सवार की जान चली गई। इस घटना के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामला उस समय और तूल पकड़ गया जब तिराहे पर ड्यूटी कर रहे एक होमगार्ड ने बसों को हटाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस पर सवारियां बैठाने वाले ठेकेदार ने खुलेआम कहा कि बस कहीं नहीं जाएगी, हम पुलिस को रिश्वत देते हैं। इस कथित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कोई बड़ा हादसा फिर से हो सकता है।

**सूचना**

मेरे सेना क्रमांक 13933479 डब्लू में मेरी पत्नी का नाम सरला देवी दर्ज हैं, जबकि मैं अपनी पत्नी का नाम बदलकर रामवेटी कर रहा हूं। मेरी पत्नी को रामवेटी के नाम से जाना जाए। **रनवीर सिंह निवासी पिलुआ तह. कलान, जिला शाहजहांपुर।**

## उच्च शिक्षा और अनुसंधान की चुनौतियां

आज विकसित और प्रगतिशील देशों में शोध पर बड़ा बल दिया जाता है। वहां शिक्षा और शोध पर काफ़ी खर्च होता है और शोध गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरता है। ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उन देशों की वैश्विक पहचान है। पड़ोसी देश चीन की शोध में प्रगति आशातीत रूप से उल्लेखनीय है जहां आज अनेक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय है। भारतीय संदर्भ में शोध की स्थिति आज दयनीय हो रही है हालांकि यहां तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय तब थे जब अन्यत्र इसकी कल्पना भी नहीं थी। आज हम शिक्षा और शोध में पिछड़ गए हैं। न बजट में प्रावधान है और न शिक्षा संचालन व्यवस्था ही संतोषजनक है। शिक्षा में हमने इतने तरह के स्तरीकरण कर रखे हैं कि भारतीय शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन कठिन है। आज कई तरह के निजी, केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित, राज्य शासन द्वारा संचालित, अर्ध सरकारी, डीम्ड आदि अनेक किस्म के एक हज़ार से अधिक विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा के अनेक संस्थान और हजारों महाविद्यालयों का विशाल संजाल तो खड़ा है परंतु अध्यापकों और शिक्षा के लिए जरूरी संसाधनों का अधिकांश शिक्षा केंद्रों में घोर अभाव है। सरकारी संस्थाओं की स्थिति यदि व्यवस्थागत पेचीदगी का शिकार होकर असंतोषजनक है तो निरंकुश निजी शिक्षा संस्थान व्यापार के तर्ज पर भारी शुल्क उगाही कर मुनाफ़ा कमा रहे हैं। शोध की दृष्टि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विषय कई अर्थों में सार्वभौमिक होते हैं। उनके सिद्धांत बहुत हद तक ऐसी सामग्री से जुड़े होते हैं जो स्थिर होती है और उनको लेकर सामान्यीकरण की अधिक संभावना होती है। ज्ञान बहुत हद तक संचयी प्रकृति का भी होता है। ज्ञान पाने वाला और ज्ञान की वस्तु में स्पष्ट भेद होता है- वैज्ञानिक चेतन प्राणी है और पदार्थों की दुनिया उससे भिन्न होती है। प्राकृतिक विज्ञानों के ज्ञान को पृथ्वी पर हर कहीं एक ही कसौटी पर मापा, जांचा और परखा जा सकता है (अन्तरिक्ष और दूसरे ग्रहों की बात जरूर भिन्न है)। दूसरी तरफ़ मानविकी और समाज विज्ञान का स्वभाव भिन्न है। इनके विषय समाज, संस्कृति, परंपरा, आदर्श और मूल्य जैसे मानवीय सरोकारों से घनिष्ठ रूप से जुड़े होते हैं और उनमें अध्येता और विषयवस्तु दोनों मनुष्य होते हैं। पश्चिम में समाज विज्ञानों के पुरोधाओं ने प्राकृतिक विज्ञानों के तर्ज पर विज्ञान की ही विधि को अपने विषय में लागू किया। विज्ञान कहलाने के लोभ में मानव व्यवहार और मानव समाज को 'वस्तु' मान कर अध्ययन शुरू हुआ। यद्यपि सामाजिक विज्ञान परिस्थिति सापेक्ष ज्ञान ही दे पाते हैं और अध्ययन विषय भी देश काल के साथ बदलता रहता है। इसलिए अब गुणात्मक, आख्यानपरक और निर्वाचन की पद्धतियों की ओर झुकाव बढ़ रहा है। फिर भी व्यापक स्वीकृति इंद्रियानुभविक विधि, मापन और सांख्यिकी के विश्लेषण की है। इनकी सहायता से एक सुगम परिपाटी चल पड़ी। अब विधि की जरूरतों को पूरा कर पीएचडी की उपाधि त्वरित गति से अर्जित होने लगी। शोध सिर्फ़ शोध के लिए किया जाने लगा न कि ज्ञान वृद्धि या किसी समस्या के समाधान के लिए। मानविकी में शोध अधिकाधिक वर्णनात्मक होते गए और उसे भी कुछ ढर्रों पर चला दिया गया। शोध की मौलिकता, देशज ज्ञान से रिश्ता, सांस्कृतिक संदर्भ से जुड़ाव और उपयोगिता के सरोकार लगातार उपेक्षित होते गए।

# अपशब्दों पर उतरे ट्रंप

अंग्रेजी की एक पुरानी कहावत है कि हमें बताओ कि तुम्हारे दोस्त कौन हैं और मैं तुम्हें बताऊंगा कि तुम कौन हो, तात्पर्य यह कि हम जिस संगत में रहते हैं, उससे हमारे चरित्र का भी पता चलता है। हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस विचार से कितना सहमत हैं। क्योंकि वे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दोनों को अपना करीबी मित्र बताते हैं। उनके साथ व्यवहार भी कूटनीतिक शिष्टाचार से परे जाकर करते हैं। नेतन्याहू तो पहले ही युद्ध अपराधी ठहराए जा चुके हैं। ट्रंप उसी राह पर आगे बढ़ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप पर कभी कोई मुकदमा अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दर्ज होगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस समय उनकी भाषा में जो गिरावट स्पष्ट परिलक्षित है, कम से कम उसका ख्याल रखकर ही नरेन्द्र मोदी को उनसे दूरी बना लेनी चाहिए। दरअसल ईरान पर अमेरिका और इजरायल को जंग छेड़े छह सप्ताह हो चुके हैं, जिसमें कई बार जीत का दावा करने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप जीत के लक्षण नहीं दिखा पाए। बल्कि बार-बार युद्धविराम की अवधि को बदलते हैं और साथ ही उनकी धमकियां भी बदल रही हैं। ईरान में सत्ता परिवर्तन के ऐलान से शुरु हुआ यह युद्ध अब नागरिकों को निशाने पर लेने की धमकियों पर उतर आया है। रविवार को ईस्टर के मौके पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि 48 घंटों में होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग खोलो वर्ना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो। ट्रंप ने लिखा कि मंगलवार को ईरान के बिजली संयंत्रों और पुलों पर व्यापक हमले हो सकते हैं, और इसे संघर्ष का निर्णायक क्षण बताया। लेकिन यह सब इसी तरह की शालीन भाषा में नहीं लिखा गया, बल्कि उन्होंने अपशब्दों का इस्तेमाल किया। और यह पहली बार नहीं है कि ट्रंप ने इस तरह सार्वजनिक तौर पर अपशब्द कहे हों। इससे पहले उन्हें पत्रकारों से चर्चा के दौरान या भाषण देते हुए भी अपशब्द बोलते देखा गया है। यह किसी लिहाज से स्वीकार्य नहीं होना चाहिए और वैश्विक नेताओं को खुलकर इसकी भर्त्सना करना चाहिए। नरेन्द्र मोदी से इसकी शुरुआत हो तो कितना अच्छा रहेगा। वैसे संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन ने ट्रंप की नवीनतम टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में श्नागरिकों के जीवन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को नष्ट करने, की धमकी दे रहे हैं। मिशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, श्यदि संयुक्त राष्ट्र की अंतरात्मा जीवित होती, तो वह युद्ध भड़काने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की खुली और बेशर्म धमकी पर चुप नहीं रहती। ट्रंप इस क्षेत्र को एक अंतहीन युद्ध में घसीटना चाहते हैं, इसमें कहा गया, श्यह नागरिकों को आतंकित करने के लिए प्रत्यक्ष और



सार्वजनिक उकसावा है और युद्ध अपराध करने के इरादे का स्पष्ट प्रमाण है।, इसमें आगे कहा गया- श्अंतरराष्ट्रीय समुदाय और सभी राज्यों का यह कानूनी दायित्व है कि वे युद्ध अपराधों के ऐसे जघन्य कृत्यों को रोकें। उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। कल बहुत देर हो जाएगी।, वहीं ईरानी संसद के अध्यक्ष गलिबाफ ने कहा कि ट्रंप के श्लापरवाह कदमों से अमेरिका के हर परिवार को एक जीती-जागती नरक में धकेला जा रहा है, हमारा पूरा क्षेत्र जल उठेगा क्योंकि आप नेतन्याहू के आदेशों का पालन करने पर अड़े हैं।, गलिबाफके इस बयान से असहमत होने का कोई कारण नहीं है, क्योंकि ट्रंप जिस तरह अपने बयान बदल रहे हैं, उसमें यही लगता है कि पटकथा कोई और लिख रहा है, केवल संवाद अदायगी ट्रंप की है। क्योंकि अपशब्द वाले बयान के बाद ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के एक पत्रकार से कहा, मुझे लगता है कि सोमवार को समझौता होने की अच्छी संभावना है, वे (ईरान) अभी बातचीत कर रहे हैं। तो ट्रंप को लगता है कि ईरान अब भी उनसे बात कर समझौता करेगा, जबकि ईरान की सबसे बड़ी सैन्य कमांड यूनिट खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा, श्अगर आम लोगों पर हमले दोहराए गए, तो हमारे अगले हमले और जवाबी कार्रवाई पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक और बड़े पैमाने पर होंगे।, ध्यान देने वाली बात यह है कि ईरान केवल धमका नहीं रहा है, अपनी बात पर अमल भी कर रहा है। अमेरिका का साथ देने वाले खाड़ी देशों समेत इजरायल पर ईरान के हमलों को कोई रोक नहीं पा रहा है, वहीं अमेरिका के लड़ाकू विमानों पर हुए हमले और एक अमेरिकी पायलट के लापता होने की घटना ने भी जाहिर कर दिया है कि अमेरिका उतना भी ताकतवर देश नहीं है, जितना बड़ा उसका हौव्वा खड़ा किया गया है। ईरान की पहाड़ियों में लापता पायलट को बचाने का दावा ट्रंप ने किया है, हालांकि ईरान ने कहा है कि उसने बचाव के लिए आए सैन्य दस्ते पर भी हमला किया है। अब किसका दावा सही है और किसका गलत, यह तय नहीं किया जा सकता। लेकिन इतना तो नजर आ ही रहा है कि इस युद्ध में अमेरिका को वैसी ही चोट पड़ रही है, जो पहले इराक, अफ़गानिस्तान, क्यूबा और वियतनाम में पड़ चुकी है। 2019 में ट्रंप ने खुद एक पोस्ट में प.एशिया में अमेरिका की सैन्य दखलंदाजी और युद्ध को गलत ठहराया था, क्योंकि उसमें अरबों डॉलर खर्च हुए और सैनिकों का नुकसान हुआ। लेकिन अब संभवतरू एपस्टीन फाइल्स के खुलासे के दबाव में ट्रंप ने पूरी दुनिया को युद्ध की बर्बादी में झोंक दिया है। अपनी गलती मानने की जगह रोजाना बेतुके, निर्लज्ज बयानों से उसे सही भी ठहरा रहे हैं। ईरान में परमाणु हथियार और सत्ता बदलने के नाम पर शुरु किया गया युद्ध मीनाब की मासूम बच्चियों का कातिल बना और उसके बाद ईरान की अधोसंरचना पर हमले ही किए जा रहे हैं, कम से कम 30 विश्वविद्यालयों और कई अस्पतालों, दवा कारखानों को बारुद से ढेर कर दिया गया है। यह सीधे-सीधे मानवता के खिलाफ अपराध है, जिसे रोकने के लिए वैश्विक समुदाय को मिलकर आवाज उठानी चाहिए।

# बंद करो यह लड़ाई, जिसमें सारी मानवता कराह रही है

1990 -91 तक हम मानते थे कि दुनिया सोवियत यूनियन और अमरीका के 2 शक्तिशाली गुटों में बंटी हुई है, परंतु सोवियत यूनियन के अंतिम कम्युनिस्ट राष्ट्रपति गर्बाच्योव के बाद सोवियत यूनियन जैसा शक्तिशाली देश विश्व राजनीति में कमजोर पड़ गया। दुनिया में अमरीका की चढ़त बन गई। अमरीका दुनिया भर के तेल भंडारों पर अपना एकाधिकार जमाना चाहता है। एक बहाना ढूंढ लेता है कि अमुक-अमुक देश के पास परमाणु बम है और अमरीका उस देश पर आक्रमण कर देता है। निकलता किसी भी देश से कुछ नहीं, परंतु अमरीका की विस्तारवादी राजनीति की विजय हो जाती है। कमाल तो तब हुआ जब वेनेजुएला जैसे प्रभुसत्ता सम्पन्न देश के राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी को सत्ताच्युत कर अमरीका की एक बहुत खतरनाक आपराधिक जेल में डाल दिया गया। उससे भी बड़ा कमाल यह था कि विश्व का कोई भी देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के लिए 'आह' तक नहीं भर सका। अमरीका का इतना डर? अमरीका ने यही हाल वियतनाम का किया, परंतु शुक्र है कि वियतनाम ने लम्बे संघर्ष के बाद अमरीका को अपमानित कर वियतनाम की प्रभुसत्ता को बनाए रखा। अफ़गानिस्तान से रूस और अमरीका दोनों बड़ी शक्तियों को निकालना पड़ा। ईराक के लोकप्रिय राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को भी उसी बहाने से फांसी पर चढ़ा दिया गया, कि वह परमाणु बमों और रासायनिक विस्फोटक पदार्थों से दुनिया को खतरे में डाल रहा है। लीबिया के तानाशाह कर्नल गद्दाफी का भी यही हश्र किया गया। वर्तमान अमरीका-इसराईल और ईरान के युद्ध ने उन इस्लामिक देशों को भी युद्ध में धकेल दिया है, जिन्होंने अमरीका को अपने हवाई अड्डों के इस्तेमाल की आज्ञा दे रखी है। खाड़ी के लगभग 20 देश आज युद्ध की लपेट में हैं। दुबई की ऊंची-ऊंची इमारतें धराशाही हो रही हैं। सीरिया, लेबनान, बेरूत, कतर जैसे बीसियों इस्लामिक देश ईरानी मिसाइलों की मार झेल रहे हैं। आखिर क्यों कोई अमरीका के आगे मुंह नहीं खोल रहा? अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प धमकी पर धमकी दे रहे हैं कि ईरान तबाह हो चुका है। खामेनेई जो ईरान के धार्मिक नेता थे, को अमरीका की गुप्तचर एजैंसियों ने निशाना बना परिवार सहित मार दिया। ईरान के बड़े-बड़े फौजी कमांडर मारे जा चुके हैं। मार्च, 2026 में अमरीका-इसराईल द्वारा ईरान पर किए गए हमले का मुख्य कारण ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना, ईरान के मिसाइल विकास को सीमित करना और क्षेत्र में अमरीकी सहयोगियों पर ईरान समर्थित समूहों के हमलों को रोकना था। यह कदम 1979 से जारी दशकों पुराने भू-राजनीतिक तनाव, होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा और शासन परिवर्तन के उद्देश्य से शुरू हुआ था। पाठकवृंद यह न समझें कि युद्ध में हारने वाला ही हारता है। जीतने वालों का भी कुछ नहीं बचता। युद्ध में कोख धरती मां की बांझ होती है। आपने मिसाइलों द्वारा बनाए गए गड्ढों को नहीं देखा? आकाश में धुएं के उठते गुबार को नहीं देखा? आपने दोनों ओर से मरते सैनिकों के शवों पर मंडराती चीलों को नहीं देखा? युद्ध किसी समस्या का हल नहीं। युद्ध स्वयं ही एक अनसुलझी समस्या है। युद्धों में देशों की सीमाएं बंट जाती हैं। युद्ध में विजयी हारने वाले देशों से जो व्यवहार करते हैं उससे मर जाना बेहतर है। जंग अमरीका ने शुरू की थी, अब अमरीका ही इसे खत्म करेगा। क्या अमरीका, इसराईल और ईरान युद्ध के प्रभावों से अनभिज्ञ हैं? टैंक जब चलते हैं तो वे अपना-पराया कुछ नहीं देखते? क्या अमरीका ने कभी सोचा है कि बच्चों, बूढ़ों और नारी जाति का युद्ध के बाद क्या हाल होता है? विधवा और बेबस मांओं के अपने पतियों या अपने बेटों के लिए क्रंदन को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जैसे नेता सुन पाएंगे? बंद करो यह लड़ाई, जिसमें सारी मानवता कराह रही है। युद्ध में किसी का भला नहीं परंतु एक बात सत्य है कि दुनिया में शांति स्थापित करने वाला संयुक्त राष्ट्र युद्ध रोकने में पूर्णतया असफल सिद्ध हुआ है।

विचार

# केरल-एलडीएफ और यूडीएफ के घोषणापत्र

केरल के लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के घोषणापत्रों का अध्ययन करना काफी दिलचस्प है। दोनों के बीच का अंतर इतना साफ है कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जहां एलडीएफ का घोषणापत्र अपने वादों को पूरा करने पर जोर देता है, वहीं यूडीएफ का प्रयास वोट हासिल करने की एक छिपी हुई कोशिश लगती है। दूसरे शब्दों में कहें तो, एलडीएफ सिर्फ वही वादे करता है जिन्हें वह पूरा कर सकता है। पिनाराई-1 और पिनाराई-2, दोनों सरकारों का रिकॉर्ड इस बात को बिना किसी शक के साबित करता है। उदाहरण के लिए, पिनाराई-1 सरकार का रिकॉर्ड काफी शानदार रहा है, जिसने अपने 98 प्रतिशत वादों को पूरा किया। पिनाराई-2 सरकार के घोषणापत्र को लागू करने का रिकॉर्ड भी उतना ही प्रभावशाली है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा जारी एलडीएफके घोषणापत्र में एक 60-सूत्री कार्यक्रम की रूपरेखा दी गई है, जिसमें नवा केरल बनाने के लिए 950 प्रस्ताव शामिल हैं। यह फ्रंट चल रहे विकास कार्यों को जारी रखने के लिए लोगों का जनादेश मांग रहा है। एलडीएफ घोषणापत्र की मुख्य बातें ये है, घोर गरीबी को खत्म करने का वादा, केरल को बेघर-मुक्त राज्य बनाने के लिए लाइफमिशन 2.0 की शुरुआत, कल्याणकारी पेंशन को 2000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये करना, पांच सालों में राज्य को एक ज्ञान-आधारित समाज में बदलना, कैंपस प्लेसमेंट के जरिए शिक्षित युवाओं के लिए पक्की नौकरी के अवसर, कौशल विकास के लिए बैक टू कैंपस योजना, और उद्यमियों के लिए ब्याज-मुक्त ऋण। लगभग पांच लाख अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान की जाएगी और उन्हें गरीबी से बाहर निकाला जाएगा। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई पहलों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत रोजगार का वादा और 20 लाख गृहिणियों के लिए नौकरी की गारंटी शामिल है। शिक्षा के क्षेत्र में, जिसने पिछले 10 सालों में जबरदस्त प्रगति की है, घोषणापत्र में उच्च शिक्षा को वैश्विक मानकों तक पहुंचाने, सार्वजनिक शिक्षा में सीखने की कमियों को दूर करने और तकनीकी शिक्षा की पहलों का विस्तार करने का वादा किया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज योजना लागू करने और इलाज के असीमित लाभ प्रदान करने का वादा किया गया है। अभी, 42 लाख लाभार्थियों को कारुण्य आरोग्य सुरक्षा पद्धति के तहत 5 लाख रुपये तक का इलाज का लाभ मिल रहा है। बिस्तर पर पड़े सभी मरीजों को विशेष इलाज मिलेगा और सभी बुजुर्ग नागरिकों के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी। जहां तक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की बात है, जिसे केंद्र सरकार ने देने से मना कर दिया है- जो केरल के साथ भेदभाव का एक उदाहरण है-एलडीएफ का वादा है कि अगर केंद्र सरकार अपना रुख नहीं बदलती है, तो वह लोगों की मदद से एक बेहतर मेडिकल-रिसर्च अस्पताल बनाएगी। एलडीएफने कहा कि वे केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम और कोझिकोड, दोनों जगहों पर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट शुरू होने वाले हैंय वहीं वॉटर मेट्रो- जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तारीफ मिली है-का विस्तार अलाप्पुझा, कोल्लम और कोडुंगल्लूर तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि श्विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) में प्रस्तावित संशोधनों को लेकर अल्पसंख्यकों ने जो चिंताएं जाहिर की हैं, वे बिल्कुल सही हैंय क्योंकि ये संशोधन भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ला रही है- जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राजनीतिक शाखा है। पीड़ितों का साथ देने के बजाय, संघ अपराधियों को बचा रहा है। विजयन ने जोर देकर कहा कि यही सच्चाई है, इसलिए अल्पसंख्यकों का डर बेबुनियाद नहीं है। अपनी तरफ से, कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पांच इंदिरा गारंटी और पांच ड्रीम प्रोजेक्ट का वादा कर रहा हैय जिनका मुख्य जोर समुद्री और विमानन क्षेत्रों पर, और वायनाड में एक आदिवासी विश्वविद्यालय बनाने पर होगा। राहुल गांधी ने पहले जिन पांच गारंटियों की घोषणा की थी, वे इस प्रकार हैंरू महिलाओं के लिए केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बसों में मुफ्त यात्राय कॉलेज जाने वाली छात्राओं को हर महीने 1,000 रुपये की आर्थिक मददय कल्याणकारी पेंशन को बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह करनाय पूर्व मुख्यमंत्री ओमनचांडी के नाम पर शुरू की गई एक योजना के तहत हर परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देनाय और युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त कर्ज देना। विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने, जिन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को घोषणापत्र की एक प्रति सौंपी, कहा कि अगर यूडीएफ सत्ता में आती है, तो बुजुर्गों के सम्मान, देखभाल और उनके कल्याण पर विशेष ध्यान देने के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया जाएगा। घोषणापत्र में प्रमुखता से शामिल मिशन समुद्र का उद्देश्य राज्य की 600 किलोमीटर लंबी तटरेखा, 44 नदियों, 34 झीलों, चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और ऊंचे पहाड़ी इलाकों से मिलने वाले अवसरों को एकीकृत करना है, ताकि वैश्विक समुद्री क्षेत्र में केरल की स्थिति को और बेहतर बनाया जा सके। विमानन क्षेत्र में, घोषणापत्र में पायलट और विमानन कर्मचारियों के प्रशिक्षण की आधुनिक सुविधाओं, कोच्चि हवाई अड्डे पर रनवे निर्माण के दूसरे चरण और कन्नूर हवाई अड्डे के समग्र विकास का वादा किया गया है। अन्य प्रमुख आश्वासनों में एक कल्याण पेंशन आयोग की स्थापना, जरूरतमंदों के लिए आश्रय परियोजना का दूसरा चरण और जनता को कम दरों पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए इंदिरा कैंटीन की शुरुआत शामिल है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, वादों में बजट में अधिक आवंटन और मरीजों की जेब से होने वाले खर्चों को कम करने के लिए उठाए जाने वाले कदम शामिल हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए शी हॉस्पिटल्स, बुजुर्ग महिलाओं के लिए अम्मावाड़ी प्रोजेक्ट और आदिवासी स्वास्थ्य क्लस्टर के वादे भी शामिल किये गये हैं। एक और वादा है रैगिंग को रोकने के लिए सिद्धार्थन एंटी-रैगिंग और छात्र कल्याण अधिनियम को लागू करना। सतीसन ने लगभग 1,000 मध्यम, छोटे और सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का भी वादा किया है, जिनका कुल टर्न ओवर 100 करोड़ रुपये होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि योग्य स्कूलों को सहायता प्राप्त दर्जा दिया जाएगा। इसके अलावा, मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) की न्यूनतम दैनिक मजदूरी 700 रुपये तय की जाएगी। इस बीच, भाजपा के घोषणापत्र में एम्स की स्थापना और तिरुवनंतपुरम तथा कन्नूर को जोड़ने वाले एक हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क के विकास का वादा किया गया है। अन्य वादों में लगभग 10 लाख नौकरियों का सृजन, केरल को खाद्य अधिशेष राज्य में बदलना, तथा कम आय वाले परिवारों के लिए कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं। इनमें गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों की महिलाओं के लिए भक्ष्य आरोग्य सुरक्षा कार्ड की शुरुआत भी शामिल है, जो किराने के सामान और दवाओं के लिए हर महीने 2,500 रुपये का रिचार्ज प्रदान करेगा।

साहित्य



## योग परम स्वास्थ्य

**हृदयनारायण दीक्षित**

अनुशासनविहीन जीवन में स्वस्ति और लोकमंगल नहीं होते। प्रकृति स्वयं अनुशासन में गतिशील है। मनुष्य के लिए इसी अनुशासन का पालन उपयोगी दिनचर्या है। इसका सम्बंध स्वस्थ मन से है। स्वस्थ बुद्धि से है और निर्मल आत्मा से भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्त व्यक्तित्व के धनी हैं। उच्च कोटि के संसद विज्ञ, 5 बार के सांसद व दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं। व्यवहार में अनुशासित अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित जनप्रिय राजनेता हैं। योगी हैं। सो, अनुशासन में रहते हैं। और अपने परिचितों से भी अनुशासित रहने की अपेक्षा करते हैं। वे हमारे प्रति शुभेक्षु हैं। हमलोग भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा करते रहे हैं। वे योग विज्ञानी भी हैं। योग का हमारा ज्ञान किताबी है, लेकिन उनका ज्ञान अनुभव अनुभूति और व्यवहारिक जीवन से भरा पूरा है।



## राशिफल

**मेषः**- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**वृषभः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**मिथुनः**- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः**-सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः**-कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः**- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

**तुलाः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः**- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः**- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः**-सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# तीसरे विश्वयुद्ध की आहट और गांधी

कई दिनों बाद एक ऐसे दोस्त का फोन आया जिन्हें पता है कि मैं गांधीजी के विचारों को मानती हूं और उन पर काम भी करती हूं। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा- आज की परिस्थितियों ने आपकी याद दिला दी।-क्यों, क्या हुआ? मैंने पूछा तो वे बोले पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल नहीं मिल रहा, तो अब पदयात्रा के दिन वापस आते दिख रहे हैंय रोजगार का संकट भी ऐसा है कि लगता है चरखा चलाने के दिन लौट आएंगे। उन्होंने यह सब भले मजाक में कहा हो, लेकिन यह सच है कि पिछले कुछ समय से मेरे मन में भी ऐसी बातें उठ रही हैं। गांधीजी का जन्म 1869 में हुआ था। 1891 में वे इंग्लैंड पहुंचे वकालत की पढ़ाई करने और 1893 में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे नौकरी करने। आप इन वर्षों का ध्यान रखिए, क्योंकि इन्हीं वर्षों में दुनिया में उपनिवेशवाद तेजी से फैल रहा था। इंग्लैंड ही नहीं, फ्रांस, जर्मनी, रूस, पुर्तगाल और अन्य यूरोपीय देश भी अपने उपनिवेशों की तलाश में थे। औद्योगिक क्रांति के लगभग 75 वर्ष बाद सारे आका देशों को पता चल चुका था कि विकास के इस मॉडल को बनाए-टिकाए रखने के लिए असीमित ईंधन और कच्चे माल की आवश्यकता होगी जो किसी जगह इफरातन मिल नहीं सकता। इसलिए जरूरी है कि हम दुनिया के खेतिहर समाजों पर कब्जा करेंय और दूसरों से पहले करें। उपनिवेश फैलाने की यह होड़ जो तब शुरू हुई वह आज भी जारी है। 20 वीं सदी की शुरुआत के साथ ही प्रथम



विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि तैयार होने लगी थी। मोरक्को पर नियंत्रण को लेकर तनाव, बोस्निया पर कब्जा, बाल्कन के युद्ध और दुनिया भर में हथियारों की होड़- सब तरफ अंधाधुंधी का ऐसा ही आलम था। इन्हीं बढ़ते तनावों के बीच जून 1914 में ऑस्ट्रो-हंगेरियन साम्राज्य के उत्तराधिकारी की हत्या हुई, जिसने अंततः प्रथम विश्वयुद्ध का रास्ता खोल दिया। एक तरफ यह चल रहा था तो दूसरी तरफ बैरिस्टर मोहनदास करमचंद गांधी का महात्मा बनने का सफर भी चल रहा था। फिर तो दो विश्वयुद्ध हुए, दुनिया ने अणुबम का पहला विनाश देखा और दूसरी तरफ दुनिया ने गांधीजी के सत्य के प्रयोग और भारत की आजादी की अनोखी लड़ाई देखी! गौर करने की बात है कि गांधीजी की अहिंसा वह आध्यात्मिक अवधारणा मात्र नहीं है जो भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से उपजी है। उनकी अहिंसा युद्ध और संघर्ष के बीच तपी व निखरी है। भगवद्गीता के संदेश को वे अपनी तरह से हमें बताते हैं, आंख के बदले आंख का सिद्धांत पूरी दुनिया को अंधा बना देगा। इतिहास विजय-पराजय-विनाश का मृत दस्तावेज नहीं है, न वह किसी की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की कहानी का विवरण है। इतिहास एक ऐसी पाठशाला है, जिसमें हम अपनी गलतियों से सीखने का पाठ पढ़ सकते हैं बशर्ते कि हम अक्ल से अंधे या काला अक्षर भैंस बराबर न हों। पिछले कुछ समय से लग रहा है कि हम तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं। उसकी आहट तेज हो रही है। दुनिया के सबसे ताकतवर राष्ट्रपति ट्रंप को इस बात का श्रेय है कि वे दुनिया को घसीटकर विश्वयुद्ध के मुहाने तक ले आए हैं। महायुद्ध के मुहाने पर जब हम गांधीजी के साथ खड़े होते हैं तब वे हमें क्या कहते मिलते हैं?

उस हथियारबंद आदमी ने आपकी संपत्ति चुरा ली है आपने उसके इस कृत्य के बारे में सोचा है आप गुस्से से भरे हुए हैं आप तर्क देते हैं कि उस बदमाश को दंडित करना है, अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पड़ोसियों की भलाई के लिएय आपने कई हथियारबंद आदमियों को इकत्र किया है, आप उसके घर पर हमला करके उसे लूटना चाहते हैं उसे इसकी सूचना मिल जाती है, वह भाग जाता है वह भी क्रोधित है। वह अपने साथी लुटेरों को इकत्र करता है और आपको चुनौती भरा संदेश भेजता है कि वह दिन-दहाड़े आपके यहां डकैती करेगा। आप मजबूत हैं, आप उससे डरते नहीं हैं, आप उसका सामना करने के लिए तैयार हैं। इस बीच वह लुटेरा आपके पड़ोसियों को परेशान करता है। वे आपसे शिकायत करते हैं। आप जवाब देते हैं कि आप यह सब उनके भले के लिए कर रहे हैं। आपको इस बात की परवाह नहीं है कि आपका अपना सामान चोरी हो गया है। आपके पड़ोसी जवाब देते हैं कि लुटेरे ने उन्हें पहले कभी परेशान नहीं किया था। उसने अपनी लूटपाट तभी शुरू की जब आपने उसके खिलाफ शत्रुता की घोषणा की। आप दुविधा में फंसे हैं। आपको उन बेचारे आदमियों पर दया आती है, लेकिन उनकी बात सच है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने जन सनुवाई में सुनीं 63 शिकायतें

**हरदोई।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 63 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई मे अतिरिक्त मजिस्टेश्ट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शॉर्ट सर्किट से 12 किसानों की गेहूं की फसल जली



**हरदोई।** मंगलवार की दोपहर ग्राम सभा रामपुर आसू में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गेहूं के खेतों में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। वहीं, ग्रामीणों ने भी तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने में सहयोग किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस आगजनी की घटना में बिट्टू बाबू, कला, मेवा लाल, बाबू, रामपाल, गुना देवी, मूलचंद, राम श्री, सुरेश, श्रीराम सहित कुल 12 किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक संडीला विद्या सागर पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी प्रकार की अन्य समस्या नहीं है।

### अंबेडकर जयंती को लेकर संडीला पुलिस सतर्क, आयोजकों व डीजे संचालकों को दिए सख्त निर्देश



**सण्डीला/हरदोई।** संडीला थाना क्षेत्र में आगामी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 को थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम आयोजकों, पदाधिकारियों, डीजे संचालकों एवं शांति सुरक्षा समिति के सदस्यों ने भाग लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता विद्या सागर पाल ने की।बैठक के दौरान जुलूस, माल्यार्पण एवं अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली गई। पुलिस को किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक ने सभी आयोजकों से परंपरागत रूप से कार्यक्रम आयोजित करने तथा पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य बताया। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी नए कार्यक्रम का आयोजन बिना अनुमति के नहीं किया जाएगा।डीजे संचालकों को विशेष रूप से चेतावनी दी गई कि कार्यक्रम के दौरान अश्लील, भड़काऊ या आपत्तिजनक गाने न बजाए जाएं। नियमों के पालन हेतु डीजे संचालकों को सचेतक नोटिस भी जारी किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में कार्यक्रम संपन्न कराने की अपील की है।

### आईटीआई में लगे रोजगार मेला में 62 अभ्यर्थियों का चयन



**उरई (जालौन)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई में मंगलवार को प्रातः 10 से 3 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में चयन कम्पनी टीमलीज के प्रतिनिधि एचआर श्रीमती प्रतीक्षा दुबे एवं जीनस पॉवर के एचआर राहुल कुमार सिंह एवं धर्मेन्द्र कुमार जोशी ने आईटीआई के व्यवसाय इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन, इलैक्ट्रीशियन पीडी एवं इलैक्ट्रानिक्स मैकेनिक के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ पूर्व में अप्रेन्टिसशिप, अनुभव प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियो का चयन साक्षात्कार के माध्यम से 62 अभ्यर्थियों का चयन टेक्नीशियन, सुपरवाइजर के रूप में किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को 16000 प्रतिमाह. यात्रा भत्ता के साथ-साथ बोनस सुविधा भी प्रदान की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को उनके ब्लॉक में ही नियुक्ति प्रदान की जायेगी। उक्त रोजगार मेले में एडुवान्डटेज कम्पनी के एचआर शैलेन्द्र सिंह परिहार के द्वारा आईटीआई के समस्त व्यवसाय से उत्तीर्ण एवं स्नातक 9 अभ्यर्थियों का चयन प्रणव विकास ग्रुप के लिये साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को फरीदाबाद, पलवल (हरियाणा) में नियुक्त किया जायेगा। आयोजित रोजगार मेले में लगभग 105 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 71 अभ्यर्थियों चयन किया गया। रोजगार मेले सफल संचालन में नोडल संस्थान प्रधानाचार्या डॉ. नुपूर कश्यप, नीलेश राव, धर्मेन्द्र सिंह यादव, राजेन्द्र पाल सिंह एवं समस्त स्टाफका सहयोग रहा।

### अम्बेडकर जयंती को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न, 23 स्थानों पर होंगे कार्यक्रम



**जालौन (उरई)।** 14 अप्रैल को मनाई जाने बाली संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ मिलकर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद्र, क्राइम इंस्पेक्टर विजय कुमार मौर्य, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय यति, चौकी प्रभारी आलोक पाल, कस्बा चौकी प्रभारी मनीष तिवारी सहित ग्राम प्रधान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, मलखान दोहरे, अविनाश सिंह सेंगर समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि अम्बेडकर जयंती पर कुल 23 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 3 कार्यक्रम नगर जालौन में तथा 20 कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में संपन्न होंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने से पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उप जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित किए जाएं तथा आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं क्षेत्राधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### आदर्श अधिवक्ता संगठन ने जुलूस निकाल बनाया माहौल



**फतेहपुर।** आदर्श अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय कुमार सिंह एवं महामंत्री पद के प्रत्याशी अनुराग नारायण मिश्रा उर्फपुत्तन मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता उनके साथ चले और उनके पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय कुमार सिंह व महामंत्री पद के प्रत्याशी अनुराग नारायण मिश्रा उर्फपुत्तन मिश्रा ने अलग-अलग अधिवक्ताओं के चेंबर में पहुंचकर उनसे अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि अगर आदर्श अधिवक्ता संगठन के बैनर तले वह चुनाव जीतते हैं तो निश्चित ही अधिवक्ता हित में कार्य करेंगे और अधिवक्ताओं के मान सम्मान की रक्षा करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ 23 पदों के अलग-अलग प्रत्याशी भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष हंसराज सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुशील मिश्रा, पूर्व महामंत्री मणिप्रकाश दुबे, हरदीप सिंह सहित मौजूद रहे।

# आज महिलायें चन्द्रयान तक का सफर तय कर रहीं: प्रेमावती

▸ **देश की मातृ शक्ति ही आर्थिक एवं विकास का मूल आधार है: जिला पंचायत अध्यक्ष**

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 फेज-2 के अन्तर्गत गांधी भवन सभागार में आयोजित नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित नारी शक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार ने महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है जिससे महिलायें अपने को सुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होने कहा कि आज महिलायें घर के आंगन तक सीमित नहीं है बल्कि वह चन्द्रयान तक का सफर सफलता पूर्वक तय कर अन्य महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है तथा महिलायें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें क्योकि देश की मातृ शक्ति ही आर्थिक एवं विकास का मूल आधार है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि जनपद में महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से महिला पुलिस बल को तैयार किया गया है जो गांव-गांव में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर किसी महिला एवं बालिका को किसी व्यक्ति द्वारा परेशान करने एवं अन्य दिक्कत आने पर तत्काल वीमेन पॉवर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं के लिए 102, अग्निशमन सेवा 101, पुलिस आपात कालीन सेवा112, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला आरक्षी एवं पुलिस कर्मियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आर्य कन्या इन्टर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मार्तण्डेय प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, आशा, आंगनवाड़ी, सहायिकायें व छात्रायें आदि उपस्थित रही।

### मिशन शक्ति फेज 5.0: महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**हरदोई।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के अंतूपुरवा गांव में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओ व बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं तथा साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान महिला आरक्षियों ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों—1090 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर पंपलेट वितरित किए गए।इस अवसर पर साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता बरतने के उपाय भी बताए गए और जरूरत पड़ने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने की अपील की गई। कार्यक्रम में महिला आरक्षी मधुबाला व रिम्मी भदौरिया की सक्रिय भागीदारी रही।

### हाईटेंशन लाइन से किशोर झुलसा

**हरपालपुर, हरदोई।** थाना क्षेत्र के सतौथा गांव में हाईटेंशन विद्युत लाइन के करेंट की चपेट में आने से एक किशोर गम्भीर रूप से झुलसकर घायल हो गया।घटना के बाद परिजनो ने आनन फानन में किशोर को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।जहां उसकी हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सतौथा गांव निवासी छोटेभैया का लगभग 14 वर्षीय पुत्र अनुराग सोमवार की दोपहर बाद गांव के बाहर खड़ी बेरी के पेड पर चढ़कर बेर तोड़ रहा था।उसी समय बेरी के उपर से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन में अचानक बिजली आ गयी जिससे अनुराग करेंट की चपेट में आने से झुलसकर घायल हो गया।घटना के बाद परिजनों ने आनन फानन में घायल अनुराग को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया। चिकित्सक के अनुसार अब उसकी हालत खतरे के बाहर है।

## सभासद अजय द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव नपाप बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से पारित

▸ **भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति लगेगी**

**संडीला/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभासद अजय द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापित किए जाने का समर्थन किया। बैठक के दौरान चेयरमैन एवं अधिशासी अधिकारी ने इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सहयोग और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही बैठक में नगर विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें बजट के अनुरूप सीसी रोड निर्माण, नाली व्यवस्था, जल निकासी और साफ-सफाई कार्यों को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि नगर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

## नदी में डूबे युवक का शव खोजने वाले युवकों को एडिशनल एसपी ने किया सम्मानित

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



शाहाबाद थाना क्षेत्र में नदी में डूबे युवक के शव को खोजने वाले युवकों को पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 मार्च को ग्राम ऊधरनपुर निवासी एक युवक नहाने के लिए गर्रा नदी स्थित बेहटा कोला घाट गया था, जहां गहरे पानी में जाने के कारण वह डूब गया। घटना के बाद उसकी तलाश लगातार जारी रही।अगले दिन 05 मार्च को जनपद शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के ग्राम भरिगवां निवासी युवकों दिनेश पुत्र बाबूराम, रजत कश्यप पुत्र राजपाल, परशुराम पुत्र बाबूराम, अनुज कश्यप पुत्र सीताराम, भन्नु पुत्र मुन्नालाल और अंकज पुत्र रामजीत ने साहस और तत्परता दिखाते हुए नदी में उतरकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को खोज निकाला।इन युवकों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी शाहाबाद द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी युवकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साहस और सामाजिक जिम्मेदारी की सराहना की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा देते हैं और जरूरत के समय मानवता की मिसाल पेश करते हैं।

### हाईटेंशन की लाइन से निकली चिंगारी से 40 बीघा गेहूं की फसल खाक



**कालपी (जालौन)।** हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से महेवा ब्लॉक क्षेत्र के मौजा पिपरौंधा में गेहूं के खेतों में आग लग गयी। ग्रामीणों और अग्निशमन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक चार किसानों की लगभग 40 बीघा फसल जलकर राख हो चुकी थी। गर्मी की शुरुआत के साथ आग की घटनाओं में इजाफा हो गया है हालांकि इस वर्ष अभी किसी की ज्यादा क्षति नही हुई थी लेकिन मंगलवार को महेवा ब्लॉक क्षेत्र के मौजा पिपरौंधा मे खेतों से गुजरी हाईटेंशन लाईन से चिन्गारी निकलकर खेत में खड़ी गेहूं की फसल मे गिर गई थी जिसके बिकराल रूप धारण करने पर आसपास मौजूद किसानों को जानकारी हो सकी थी किसान लालू सिंह के मुताबिक खेत से धुंआ और लपटों को उठता देख उन्होंने मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग तथा प्रशासन को दी थी और ग्रामीण खुद ही आग को फैलने से रोकने की कवायद मे लगे थे जिसके चलते उन्होंने खडी फसल की ट्रेक्टर से जुताई शुरू कर दी थी लेकिन अग्निशमन विभाग जब तक मौके पर पहुंचता तब तक किसान तेज सिंह, गजेंद्र सिंह, पिंटू सिंह तथा लालू सिंह के खेतो मे आग भडक चुकी थी और जब तक अग्निशमन विभाग आग पर काबू पाता तब तक लगभग 40 बीघा गेहूं की फसल खाक हो चुकी थी। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के अनुसार अग्निकांड की सूचना मिली है राजस्व निरीक्षक तथा क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजा गया है जल्द ही प्रभावित किसानों को उचित राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में तीन नई डायलिसिस मशीनें हुईं स्थापित

▸ **विधान परिषद सभापति मानवेंद्र सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देते हुए नवीन डायलिसिस यूनिट मशीनों का उद्घाटन सभापति, उत्तर प्रदेश विधान परिषद, लखनऊ कुंवर मानवेन्द्र सिंह द्वारा ऑडिटोरियम से वर्चुअल फीता काटकर किया गया। इस पहल से जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों के किडनी रोगियों को अब बेहतर और सुलभ उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। सभापति ने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर बल देते हुए कहा कि रोगीहित सर्वोपरि है और प्रत्येक चिकित्सक को संवेदनशीलता व सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए तथा आश्वस्त किया कि चिकित्सा महाविद्यालय के विकास हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और मरीजों के प्रति समर्पित भाव रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नई डायलिसिस यूनिट की स्थापना को जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, जिससे गंभीर रोगियों को अब दूरस्थ शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता में कमी आएगी और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी ने विगत एक वर्ष में चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा दी गई स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि संस्थान लगातार मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, प्रतिनिधि जलशक्ति मंत्री अरविन्द चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

### सूचना

मैं दुर्गा प्रसाद पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद निवासी मोहल्ला रानी बाजार मकान नंबर 494 मोहल्ला बड़गांव जिला गोंडा सशपथ बयान करता हूं कि मेरे पिता लक्ष्मी प्रसाद पुत्र महादेव प्रसाद की मृत्यु दिनांक 01 अप्रैल सन 2000 को हो चुकी है इसलिए मुझे अपने स्वर्गीय पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है ।

### साईबर ठगी के एक मामले में कुठौंद पुलिस ने पीड़ित के वापस कराये 69 हजार

**कुठौंद (जालौन)।** हरियाणा के चरखी दादरी जिले के ग्राम नौसवा निवासी साहिल, जो कुठोन्द कस्बे के डाकघर में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत हैं, 13 मार्च 2026 को साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। ठगों ने एटीएम और यूपीआई के जरिए उनके खाते से 69 हजार रुपये निकाल लिए थे। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही कुठोन्द थाना पुलिस की साइबर टीम सक्रिय हो। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संबंधित खातों को ट्रेस कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के चलते 6 अप्रैल 2026 को पीड़ित के पूरे 69 हजार रुपये वापस करा दिए गए। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे, उप निरीक्षक रामवीर सिंह और कांस्टेबल बिल्लू राणा की अहम भूमिका रही।

## अपना दल एस की मासिक बैठक सम्पन्न



**फतेहपुर।** अपना दल यस की मासिक बैठक पटेल नगर स्थित पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वहीं बैठक का संचालन जिला महासचिव अरुण पटेल ने किया। इस दौरान बैठक में विधानसभा अध्यक्ष के कार्यों की समीक्षा की गई। जिला कार्यकारिणी का गठन समीक्षा एवं विधानसभा वार जोन अध्यक्षों का गठन किया गया। 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जाने की रणनीति बनाई गई। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन जिला स्तर में मनाया जाने की भी रणनीति बनाई गई। इस दौरान ओलावृष्टि जहां-जहां पर हुआ है उनका चिन्हांकन भी करने की बात की गई और किसानों को ज्यादा ज्यादा मदद पहुंचाने की भी रणनीति बनाई गई। इस दौरान शिव प्रकाश रावत को एससी एसटी मंच का जिला अध्यक्ष बनाया गया। राज बहादुर पासवान को विधानसभा उपाध्यक्ष बिंदकी, अंकित पासवान जोन अध्यक्ष तेलियानी कप्तान सिंह विधानसभा अध्यक्ष अयाह शाह, शुभम पटेल बूथ अध्यक्ष विधानसभा बिंदकी, सुनील पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष अयाह शाह, रामू जोन अध्यक्ष पश्चिमी अयाह शाह बनाया गया।इस दौरान इन लोगों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर बृजेश पाल, पदम सिंह पटेल,गोवर्धन पटेल, योगेंद्र प्रताप सिंह, कप्तान सिंह, विपिन कौशल, दीपू पटेल, विजयपाल, कांति कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय- ग्राम पंचायत गोपालपुर, तप्पा-सुंहाखोर, विकास खंड-फरेंदा, जनपद- महाराजगंज

पत्रांकः मेमो/2025-26 दिनांक 06/04/2026

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

विकासखंड-फरेंदा के ग्राम पंचायत-गोपालपुर,तप्पा-सुंहाखोर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/15 वां वित्त/केंद्रीय वित्त स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ एस.एल.डब्ल्यू.एम/ एस.बी.एम.जी एवं योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट, बालू, सीमेंट, मोरंग, सरिया,साधारण बालू, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, ह्यूम पाइप, शौचालय सीट, टाइल्स, दरवाजे, डस्टबिन, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप, मरम्मत में आने वाले पार्ट्स, निराश्रित पशु आश्रय स्थल, आरो प्लान्ट, ई-रिक्शा कचरा ढुलाई हेतु सफाई किट, फॉगिंग मशीन, टीन शेड, जंगला, बेंच,नल रिबोर, खड़ंजा, स्कूल से संबंधित निर्माण, इंटरलॉकिंग रोड, नाली निर्माण, अमृत सरोवर, बाउंड्रीवॉल, डी.बी.एम.रोड, सी.सी.सड़क, आर.आर. सेंटर, हाट बाजार, मॉडल शॉप, तार फेंसिंग, पानी की टंकी, पंचायत भवन, शोक पिट, अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17-04-2026 को अपराध 2:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत के निविदा बॉक्स में डाली जाएंगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं उसी दिन पूर्ण की जाएंगी। धरोहर राशि मूल्य 5,000-00 (पांच हजार रूपये)होगी।

**नियम व शर्तेंः-**

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा, उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है या आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संगठन करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेंस संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाएं वो वैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएगी।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत या ग्राम प्रधान के आदेश पर की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9. आपूर्तिकर्ता का आयकर देना अनिवार्य है।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान,सचिव,सदस्य,बीडीसी,जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी या रिश्तेदारों द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप एजेंसी होना अनिवार्य है, अन्यथा की दिशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना हो अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होना तथा मापन के उपरांत किया जाएगा, गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक को संकलन करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के साथ 07 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जप्त कर ली जाएगी।
16. नोएडा फॉर्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य रु.200 है पर स्वीकार किया जाएगा।
17. आपूर्तिकर्ता द्वारा समय से आपूर्ति न करने पर टेंडर को स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा और धरोहर धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
18. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**उषा देवी**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत-गोपालपुर, तप्पा-सुंहाखोर
विकासखंड-फरेंदा, जनपद-महाराजगंज

**ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
ग्राम पंचायत-गोपालपुर, तप्पा-सुंहाखोर
विकासखंड-फरेंदा, जनपद-महाराजगंज


# मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज- 5.0 कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**फ्तेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत संस्कृतिक कार्यक्रम एवं नारी सम्मान समारोह का कार्यक्रम जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की उपस्थिति में सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। स्कूली छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति के साथ नारी शक्ति का आकर्षक प्रदर्शन किया। जिसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा शासन के मंशानुरूप नवरात्रि से मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान एवं स्वालंबन व सशक्तिकरण करना है। महिला सशक्तिकरण से ही पूरे समाज का विकास संभव है। महिलाए सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील कि अपने पुत्र/पुत्रियों को समान व्यवहार एवं समान अवसर दे जिससे कि बच्चियां भी बराबर का अवसर पाकर अपने भविष्य को निखार सके और सशक्त बन सके। समाज में लिंग के अनुसार भेदभाव नहीं करना चाहिए जबकि समाज में काफी बदलाव हुआ है और लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है जिससे कि बेटियों को आगे बढ़ने से कोई न रोक सके। उन्होंने कहा कि महिलाए भी समाज में ऐसा कार्य करने की कोशिश करे जिससे कि अपने आप को रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सके जैसे कि पर्यावरण संरक्षण में, सशक्तिकरण की दिशा में, स्वालंबन की दिशा में अन्य के क्षेत्र में कार्य कर दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रही है। उन्होंने विद्यालयों के शिक्षकों से कहा कि बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा दे जो सही मायने में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम होगा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति का यह पांचवां चरण चल रहा है जनपद में महिलाओं के सुगमता के लिए हर थाने में एक मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना की गई है।उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090,112, साइबर से संबंधित 1930, आदि टोल फ्री नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। निखार वूमेन्श ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट की निदेशक एवं आईटीआई ब्रांड एंबेसडर डॉ माधुरी साहू को विगत 19 वर्षो से निरंतर रोजगारपरक प्रशिक्षण के माध्यम से लगभग पंद्रह हजार बालिकाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित एवं सक्षम बनाने, तथा उन्हें व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ नैतिक मूल्यों से सशक्त करने के उनके अद्वितीय एवं समर्पित योगदान के लिए शक्ति योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। दिव्यांग महिलाओं को ट्राई साईकिल एवं मानसिक दिव्यांग बच्चों को किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# श्रद्धांजलि सभा में याद आए पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



स्व संग्राम सिंह वर्मा जी बहुत ही नेक दिल मिलनसार स्वभाव के प्रखर व्यक्तित्व थे जो सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों की सहायता मदद के साथ पूरा मान सम्मान करते थे यही कारण है कि आज जनपद के कोने कोने में दादा संग्राम सिंह को लोग याद कर रहे हैं उनका कार्य व्यवहार विचार सदैव हम सबको गरीब कमजोर जरूरतमंद की सहायता करने के लिए प्रेरणा देते रहेंगे। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सपा जिला कार्यालय पर आयोजित शोक श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किये। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद एवं संचालन जिला महासचिव हिमांशु यादव ने किया। राष्ट्रीय सचिव ने आगे कहा कि संग्राम सिंह वर्मा गरीब किसान नौजवान हिंदू मुसलमान महिलाओं के सच्चे सेवक थे उनकी इच्छा थी कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के पुनः मुख्यमंत्री बने उनके इस सपने को साकार करने के लिए हम सबको एकजुट होकर 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम करना है और आज मैं इस मंच से दादा संग्राम सिंह के सम्मान में नगर पालिका परिषद में किसी उचित स्थान पर स्वर्गीय संग्राम सिंह वर्मा जी की एक आदमकद प्रतिमा लगाने का संकल्प लेता हूं और सीख रही उसको स्थापित कराने का कार्य करूंगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा सदर विधायक धर्मराज सिंह और सुरेश यादव ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने संग्राम सिंह के व्यक्तित्व कृतित्व को याद कर उन्हें नमन किया। संग्राम सिंह वर्मा जी को नमन कर पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का जो सपना स्वर्गीय संग्राम सिंह वर्मा जी ने देखा था उसे पूरा करने के लिए हम सबको अपनी पूरी शक्ति लगानी होगी यही दादा संग्राम सिंह वर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने अपने बड़े भाई संग्राम सिंह वर्मा के पदचिन्हों पर चलने की शपथ लेते उनके कार्य व्यवहार को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हुए उनकी स्मृति में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में दो ऐ.सी. और पूरा साउंड सिस्टम स्थापित करने की घोषणा की।

## अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर- ट्राली सीज

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर को जब्त किया है। यह कार्रवाई असन्दरा थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में बीती रात की गई। जानकारी के अनुसार, देर रात मुखबिर की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने हाजीपुर गांव में अवैध रूप से मिट्टी का खनन और उसका परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। मौके पर मिट्टी लोड करने के लिए एक लोडर भी मौजूद मिला। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने बताया कि जांच के दौरान वाहन चालकों से खनन और परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया और आगे की कार्रवाई के लिए दिलावरपुर पुलिस चौकी को सौंप दिया गया।

# निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के छात्रों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के छात्रों व अभिभावकों का केजीएमयू हीलिंक अस्पताल के विशेषज्ञ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गोविंद पांडेय एवं डॉ गौरव सिंह द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस मौके पर स्कूल में पढ़ रहे 185 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं निःशुल्क दी गई। डॉ गौरव सिंह ने बच्चों को सन्तुलित भोजन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर जागरूक करते हुए कहा कि सुबह ताजा एवं संतुलित भोजन करके स्कूल आएं और अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें। समय समय पर कपड़ो की धुलाई करें, मच्छरों से बचने के लिए हमेशा मच्छरदानी में ही सोएं। स्वास्थ्य परीक्षण में कई अभिभावकों ने भी अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का परामर्श लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, प्रिया मौर्य, सरिता यादव इला देवी, अर्चना, पलक कनौजिया व स्टाफ से जियालाल, सरोज , सरस्वती सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

## हाईवे पर सड़क हादसे में युवक की मौके पर मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लवकुश गुप्ता (पुत्र संकटा प्रसाद वैश्य), निवासी ग्राम ऐलिया थाना इमलिहा सुल्तानपुर जिला सीतापुर बीती रात किसी कारणवश पैदल ही लखनऊ की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह दिलोंना कट के पास नेशनल हाईवे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लवकुश गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सकी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी।

## भाकियू की मासिक बैठक सम्पन्न



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक की मासिक बैठक ब्लाक परिसर स्थित शिव मंदिर पर ब्लॉक अध्यक्ष आदिल खान की अध्यक्षता व तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई! संचालन युवा ब्लॉक अध्यक्ष फूल चन्द्र रावत ने किया! बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि अगामी 9 अप्रैल को बाराबंकी के गन्ना दफ़्तर में किसान समस्याओं को लेकर होने वाली महापंचायत मे सभी ग्राम अध्यक्ष ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। बैठक में तेज प्रताप यादव, शिव शंकर, गुरदेई, ओम प्रकाश, सुरेश चंद, शिवमोहन, बृजमोहन, अरविंद कुमार, शिव प्यारी, फूल कली, सत्यवती, भगवानदीन, जाहिदा खातून आदि सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ओलावर्षि से हुई फसलों का मुआवजा दे सरकार, सौंपा ज्ञापन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील इकाई हैदरगढ़ द्वारा बे मौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की जांच कराकर किसानों को मुआवज उपलब्ध कराने के संबंध में जिलाधिकारी को एक मांग पत्र उपजिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।

मांगपत्र में किसानों ने बे मौसम बरसात से किसानो की फसले खराब गई है जैसे गेहूं का खेत बाली निकली हुई है उसे समय बरसात हुआ फूल झड़ गया एक भी दान बाली में नहीं है पेड़ काले पड़ गए हैं और पत्थर ओला गिरने से बरसात से जिन खेतों को नुकसान हुआ है लगभग 80 प्रतिशत फसलों का नुकसान हुआ है जिसकी जांच कर के और प्रशासन से मांग की गई कि जो किसानों के हमारे केसीसी बनी है जिनके शासन फसल बीमा का पैसा काटा है जांच कर कर उन किसानों को फसल का मुआवजा दिया जाए मैं तो सरकार से मांग कर रहा हूं कि जैसे किसी किसान की पराली खेत में जलती है तो सेटेलाइट से पता चल जाता है तो सरकार को सेटेलाइट से पता लगा लेना चाहिए की फसलों का नुकसान कितना हुआ है ताकि किसानों के समय रहते भरपाई हो सके यदि समय रहते किसने की फसलों का नुकसान की जांच एवं वहां से कार्यवाही एवं मुआवजा नहीं दिया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील इकाई हैदरगढ़ एक जोरदार प्रदर्शन करेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ डॉ हरी रामपाल ब्लॉक अध्यक्ष त्रिवेदीगंज माता प्रसाद चौधरी मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह जिला सचिव संतोष सिंह तहसील उपाध्यक्ष अक्षय वर्मा तहसील राम सजीवन मान यादव रमेश श्रीवास्तव आज व्यक्तियों ने संबोधित किया।

# चंदापुर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत, एसपी ने लगाए स्टार

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



शासन ने जिले में तैनात उप निरीक्षकों को पदोन्नति देते हुए निरीक्षक बना दिया है पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक पद पर पदोन्नति हुए उप निरीक्षकों को कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी है। गौरतलब हो कि सोमवार की देर रात को शासन ने उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए उप निरीक्षकों की सूची जारी की जिसमें रायबरेली जिले के चंदापुर थाने में तैनात थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह भी उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हो गए मंगलवार की सुबह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रायबरेली के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार व क्षेत्राधिकार डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए अरविंद सिंह के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी विदित हो कि अरविंद सिंह 2011 बैच के उप निरीक्षक हैं जो रायबरेली जिले में बीते कई वर्षों से पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं उप निरीक्षक से निरीक्षक बने अरविंद सिंह को उनके साथी कर्मचारियों के साथ ही उनके शुभचिंतकों ने भी उन्हें पदोन्नति होने पर शुभकामनाएं प्रदान की।

## प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधन तंत्र की कमीशनखोरी पर सरकार कसे नकेलः गोविंद सिंह एडवोकेट



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** आजाद शक्ति सेवा संगठन के अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव गोविंद सिंह एडवोकेट ने कहा की वर्तमान समय में जब शिक्षण संस्थानों में नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हो रहा है उसके साथ ही स्टेशनरी में चाहे वह कॉपी हो चाहे किताबें हो उन सब में स्कूलों का अपना कमीशन बाजी का खेल बहुत तेजी से चल रहा है स्कूलों के द्वारा स्कूल प्रबंधन के द्वारा बताई गई दुकान से ही किताबें और स्कूल ड्रेस अभिभावकों को लेना मजबूरी बन गई है.एनसीईआरटी की किताबें जो स्कूलों को लागू करनी चाहिए उन में कमीशन न होने की वजह से उनसे दूरी बना रखी है। सरकार को और जिले के जिम्मेदार आला अधिकारियों को शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस प्रबंधन तंत्र की लूट व्यवस्था पर नकेल कसनी चाहिए जिससे आम जनमानस के घरों से संबंध रखने वाले बच्चों को भी उनके शिक्षा के अधिकार से जो उनका संवैधानिक अधिकार है उससे वंचित न किया जा सके । उत्तर प्रदेश की सरकार को शिक्षा मंत्री को इस पर एक कठोर कानून बनना चाहिए और जिस तरह से एक आम अभिभावक का शोषण प्राइवेट स्कूल कर रहे हैं उस पर नकेल जल्दी से जल्दी कसनी चाहिए। ऐसे स्कूलों पर उनके प्रबंधन तंत्र पर सरकार को कार्यवाही करनी चाहिए जिनके स्कूल की स्टेशनरी लेने की एक निश्चित दुकान है स्कूल ड्रेस लेने की एक निश्चित दुकान है एक निश्चित दुकान होने के कारण अभिभावकों को दुकानदारों के मनमाने रेट पर किताबें एड्रेस और स्कूल से संबंधित सामग्री खरीदना मजबूरी बन जाता है।

# जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर जागरुकता शिविर आयोजित

रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।



उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में अमोद कंठ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित पाकशाला के अतिरिक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए बन्दियों से मिलकर उनका हालचाल जाना गया। दौरान निरीक्षण सचिव द्वारा बन्दियों से उनके मुकदमें में पैरवी के सम्बन्ध में अधिवक्ता की उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गयी। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमाशुँ रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, जेल चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील अग्रवाल व असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल योगेश चन्द्र, उपकारापाल सुमैया परवीन व जनमेजय सिंह उपस्थित रहे।

# कपिला गौ एंबुलेंस का हुआ शुभारंभ



महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

पशुओं के इलाज के लिए शुरू की गई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना। कपिला पशु आहार देश की अग्रणी कंपनियों में एक है और काफी पुरानी भी है कपिला द्वारा गौ एंबुलेंस का शुभारंभ किया गया क्षेत्र के थुलवासां चौराहे पर कपिला पशु आहार का प्रतिष्ठान बना हुआ है वहीं से अमन यादव के द्वारा कपिला गौ एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि पशुपालक टोल फ्री नंबर पर फोन करके इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं अगर किसी का पशु बीमार है तो एंबुलेंस पशुपालक के घर जाकर उसके पशु का इलाज करेगी डॉक्टर और दवा सहित सारी सुविधाएं मौजूद रहेगी। उन्होंने कहा कि कपिला पशु आहार द्वारा या सुविधा किसानों के हितों को देखते हुए शुरू किया गया है ।रायबरेली जनपद में आप कहीं से भी फोन करेंगे तो एंबुलेंस आपके द्वार पहुंच जाएगी और आपके पशु का इलाज करेगी। इस मौके पर अंकित यादव राजू सौरभ भारत लाल यादव सहित तमाम पशुपालक मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग से 20 बीघा गेहूं की फसल राख

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रामगंज थाना अंतर्गत रतापुर गांव के पास गेहूं के खेतों के ऊपर से निकले ढीले और नीचे लटक रहे विद्युत तारों की वजह से निकली चिंगारी के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी।

किसानों का कहना है कि यह घटना कोई पहली घटना नहीं है। हर साल इसी तरह विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते फसलें जलकर बर्बाद हो जाती हैं।

पोल से पोल की दूरी अधिक होने के कारण तार नीचे लटक रहे हैं। जो लगातार खतरा बने हुए हैं। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर मुआवजा दिया जाए।

# डीएम ने प्रधानाचार्यों व डीएफआरसी संग की बैठक



सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

शासन के पत्र दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के साथ पठित विधायी अनुभाग-1 की अधिसूचना दिनांक 12 सितम्बर, 2018 द्वारा उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क निर्धारण) अध्यादेश, 2018 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 6 सन् 2018) (यथा संशोधित 2020) में शुल्क विनियमन के प्रदत्त प्राविधान एवं अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श हेतु जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में आज राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर के सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद/माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद् सी.बी.एस.इ./ आई.सी.एस.ई. के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं जिला शुल्क नियामक समिति (डी.एफ.आर.सी.) के साथ बैठक की गयी है। बैठक में डीएम ने प्रधानाचार्यों से विद्यालयों में छात्रों के प्रवेश एवं शुल्क हेतु मानकानुसार अनिवार्य शुल्क, वैकल्पिक शुल्क व अन्य विभिन्न शुल्क को अधिसूचना में इंगित प्रावधानों के अन्तर्गत ही निर्धारित किये जाने के निर्देश दिए और कहा सक्षम प्राधिकारी/ डीएफआरसी की अनुमति के बिना मध्य सत्र में पूर्व सूचित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जाये। नियम का पालन न करने पर दण्ड या मान्यता रद्द की जा सकती है। विद्यालय के विरूद्ध दण्ड हेतु व्यवस्था की गयी है। नियम उल्लंघन पर दण्ड (विद्यालय के विरुद्ध) हेतु अधिनियम के उपबंधों का प्रथम बार उल्लंघन करने पर अधिसूचित शुल्क से अधिक उदग्रहीत शुल्क वापस करने के साथ-साथ रू0-1,00,000 तक अर्थदण्ड होगा। अधिनियम के उपबन्धों का दूसरी बार उल्लंघन करने पर अधिसूचित शुल्क से अधिक उदग्रहीत शुल्क वापस करने के साथ-साथ रू0-5,00,000 तक अर्थदण्ड लगाया जायेगा।

# अस्पताल की एसी में कोबरा मिलने से मचा हड़कंप

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



तिलोई तहसील के सिंहपुर विकास खण्ड अंतर्गत इन्हौना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा फत्तेपुर स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में उस समय हड़कंप मच गया जब हॉस्पिटल में एक खतरनाक कोबरा सांप निकल आया।

सांप को देखकर अस्पताल के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों द्वारा तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी रामराज यादव, रेस्क्यू टीम के राजेश कुमार यादव और शकील अहमद समेत अन्य टीम के सदस्यों ने मोर्चा संभाला। जब रेस्क्यू टीम पहुंची तो कोबरा सांप एसी के अंदर जाकर छिप गया था। काफी सावधानी और सूझबूझ के साथ टीम ने एसी को बाहर निकालकर सांप को बाहर निकाला। वन विभाग की टीम ने बताया कि कोबरा को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा। रेस्क्यू के बाद अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# आवारा पशु को बचाने में स्कॉर्पियो-ई रिक्शा भिड़े

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



गौरीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गौरीगंज जामों मार्ग पर बहोरीकपुर मोड़ के पास सोमवार शाम स्कॉर्पियो और ई-रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तुरंत राहत कार्य में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर अचानक एक आवारा पशु आ जाने से दोनों वाहनों के चालक उसे बचाने की कोशिश करने लगे। इसी प्रयास में दोनों वाहन असंतुलित हो गए और आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं हैं जिससे वह मौके पर ही अचेत हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित रहा।कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है। मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

# स्कूलों में लापरवाही का आलम, समय से नहीं पहुंच रहे अध्यापक

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



विकासखंड गोंदलामऊ क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। शिक्षकों की लापरवाही के चलते न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि अभिभावकों में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के कई विद्यालयों में शिक्षक निर्धारित समय से काफी देर से पहुंचते हैं और समय से पहले ही स्कूल बंद कर चले जाते हैं। मंगलवार को इस लापरवाही की तस्वीर उस समय सामने आई, जब कई स्कूलों में शिक्षक तय समय तक नहीं पहुंचे और बच्चे उनका इंतजार करते रहे। ताजा मामला प्राथमिक विद्यालय नरवीरपुर का है। यहां सुबह करीब 8:21 बजे तक विद्यालय में कोई भी अध्यापक मौजूद नहीं मिला। हैरानी की बात यह रही कि उस समय विद्यालय में न तो कोई बच्चा उपस्थित था और न ही कोई अन्य कर्मचारी दिखाई दिया। विद्यालय के पास खेत में काम कर रहे एक किसान ने बताया कि यहां शिक्षक अक्सर सुबह 9 बजे के बाद ही पहुंचते हैं, जिसके चलते बच्चे भी देर से स्कूल आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय कभी भी निर्धारित समय पर नहीं खुलता और न ही समय से बंद होता है। शिक्षकों की मनमानी के कारण शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। जानकारी के अनुसार संबंधित विद्यालय के शिक्षक अजय सिंह गोंदलामऊ शिक्षक संघ के अध्यक्ष भी बताए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही लापरवाही बरतेंगे, तो अन्य विद्यालयों की स्थिति कैसी होगी। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि कहीं पद और प्रभाव का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी सिम्मी निगार से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगीइस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी सिम्मी निगार से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी सिम्मी निगार से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी सिम्मी निगार से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क पर गिरा पेड़ की चपेट में आया बाइक सवार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत सड़क किनारे खड़ा महुआ का सूखा पेड़ अचानक गिर पड़ा। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के श्री के पुरवा स्थित पेट्रोल टंकी के पास हुई जहां महुए का जर्जर पेड़ अचानक सड़क पर आ गिरा। बताया जा रहा है कि उसी समय वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार पेड़ की चपेट में आ गया जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सर्वेश निवासी सलोन के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा। लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ों को हटवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहुता विकास खण्ड- त्रिवेदीगंज, जनपद- बाराबंकी**

पत्रांक- मेम/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/2026-27 दिनांक 08.04.2026

**(निविदा आपूर्ति सूचना)**

ग्राम पंचायत- बहुता, विकास खण्ड- त्रिवेदीगंज में महात्मा गांधी/जी राम जी रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा/राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज-2 (एस.एल.डब्लू.एम) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनवाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, हयूम पाइप, पुस्तकालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण, अन्नपूर्णा गोदाम निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु साम्रगी, आफिस स्टेशनरी इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण साम्रगी, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा खंजड़ ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, बायरिंग साम्रगी, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्पयूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 08/04/2026 से 15/04/2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बहुता में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र के साथ बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 16/04/2026 कमेटी द्वारा अपराह्न 02:00 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**नियम/शर्तें**

1. आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
2. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी।
3. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
4. ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग-अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा।
5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान, सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है।
6. निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
7. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा।
8. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
9. आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा।

**देवी प्रसाद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं.- बहुता, वि.खं.- त्रिवेदीगंज**
**जनपद- बाराबंकी।**

**संयम मिश्रा**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्रा.पं.- बहुता, वि.खं.- त्रिवेदीगंज**
**जनपद- बाराबंकी।**

# पढ़ाई के साथ हुनरमंद भी बन रही बेटियां : अर्चना पांडेय

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा आज पढ़ाई के साथ-साथ बेटियां हुनरमंद भी बन रही हैं।

उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वह पढ़ाई के साथ विभिन्न कौशलों में पारंगत होकर हुनरमंद बन रही है। बेटियों के स्वास्थ्य के लिए विद्यालय में ओपन जिम लगाया गया है जिससे वह स्वस्थ व सशक्त होंगी। हम बनेंगे हुनरमंद टीम की बालिकाओं ने विधायक को स्वनिर्मित उपवस्त्र, बेसन सेव, भरवा आचार, आंवला कैंडी से युक्त टोकरी भेंट की।



मुख्य अतिथि ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कक्षा 6 से दामिनी, पायल, शिखा, कक्षा 7 से खुशी, आशिकी, गुनगुन, कक्षा 8 से शिवानी, तान्या, राखी को मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शत प्रतिशत उपस्थिति वाली बालिकाओं की माताओं को अंगवस्त्र पहनाकर उत्साहवर्धन किया। विद्यालय में गठित बाल संसद के पदाधिकारियों को बैज लगाकर शपथ दिलाई। विधायक ने ओपन जिम का शुभारंभ किया व स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वार्डन अरुणा शुक्ला ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, रुद्राक्ष की माला, अभिनंदन पत्र, मोमेंटो भेंट करके किया। विकास दीक्षित लेखाकार ने विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी का स्वागत अंगवस्त्र, रुद्राक्ष की माला, मोमेंटो प्रदान करके किया। स्नेहलता द्विवेदी के संचालन में हुए कार्यक्रम में आशुतोष दुबे, अशीष कुमार मिश्र, गुंजन भदौरिया, रोशनी दुबे, अतुल दीक्षित उपस्थित रहे।

## महादेव सेवक संघ ने किया समीक्षा अधिकारी का जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** असालत नगर स्थित नारायण वाटिका में महादेव सेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त समीक्षा अधिकारी आशुतोष द्विवेदी का माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर महादेव सेवक संघ के प्रदेश मंत्री रामानंद वर्मा ने कहा आशुतोष ने समीक्षा अधिकारी बनकर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया ह। अध्यक्ष विनीत त्रिपाठी एडवोकेट व मंत्री रामेंद्र त्रिपाठी एडवोकेट ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आशुतोष द्विवेदी के पिता विनोद दुबे, माता रेखा दुबे, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ प्रत्यूष दुबे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पापा मेरा नाम लिखा दो सरकारी स्कूल में...

# रैली निकाल बच्चों ने किया नामांकन के लिए जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत गांव में जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमनलता यादव द्वारा गाए प्रेरणादायक गीत ...पापा मेरा नाम लिखा दो सरकारी स्कूल में से हुआ। बच्चे बैंड-बाजे के साथ हाथों में बैनर लेकर पूरे गांव में घूमे और घर-घर विद्यादीप जलाओ, लडका-लडकी सभी पढ़ाओ तथा मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में जाकर नाम लिखाओ जैसे नारे लगाकर लोगों को प्रेरित किया। रैली के समापन पर विद्यालय परिसर में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्विवेदी ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की। उन्होंने कहा कि 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए शिक्षकों को गांव में घर-घर जाकर संपर्क करने और शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्रा, विनोद राठौर, शैलेष मिश्रा, रश्मि तिवारी, अटलबिहारी दीक्षित, रामेंद्रप्रताप सिंह, नरगिस बानो, श्यामवीर सिंह, मो.खालिद, लक्ष्मीदीप तिवारी, सुनीता यादव, अंजलि, आराधना, योगिता कुशवाहा, आकांक्षा मिश्रा, शिवकुमारी, अर्चना पाल, उपमा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# यूपी पुलिस में हुआ दिव्यांशी मिश्रा का चयन



▸ पालिकाध्यक्ष मनोज दूबे ने किया सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला इंदिरानगर निवासी न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में रीडर के पद पर कार्यरत विवेक मिश्रा की पुत्री दिव्यांशी मिश्रा का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से परिवार और पूरे मोहल्ले में हर्ष का माहौल है। दिव्यांशी ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है। उन्होंने हाईस्कूल में 92 प्रतिशत अंक सुभाष अकादमी से, इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत अंक कपिल मुनि कॉलेज बेवर से तथा बीसीए की पढ़ाई सुभारती यूनिवर्सिटी से 80 प्रतिशत अंकों के साथ पूरी की। उनकी इस सफलता का श्रेय उनके माता-पिता के मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम को दिया जा रहा है।

दिव्यांशी की माता मधु मिश्रा, भाई दिव्यम मिश्रा व पिता विवेक मिश्रा बेटी की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, सभासद हिमांक त्रिपाठी, पंकज दुबे, सुशील पाण्डेय, संजीव शुक्ला, रुपेश दुबे, रवीश त्रिपाठी और मोहित पाण्डेय ने उनके घर पहुंचकर दिव्यांशी को सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# समाजवादी व्यापार सभा ने स्मार्ट मीटरों को लेकर जताई नाराजगी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में श्री विजय नाथ मंदिर के पास समाजवादी व्यापार सभा के कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में स्मार्ट मीटरों को लेकर नाराजगी जताई गई। जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों पर रोष व्यक्त किया गया। साथ ही स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिलों को लेकर भी नाराजगी जताई गई। निर्णय लिया गया कि महंगाई और बिजली समस्या के खिलाफ जन-आंदोलन तेज किया जाएगा। सभी कार्यकर्ताओं ने 2027 में समाजवादी सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आंदोलन के लिए नारे दिए गए महंगाई की मार नहीं सहेंगे - 2027 में बदलाव करेंगे। बिजली बिल का खेल बंद करो - जनता पर अत्याचार बंद करो। बैठक में गोविंद यादव, अरविंद गुप्ता, अशोक चौहान, अवनीश गुप्ता, दीपक वर्मा, विपिन, प्रवेश अयान ,मुनीश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाकियू ने की स्मार्ट मीटरों की समस्या के समाधान की मांग

▸ भारतीय हलधर किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय हलधर किसान यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपकर जनपद की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में विशेष रूप से बिजली के स्मार्ट मीटरों में आ रही तकनीकी खामियों और किसानों की फसल को हुए नुकसान को प्रमुखता से रखा गया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने बताया कि जनपद में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों में लगातार तकनीकी खराबी सामने आ रही है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल मिल रहे हैं। इससे आम जनता में असंतोष व्याप्त है। यूनियन ने मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर इन खामियों को शीघ्र दूर कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं को उठाते हुए बताया गया कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अमन कुमार जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक तिवारी उर्फ शानू, पंकज राठौर जिला महासचिव, दयाशंकर प्रदेश संगठन मंत्री, शशांक शर्मा, धर्मेंद्र कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विद्युत पोल से टकराया ऑटो, मासूम की मौत, आठ घायल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ मार्ग पर सोमवार रात करीब 9 बजे सड़क हादसा में ग्राम कुंवरपुर बनवारी के पास एक टेंपो अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गया। घटना में एक वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि परिवार के आठ अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार पिंडारीखेड़ा गांव निवासी विवेक वर्मा अपनी पत्नी कल्पना (25), बच्चों हिमांशी (8), दिव्यांशी (5), प्रियांशु (1) तथा अन्य परिजनों के साथ ऑटो से अपनी बुआ अनारवती के नाती की छठी उत्सव में जा रहे थे। कुंवरपुर बनवारी के पास ऑटो चालक गौतम (32) का वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और बिजली के पोल से जोरदार टकरा गया। हादसे में ऑटो में सवार सभी आठ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने विवेक के एक वर्षीय पुत्र प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया। शेष घायलों का इलाज चल रहा है। परिवार बुआ के यहां खुशी मनाने जा रहा था, लेकिन हादसे ने मातम में बदल दिया।

### ज्ञान भारतम् मिशन को गति, पाण्डुलिपियों के संरक्षण पर जोर



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्राचीन पाण्डुलिपियां, ताड़पत्र और दुर्लभ अभिलेख हमारी सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। इनके संरक्षण और भविष्य की पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन को कन्नौज में लागू किया गया है। इस मिशन के तहत विभिन्न संस्थानों, मठों, मंदिरों, पुस्तकालयों और व्यक्तियों के पास उपलब्ध हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों व भोजपत्रों का सर्वेक्षण, संरक्षण और डिजिटलीकरण किया जाएगा। इन पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम् पोर्टल पर अपलोड कर शोधार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाया जाएगा। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मिशन के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और शिक्षाविद शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी को सदस्य/सचिव बनाया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने पास उपलब्ध प्राचीन दस्तावेजों की जानकारी साझा करें और ज्ञान भारतम् मिशन ऐप डाउनलोड कर इस अभियान से जुड़ें।

### यूट्यूबर जितेंद्र पांडेय लल्लू हुए सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सराफान निवासी लोकप्रिय यूट्यूबर जितेंद्र मोहन पांडेय लल्लू को भरथना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। आर चंद्रा म्यूजिक कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बृज भाषा के प्रसिद्ध एक्टर कृष्ण लाल यादव ने उन्हें ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई कलाकार और गणमान्य लोग मौजूद रहे। जितेंद्र मोहन पांडेय 'लल्लू' अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजन से जुड़े विषयों पर वीडियो बनाकर लोगों के बीच खास पहचान बना चुके हैं। उनके कार्यों की सराहना करते हुए आयोजकों ने उन्हें आगे भी इसी तरह रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# मिरगावां में कमल राज लोकहित वेलफेयर एसोसिएशन का कार्यक्रम संपन्न

▸ राधेश्याम श्याम सेजवार, कमल चक के प्रयासों से समाज का उमड़ा भारी जन सैलाब





**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कमल राज लोकहित वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मंगलवार कों जी.टी.रोड स्थित मिरगावां में सामज का विशाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद/मुख्य अतिथि मुंशीलाल ने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल (1931)मे हुई जनगणना मे अंग्रेजो की सरकार ने भेड,बकरी काटने बालों कों चक समाज का दर्जा दिया था उन्होंने ने समाज के लोगो से जाति जनगणना मे चक के स्थान पर खटीक लिखने के लिए प्ररित करते हुए कहा कि राजनीति के आलावा शिक्षा पर समाज के लोग ध्यान दे7 राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल कुमार चक ने मुख्य अथिति से समाज से उत्थान के लिए कई बिन्दुओ पर जोर देते हुए शासन से उनकी मांगे मांगवाने पर बल दिया। कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवी राधेश्याम सेजवार ने आगंतुकों को कार्यक्रम आने वाले लोगो का आभार जताते हुए उन्हें संगठित होकर संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष लल्ला खटीक, रविंद्र कुमार प्रधान, परशुराम देवल,नीलम देवी ,लक्ष्मी,आशा,रजनी,राधा देवी ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार चक,उमेश,रमेश चंद्र,धर्मेंद्र,आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को अन्य कई वक्ताओ ने भी सम्भोधित करते हुए संगठित होकर राजनीति में भागीदारी करने पर बल देते हुए संगठन को मजबूत बनाने समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचने तथा लोकहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की बात पर बल देते हुए मुख्य अतिथि को सहयोग देने का वादा किया, साथ ही सामाजिक एकता, शिक्षा,रोजगार और जनसेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय लोक दल के माध्यम से समाज के लोगो की समस्याओं को संसद में रखने की बात भी कही कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार एवं अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राज्नेद्र कुमार चक ने की इससे पूर्व मुख्य अतिथि,राष्ट्रीय अध्यक्ष ,समाजसेवी राधे श्याम सेजवार का कमल राज लोकहित वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सामज के संभ्रांत नागरिको ने माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर समान्नित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतू सेजवार,राष्ट्रीय महासचिव संजय खटीक,गिरीश चौहान,प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार चक,,राजेंद्र ,उमेश,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल खटिक,परशुराम देवल,धर्मेन्द्र पूर्व पुलिस उप निरीक्षिक उदल सिंह सहित हजारो लोग उपस्थित रहें इसके पश्चात् तालग्राम ब्लाक के ग्राम कुशलपुरवा में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे बड़ी संख्या में खटिक समाज के लोग उपस्थित रहे आज तिर्वा व ठठिया में कमल राज लोकहित वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में खटिक समाज का पूर्व सांसद मुंशी लाल एवं कमल कुमार चक एवं समाज से लिए सर्मपित राधे श्याम सेजवार की उपस्थित में विशाल कार्यक्रम सम्प्पन होगा।

# गरज-चमक संग आंधी-बारिश, 50 किमी/घंटा की रफ्तार से चली हवाएं

▸ तापमान में गिरावट से गर्मी से राहत

▸ लेकिन तेज हवा-बारिश ने गेहूं की फसल गिराई, किसानों की बढ़ी चिंता



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ आई आंधी और बारिश ने जहां लोगों को तपती गर्मी से राहत दिलाई, वहीं किसानों के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी।

जिले के इंदरगढ़, हसेरन, उमर्दा, गुरसहायगंज, तिर्वा और तालग्राम समेत कई इलाकों में पहले धूल भरी तेज हवाएं चलीं। इसके बाद शाम करीब 5 बजे गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई, जो लगभग 20 से 25 मिनट तक जारी रही। इस दौरान आसमान में लगातार बिजली चमकती रही और बादलों की तेज गर्जना सुनाई देती रही। हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। कन्नौज में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 4 डिग्री कम है। बारिश थमने के बाद भी ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। हालांकि, यह बारिश किसानों के लिए राहत नहीं बल्कि परेशानी बन गई है। पिछले एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते किसान गेहूं की कटाई तेजी से कर रहे थे, लेकिन अचानक आई तेज हवा और बारिश से खेतों में खड़ी फसल गिर गई, जिससे नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि पहले ही आलू की फसल का सही दाम नहीं मिल पा रहा था, ऐसे में गेहूं से कुछ उम्मीद थी। लेकिन अब मौसम की मार ने उनकी आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर दिया है।

किसान रामदास, विपिन, लज्जाराम ने बताया कि प्रशासन को जल्द सर्वे कर नुकसान का आकलन करना चाहिए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाना जरूरी है, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

# आलू प्रसंस्करण उद्योग को सरकार दे रही भारी अनुदान

▸ 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ, उद्यमियों और किसानों से आगे आने की अपील

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से उभरता हुआ लाभकारी सेक्टर बनता जा रहा है। आलू उत्पादन में अग्रणी जनपद कन्नौज में इस क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। कच्चे माल की प्रचुर उपलब्धता के चलते यहां आलू आधारित उद्योग स्थापित कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने उद्योगपतियों, व्यापारियों, शीतगृह स्वामियों और किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत उद्योग लगाने पर लागत का 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है। वहीं, उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत 35 प्रतिशत तक, अधिकतम 5 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर आलू स्टार्च, पाउडर, चिप्स, फ्रेंच फ्राइज समेत अन्य उत्पादों की यूनिट स्थापित की जा सकती है। इससे उद्यमियों को लाभ होगा और किसानों को भी उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा।

# चोरी के शक में कार्रवाई, मुंडन संस्कार में आए युवक को पुलिस ने उठाया

▸ परिजनों व ग्रामीणों ने जताया विरोध, जिले की कोतवाली तिर्वा क्षेत्र का है मामला

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मां त्रिपुर सुंदरी अन्नपूर्णा मंदिर में मुंडन संस्कार कार्यकम में ग्रामीणों के साथ आए एक युवक को पुलिस ने चोरी के मामले मे पकड़ा तो ग्रामीणों के हुजूम ने कोतवाली में हंगामा कर दिया। पुलिस का कहना था कि जिस युवक को पकड़ा गया है उस पर मंदिर में एक महिला के समान की चोरी का आरोप है। बताते चलें कि, छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव रूपपुर/चंदरपुर निवासी संजीव कुमार के पुत्र शिवा का मुंडन संस्कार का कार्यक्रम होना था। इसको लेकर संजीव के रिश्तेदार महिला पुरुष, युवक और युवतियां बड़ी संख्या में लोडर और एक प्राइवेट बस से मंगलवार को तिर्वा के अन्नपूर्णा मंदिर आए थे। संजीव के रिश्तेदारों में सौंरिख थाना क्षेत्र के गांव राजापुर के रिश्तेदार भी शामिल हुए और अन्नपूर्णा मंदिर कार्यक्रम में पहुंचे थे।



मंगलवार की दोपहर यहां मुंडन संस्कार कार्यकम में आए कुछ युवकों ने शराब के नशे का सेवन भी कर लिया, और मंदिर परिसर से लेकर इधर इधर घूमने लगे। इस बीच मौके पर मौजूद पुलिस ने एक युवक मुकेश पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी गांव राजापुर सौंरिख को पकड़ लिया और कोतवाली ले आई। मामले की जानकारी जब मुंडन संस्कार में आए ग्रामीणों और संजीव के अन्य परिजनों को हुई तो बड़ी संख्या में महिला पुरुषों का हुजूम कोतवाली पहुंच गया। हंगामें के माहौल के बीच यहां ग्रामीणों का कहना था कि,पुलिस द्वारा जिस युवक को पकड़ा गया है, वह नशे में जरूर था पर चोर नहीं। चोरी की बात को गलत बताते हुए ग्रामीणों ने कोतवाली प्रभारी की सीट पर मौजूद महिला पुलिस कर्मी से युवक को छोड़ने की बात कही। वहीं महिला पुलिस कर्मी का कहना था कि,मंदिर में चोरी का मामला सामने आया था, जिस पर युवक को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल शक के आधार पर युवक को पकड़ा गया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है, जांच के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी और पकड़े गए युवक को छोड़ा जाएगा।

फिलहाल शाम सात बजे तक जहां ग्रामीणों की भीड़ मौके से रवाना हो गई थी, वहीं पुलिस द्वारा पकड़े गए युवक के कुछ परिजन कोतवाली में ही डटे हुए थे।

उपरोक्त मामले में कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया की फिलहाल उन्हें मामले की जानकारी नहीं है, मामले की जानकारी करके स्पष्टीकरण दिया जा सकेगा।

# डीएम ने की जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि जनपद में 56 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। अब अगले चरण में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की तैनाती तथा उनके प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू की जानी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में अभी तक प्रगणक और पर्यवेक्षक नियुक्त नहीं हुए हैं, वहां यह




▸ 56 फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण पूर्ण

▸ अब प्रगणक-पर्यवेक्षकों की नियुक्ति पर जोर

कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने जनगणना-2027 को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम बताते हुए सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरे किए जाएं, ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बीमारी से तंग आकर महिला ने लगायी फांसी, मौत

**पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

बीमारी से पीड़ित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी 35 वर्षीय चाँदनी पत्नी प्रमोद कुमार शाक्य जो काफी समय से बीमार चल रही थी और उसका उपचार जारी था। मंगलवार की सुबह चांदनी का पति बच्चों की दवाई लेने मार्केट गया था। घर पर चांदनी अकेली थी। उसी समय चांदनी ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं चांदनी की छोटी बहन जब घर पहुंची तो उसे शव को लटका देखा और सूचना अपने जीजा प्रमोद को दी। आनन-फानन में पहुंचे प्रमोद ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँचे कुआँ खेड़ा चौकी इन्चार्ज जितेंद्र कुमार, कांस्टेबिल विजय गूर्जर ने जाँच पडताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका की छोटी बहन नीलम ने बताया कि वह 2 वर्ष से अपनी बड़ी वहन के पास रहकर घर पढ़ाई कर रही है। मृतका अपने पीछे 5 बच्चे छोड़ गई है।


मृतका का फाइल फोटो


जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम

# मिशन कर्मयोगी योजना की एडीओ पंचायत ने बैठक कर दी जानकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए मिशन कर्म योगी की विकासखंड कार्यालय पर बीडीओ के निर्देश पर एडीओ पंचायत ने बैठक ली और सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

विकासखंड कार्यालय के सभागार परिसर में मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही मिशन कर्मयोगी योजना के लिए विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने मिशन कर्मयोगी योजना की बैठक का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के समस्त सफाई कर्मचारी संघ की बैठक बुलाई। समस्त कर्मचारियों तथा अन्य कर्मचारियों को मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही मिशन कर्मयोगी योजना के बारे में जानकारी दी तथा सभी कर्मचारियों को मोबाइल पर आए हुए वीडियो अपलोड करने की बात कही। वहीं मिशन कर्मयोगी योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों को योग्य बनाने के लिए दो से आठ दिन तक साधना सप्ताह के अंतर्गत ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए दो दिन के अंदर मिशन कार्य कर्म योगी योजना को एप के माध्यम से अपलोड करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर एडीएओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दानवीर सिंह, सफाई कर्मचारी विंदा प्रसाद, जमुना प्रसाद, लवलेश कुमार, सुनील कुमार, राजकरण, धीरज कुमार, विनोद कुमार, रीता वर्मा आदि मौजूद रहे।


बैठक लेते एडीओ पंचायत

## सीडीपीओ ने बैठक कर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिये दिशा-निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय के सभागार प्रसार में डीपीओ सुनील श्रीवास्तव के निर्देशन में सीडीपीओ सुपरवाइजर ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक कर मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी दी। विकासखंड कार्यालय के सभागार में डीपीओ सुनील श्रीवास्तव के निर्देशन में सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक ली। जिसमें मिशन कर्म योगी योजना के बारे में जानकारी दी। सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह ने बताया कि मिशन कर्मयोगी योजना जो सरकार द्वारा जारी वीडियो किए जाते हैं उनको सुनकर अपलोड किया जाए तथा सरकारी कर्मचारियों को योग्य बनाने के लिए साधना सप्ताह के तहत 2 से 8 तक अंतर्गत कर्म योगी योजना का प्रशिक्षण सभी सरकारी कर्मचारी प्राप्त करेंगे। इसके लिए सरकार ने कड़ाई से निर्देशों का पालन करने के लिए समस्त विभागों को आदेशित किया है। इस मौके पर सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, वरिष्ठ सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, रजनी वर्मा, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्री

## सरकारी स्कूल से लेकर गांव की गलियों में कूड़े का लगा अम्बार

**सफाई कर्मचारी के न आने से सफाई व्यवस्था चौपट**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सरकार स्वास्थ्य तथा स्वच्छता पर करोड़ा रुपया पानी की तरह बहा रही है। वहीं सरकारी वेतन पाने वाले सफाई कर्मचारी गांव से नदारत रहते है। जिस कारण गांव में कूड़े के ढ़ेर लग जाते है, नालियां बजबजाती है। ग्रामीणों को नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। गांव की सफाई व्यवस्था बीमारियों को दावत दे रही है।

ग्राम पंचायत अमरापुर नगला मकोड़ा के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि जब से नया सत्र शुरू हुआ है, लेकिन सफाई कर्मचारी विद्यालय में देखने भी नहीं आया। जब इसके बारे में एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी यदि गांव में नहीं है तो उसके विरुद्ध नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं फिर एडीओ पंचायत कार्यालय से सफाई कर्मचारी को फोन लगाकर बात कराई गई तो उसने बताया कि वह गांव में है, जबकि एक असरदार गांव के व्यक्ति के घर पर वह सफाई करता है, लेकिन जहां सैकड़ों बच्चे स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यालय पहुंच रहे हैं, उनके स्वास्थ्य पर खतरा हो सकता है।

वहीं सफाई कर्मचारी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह जनपद मैनपुरी से आते हैं। इस वजह से सुचारू रूप से कार्य नहीं हो पता है।


गली में भरा कीचड़

## मेले में बेटे से मारपीट, जेब से निकाले पैसे, पीड़ित ने दी तहरीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेले के दौरान एक युवक से मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना 6 अप्रैल 2026 को मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला बलिया चौसेपुर पोस्ट मौधा में लगे मेले में हुई। विमल चंद्र ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका बेटा प्रशांत मेला देखने गया था। प्रशांत के पास 2500 रुपये थे, जिसमें से उसने 500 रुपये एक दुकानदार को दिए। इसी दौरान चौसेपुर निवासी आंसू सिंह पुत्र सुधीर सिंह, राजा सिंह पुत्र अमरपाल सिंह, सुधीर पुत्र रावेंद्र सिंह और प्रदीप सिंह पुत्र अतराज सिंह ने प्रशांत पर पैसे दिखाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आंसू सिंह ने प्रशांत की जेब से 2500 रुपये भी निकाल लिए। मौके पर मौजूद संतोष के बेटे प्रिंस और संजीव वर्मा के बेटे अंकित ने प्रशांत को बचाया।

शाम को घर लौटने पर प्रशांत ने अपने पिता विमल चंद्र को पूरी घटना की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्हें शिकायत पत्र मिल गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और उसके बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान व उनके भाई सहित सात पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव जरहरी निवासी आनंद मिश्रा ने पड़ोसी गांव नगला खोंटा निवासी जवाहर लाल पुत्र रामदास, सुमित पुत्र विजय पाल, मंजू देवी पत्नी तिलकराम, रामवेटी पत्नी विजयपाल, विजयपाल पुत्र मिट्ठू लाल व पूर्व प्रधान अरविन्द कुमार पुत्र सत्यराम और अरविन्द कुमार के भाई देवेंद्र के विरुद्ध गाली–गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 27/09/2025 समय लगभग सुबह 7:30 बजे उपरोक्त सभी आरोपित हमारी रास्ता बंद कर रहे थे, जो रास्ता 100 वर्षों से चल रहा है। जब हम लोगों ने मना किया तो उपरोक्त सभी आरोपितों ने गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडों से मारपीट की और बाद में जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दरोगा सूर्यप्रकाश उपाध्याय के सुपुर्द कर दी।

## अनियंत्रित टेंपों विद्युत पोल से टकराया

**एचटी लाइन की तार टूटकर पेड़ पर गिरा, टला बड़ा हादसा**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एचटी लाइन के पोल में टेंपो टकराने से तार टूट कर पेड़ पर गिर पड़ा। जिससे पेड़ पर आग लग गयी। किसी तरह विद्युत बंद करायी गई। जिससे बड़ा हादसा टल गया। विकासखंड कार्यालय के सामने काफी दिनों से जर्जर तरीके से लगे बिजली के पोल से फर्रुखाबाद की तरफ से आ रहा एक तेज रफ्तार टेंपो टकरा गया। जिससे एचटी लाइन का तार टूटकर पेड़ पर गिर गया। जिससे पेड़ पर आग लग गयी। विकास खण्ड कर्मचारियों ने सूचना बिजली विभाग जूनियर इंजीनियर अब्दुल मजीद को दी। उन्होंने विद्युत सप्लाई बंद करायी। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## इटावा में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मोहम्मदाबाद,समृद्धि न्यूज।**

इटावा जनपद में एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक शिवम यादव की मौत हो गई। यह घटना चौबिया थाना क्षेत्र की करिं पुलिया के पास हुई, जब एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। शिवम यादव मोहम्मदाबाद कस्बा के जवाहर नगर निवासी अखिलेश यादव के पुत्र थे। 6 अप्रैल को शाम लगभग 7 बजे शिवम यादव अपने चाचा अनुराग के साथ पल्सर बाइक से अपनी ननिहाल इटावा जा रहे थे। करिं पुलिया के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण शिवम यादव और उनके चाचा अनुराग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर दोनों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने शिवम यादव को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शिवम का शव आज दोपहर लगभग 2 बजे उनके निजी आवास पर पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों और स्थानीय निवासियों में गहरा शोक छा गया। मृतक शिवम यादव अपने दो भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी शादी लगभग पांच माह पूर्व नवंबर 2025 में हुई थी। उनकी माता का नाम पूनम और पत्नी का नाम भी पूनम है।



## बच्चे फास्ट फूड से बनाये दूरी: मिथलेश अग्रवाल

**सीपी विद्या निकेतन में विश्व स्वास्थ्य दिवस का हुआ आयोजन**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीपी विद्या निकेतन इण्टर कालेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डॉ. रामनरेश ने बच्चों को फास्ट फूड से बचने की सलाह दी।

विद्यालय की निर्देशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमे नियमित साफ -सफाई एवं व्यायाम करना चाहिए। उप प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने स्वास्थ्य की परिभाषा बताते हुए कहा कि हम शरीरिक मानसिक एव सामाजिक रूप से स्वस्थ्य है, तभी हम स्वास्थ्य कहलायेगे। प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए सफ-सफाई एव व्यायाम जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. विजय बाबू गुप्ता, धर्मेन्द्र मिश्रा, अनिल कुमार तोमर, जूनियर विग के इंचार्ज वीर सिंह शाक्य एव विद्यालय के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।


बच्चों के साथ मौजूद डॉ. मिथलेश अग्रवाल

## जमीनी विवाद में पुलिस ने आठ के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद में मारपीट के बाद शिकायत करने थाने पहुंचे युवक की सुनवाई न होने पर उसने परिसर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने युवक को सीएचसी भेज दिया। आनन फानन में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपित पुलिस की पहुंच से दूर हैं।

क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर निवासी रामपाल सोमवार को पुत्री किरन के साथ खेत में सरसों काटने गए थे। उसी समय गांव निवासी कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर गली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी। बचाने आई बेटी के साथ भी मारपीट कर दी। जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। कार्रवाई में देरी व टालमटोल होने पर रामपाल के पुत्र प्रवेश कुमार ने थाना परिसर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगाड़ने पर थाने पुलिस आनन फानन में युवक को सीएचसी कायमगंज ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया रेफर किया गया। पुलिस ने मामले को बढ़ता देख आठ आरोपितों लोकेंद्र, नक्षत्रपाल, रजनेश, विवेक, जबर सिंह, रनदेश सिंह, विनोद पाल व एजेंट पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# स्कूल बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**सभी घायलों को निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती, दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार**

**मोहम्मदाबाद,समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के संकिसा रोड स्थित बाजार में एक स्कूल बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार चार लोग घायल हो गए। ये सभी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नगला धना निवासी रामप्रकाश का पुत्र राजेश अपने परिवार और रिश्तेदारों को ई-रिक्शा से नीम करोरी दर्शन के लिए ले जा रहा था। जैसे ही राजेश कस्बे के संकिसा रोड स्थित बाजार में पहुंचा, सामने से आ रही एक स्कूल बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में राजेश की माता रीता देवी (60 वर्ष), बेटी आंशिक (11 वर्ष), मैनपुरी जनपद के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम कुटू निवासी खुशबू (29 वर्ष) पत्नी प्रताप और कन्नौज जनपद के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के बिडियानी निवासी करिश्मा (11 वर्ष) पुत्री अनूप घायल हो गए। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्हें एक्सीडेंट की कोई सूचना नहीं मिली है और न ही इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त हुई है।

## हिन्दू युवती का शादी के नाम पर शोषण, आरोपी आजम गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शादी करने का झांसा देकर हिन्दू युवती को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी आजम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कादरीगेट के भगुआ नगला निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि थाना मऊदरवाजा के ग्राम ढिलावल चौराहा निकट निवासी आजम खां पुत्र ननकू खां शादी करने का झांसा देकर अपने घर में पत्नी की तरह रखा और शोषण किया। जिससे वह गर्भवती हो गयी। जब शादी करने को कहा तो उसने अपनी बहन के यहां भेज दिया। इस दौरान उसने दूसरी लड़की से शादी कर ली और शादी करने से मना कर दिया। आरोपी आजम बीते कई वर्षो से नाला बघार सड़क के किनारे मकान में किराए पर रहता था। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी आजम को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने सांठगांठ कर कुंडल निकालने वाली आरोपी महिलाओं को छोड़ा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

दवाई लेकर ई-रिक्शा से घर वापस जा रही वृद्धा के कान से दो महिलाओं ने कुंडल निकाल लिया। ई-रिक्शा से उतरने पर महिला को जानकारी हुई। पुलिस ने कुंडल के बदले वृद्धा को कुछ रुपए दे दिए व महिलाओं से साठगांठ कर मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ दिया। क्षेत्र के गांव होतेपुर निवासी वृद्धा शिवरानी तीन दिन पूर्व रविवार दोपहर दवाई लेने कंपिल आई थीं। वह ई-रिक्शा से घर वापस जा रही थी। उसी समय रास्ते में दो महिलाओं ने वृद्धा के एक कान का कुंडल निकाल लिया। ई-रिक्शा से उतरते समय वृद्धा को कान से कुंडल गायब होने की जानकारी हुई।

वृद्धा के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने महिलाओं को घेर लिया, लेकिन तब तक महिलाओं ने कुंडल गायब कर दिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस वृद्धा व अन्य दोनों महिलाओं को थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में महिलाओं ने स्वयं को राजस्थान निवासी बताया।

कुछ समय बाद पुलिस ने महिलाओं से सांठ गांठ कर वृद्धा को कुंडल के बदले अठाईस हजार रुपए महिलाओं से दिला दिए और मोटी रकम लेकर उन्हें छोड़ दिया। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया महिलाओं की पहचान नहीं हो सकी। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

# लखनऊ रवाना हुई आलू किसान बचाओ यात्रा



लखनऊ यात्रा ले जाते किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मंडी सातनपुर से लखनऊ को आलू किसान बचाओ यात्रा रवाना हुई। आलू का निर्यात कराओ, मरता हुआ किसान बचाओ, जो आलू हित की बात करेगा। वही देश पर राज करेगा, आदि नारे लगाते हुए यात्रा का शुभारंभ हुआ। जिसका नेतृत्व किसान नेता अशोक कटियार कर रहे हैं। यात्रा रवाना होने से पहले पूर्व अध्यक्ष सुधीर वर्मा रिंकू के प्रतिष्ठान पर बैठक हुई।

मुख्य अतिथि किसानों के नेता अजय अनमोल ने कहा कि आलू के लाभकारी मूल्य के लिए आपको जुनून पैदा करना होगा तभी लड़ाई जीती जा सकती है, हमने फर्रुखाबाद में आप सभी के जुनून पर ही पहले आंदोलन करके सफलता प्राप्त की थी। आलू के अत्यधिक गिरते मूल्य पर उन्होंने कहा आलू उत्पाद को कैसे कहां खपत हो। जिसके लिए आलू विकास बोर्ड बनाया जाए। किसान नेता अशोक कटियार ने कहा कि आलू की दुर्दशा पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। फर्रुखाबाद के अलावा देश में कहीं भी आलू पर मंडी टैक्स नहीं है, यहां तो दो ढाई सौ रुपए में आलू बिक रहा, लेकिन मंडी टैक्स पांच सौ स, छः सौ रूपए से लिया जाता है। आलू का निर्यात अविलम्ब कराया जाए। आलू आधारित उद्योग लगाए जाएं। प्रमुख रूप से अध्यक्ष आलू आढ़ती एसोसिएशन अर्पित राजपूत, पूर्व अध्यक्ष सुधीर वर्मा रिंकू, परशुराम वर्मा, लालू यादव, भाजपा नेता प्रभात अवस्थी, संजय कटियार, वीरेंद्र आर्य, परशोत्तम वर्मा, रामलड़ैते राजपूत, प्रदीप गुप्ता मोनी, सुधीर शुक्ला, अरविन्द कटियार, भूपेन्द्र पथरिया, राजेन्द्र पाल, अंशुल कटियार, अजय राजपूत, श्रीचंद मिश्रा, मुन्ना राजपूत, बालकिशन शाक्य, आलोक कटियार, हरिश्चंद्र राजपूत, संतोष कुमार आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता परशुराम वर्मा ने व संचालन मीडिया प्रभारी अरविन्द राजपूत ने किया।

# परशुराम ने राजा सहस्त्रबाहु का किया था वध

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परशुराम जन्मोत्सव वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि (अक्षय तृतीया) को भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जायेगा। महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र के रूप में जन्में परशुराम का जन्म त्रेतायुगमें अत्याचारी क्षत्रियों का अंत कर धर्म की स्थापना करने के लिए हुआ था। उनका जन्म स्थान मध्य प्रदेश के इंदौर के पास जानापाव पर्वत को माना जाता है।


विनोद अग्निहोत्री,समाजसेवी

**विनोद अग्निहोत्री** ने बताया कि पृथ्वी पर बढ़ते पाप और अन्यायी राजाओं (सहस्त्रबाहु) के अंत के लिए उन्होंने अवतार लिया था। उन्होंने 21 बार अताताइयों का नाश कर भूमि को पापमुक्त किया।उनके पास भगवान शिव का दिया हुआ परशु (फरसा) था, जिसके कारण वे परशुराम कहलाए। परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है और वे राम-परशुराम संवाद और महाभारत (भीष्म, द्रोण, कर्ण के गुरु) दोनों कालों में उपस्थित रहे।


मनोज शुक्ला, अध्यापक

**अध्यापक मनोज शुक्ला** ने बताया कि परशुराम जगत के पालनहार श्रीहरि विष्णु के छठवें अवतार हैं। पौराणिक मान्यता है वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम ने अवतार लिया था। परशुराम जी का अवतार उग्र माना गया है। पौराणिक कथा के अनुसारए प्राचीन समय में महिष्मती नाम के एक नगर में सहस्त्रबाहु राजा शासन किया करता था। राजा सहस्त्रबाहु बहुत ही क्रूर था। उसमें दया नाम की चीज नहीं थी।


शिवम दुबे, भाजपा नेता

**भाजपा नेता शिवम दुबे** ने बताया कि राजा सहस्त्रबाहु प्रजा पर बेहद अत्याचार करता था। जिससे नगरवासी राजा से परेशान हो गए, तब माता पृथ्वी भगवान विष्णु की शरण में पहुंची। भगवान विष्णु ने माता पृथ्वी से कहा कि जल्द ही राजा सहस्त्रबाहु के अत्याचारों का अंत होगा। श्रीहरि ने माता से कहा कि जब अधर्मी के द्वारा धर्म का पतन करने का प्रयास किया जाता है, तब वो धर्म की स्थापना के लिए अवश्य अवतार लेते हैं।

# आंधी-पानी के चलते आवागमन बाधित, किसानों को भी नुकसान



बरसात के कारण सड़क पर छाया सन्नाटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मौसम के करवट बदलते ही जहां एक ओर खड़ी फसलों में नुकसान हो रहा है,वहीं आवागमन भी बाधित हुआ है। वहीं फतेहगढ़ में मंगल बाजार के दौरान पानी बरसने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फुटपाथी दुकानदार अपना सामान इधर-उधर समेटते रहे। जिससे उनके बेंचने वाले कीमती कपड़े व अन्य सामग्री भीग गयी। पिछले तीन दिनों से मौसम अपनी लगातार करवट बदल रहा है। वहीं खेतों में फसलों का नुकसान हो रहा है। साथ ही बाजार आने जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानों पर सन्नाटा हो गया। आंधी पानी के कारण रोड पर चल रहे वाहन स्थिर हो गये। तेज हवा के कारण दुकानों का सामान बिखर गया। फुटपाथी दुकानदारों को आंधी पानी के कारण नुकसान हुआ और परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात के कारण सड़कों पर सन्नाटा छा गया। सुबह से ही मौसम बदला-बदला था और बादल छाये थे। देर शाम आंधी पानी ने आम जन मानस की स्थिति पर असर डाला। जहां किसानों को नुकसान हुआ। वहीं अन्य लोगों का भी नुकसान हुआ है।

## विहिप ने प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा परिषद के सह जिला गौरक्षा प्रमुख के प्रदीप सक्सेना ने अपने सगठन के पदाधिकारियों के साथ तहसील परिसर में पहुंचकर मुख्यमन्त्री सम्बोधित उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह को प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमे कहा कि प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा माफिया खुलेआम मनमानी कर रहे है। एडमीशन फीस लेना, अपने निजी प्रकाशन की मनमाने पुस्तकों की बिक्री करना, एडमीशन फीस लेना यूनीफार्म भी अपनी कमीशन वाली दुकानों पर दिलवाना यह सारी व्यवस्थाएं अभिभावक सक्षम नहीं है। जिसके चलते मध्यम वर्ग व निम्न वर्ग के बच्चे अच्छी शिक्षा लेने से वंचित रह जाते है। तत्काल इन स्कूलों की मान्यता खत्म की जाए। सरकार की तरफसे प्राइवेट स्कूलों में 25, कोटा गरीव बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने के लिए आरक्षित है, लेकिन कोई भी स्कूल एडमीशन नहीं देता है इन 25 सीटों की रिपोर्ट शासन को भेजकर फर्जी तरीके से सल्सिडी घोटाला का खेल चल रहा है।

# सिलेंडर न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने लगाया जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जाम लगाये उपभोक्ता

मंगलवार की सुबह गैस सिलेंडर न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने मुख्य मार्ग लाल सराय में जाम लगा दिया। शहर के लाल सराय स्थित नेशनल गैस सर्विस पर मंगलवार को महिलाओं और युवकों ने गैस न मिलने के चलते सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। सुबह से ही एजेंसी पर सिलेंडर लेने वालों की भारी भीड़ जुटी थी। कई दिनों के इंतजार के बाद भी सिलेंडर न मिलने पर लोग आक्रोशित हो गए। प्रदर्शन के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारी हटने को तैयार नहीं हुए। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच बहस हुई। जाम में फंसे राहगीरों और प्रदर्शनकारियों के बीच कहासुनी हुई। आक्रोशित उपभोक्ताओं का कहना है कि वह तीन से चार दिनों पहले सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन उन्हें अब तक डिलीवरी नहीं मिली है। वे लगातार एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। एजेंसी प्रबंधक ने बताया कि गैस की सप्लाई नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों से बात की गई है और जैसे ही गैस की गाड़ी पहुंचेगी, पहले से बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को स्टॉक के अनुसार सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। जाम की सूचना पर डीएसओ सुरेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उपभोक्ताओं को समझाया कि जिन लोगों ने सिलेंडर की बुकिंग की है उनके घर पर सिलेंडर पहले पहुंचाया जायेगा। उसके बाद उपभोक्ता मान गये और बाद में अपनी बुकिंग एजेंसी पर कराने लगे। जाम खुलवाने को लेकर पुलिस को लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। तीखी गहमा-गहमी के बाद भी जाम नहीं खुला तो सूचना पर पहुंचे डीएसओ ने समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

## शिक्षा की अलख जगाने को बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली



रैली में भाग लेते छात्र मौजूद शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा की अलख जगाने के लिए बच्चों ने स्कूल चलो अभियान रैली निकाली। मुडौल संकुल प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लहपुर एवं प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के बच्चों ने साउंड सिस्टम के साथ स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। गांव भ्रमण के दौरान प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल को ग्रामीणों ने बताया कि उनके क्षेत्र में एक अमान्य विद्यालय संचालित हो रहा है। उस स्कूल में कक्षा 5 पास बच्चों को कक्षा दो व तीन में प्रवेश लिए जा रहे हैं। रैली के दौरान प्राइमरी और जूनियर हाईस्कूल में 5-5 बच्चे प्रवेश हेतु मिले। जिनके नामांकन फार्म भरे गए। रैली में जयवीर सिंह, आकाश पाल, कुमार गौरव, पंकज कुमार, दिनेश राजपूत, अनोखेलाल, सुखवीर सिंह आदि साथ मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की लंबित ऋण आवेदनों की समीक्षा



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उप्र शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लंबित ऋण आवेदनों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बैंक समन्वयक, अग्रणी जिला प्रबंधक (बैंक ऑफ इंडिया), प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई फर्रुखाबाद, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला प्रबंधक कौशल विकास मिशन, परियोजना अधिकारी डीआरडीए, जिला उद्यान अधिकारी तथा जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लंबित ऋण आवेदनों पर शीघ्र एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र आवेदकों को समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित कराया जाए। जिससे अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। बैठक में योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

## डीएम ने की लोक निर्माण विभाग के कार्ययोजना की भी समीक्षा



बैठक लेते डीएम मौजूद जनप्रनिधि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उप्र लोक निर्माण विभाग की वितीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें विधायक अमृतपुर, भोजपुर एवं कायमगंज उपस्थिति रही। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु प्रस्तावित सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मण्डलीय भारत कौशल प्रतियोगिता में जनपद के तीन छात्र बने विजेता



निदेशक के साथ मौजूद विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मण्डल स्तर आयोजित भारत कौशल प्रतियोगिता में कानपुर मण्डल के समस्त जनपदों के प्रतिभागियों ने 20 विभिन्न कौशल विधाओं में प्रतिभाग किया था। मण्डल के विजयी प्रतिभागियों में से जनपद के 64 प्रतिभागी प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता हेतु चयनित हुये। प्रदेश स्तर पर 20 विभिन्न कौशल विधाओं में आयोजित की गयी। जिनमें से पूरे प्रदेश में कुल 20 स्वर्ण, 20 रजत एवं 20 कांस्य पदक ट्राफी विजेताओं का चयन किया गया। पूरे प्रदेश में अकेले जनपद से 03 प्रतिभागी विजय हुये। वह तीनों प्रतिभागी आईटीआई फर्रुखाबाद के प्रशिक्षार्थी हैं थे। गम्भीर सिंह को ब्यूटी थेरेपी में स्वर्ण पदक व करन कुमार को सी0एन0सी0 मिलिंग में स्वर्ण पदक तथा श्रवण कुमार को आटो मोबाइल टेक्नोलाजी में रजत पद प्राप्त हुआ। प्रदेश स्तर पर जनपद जनपद के विजय प्रतियोंगियों द्वारा उत्तर भारत स्तर पर आयोजित भारत कौशल प्रतियोगिता 2025-26 में कुल 09 राज्यों के प्रतिभागियों ने 20 विभिन्न कौशल विधाओं में प्रतिभाग किया। जिसमें उत्तर प्रदेश से 11 प्रतिभागी विजय हुये। जिसमें जनपद के गम्भीर सिंह को ब्यूटी थेरेपी में पुरस्कार स्वरूप 50 हजार रू0 एवं रजत पदक प्राप्त हुआ। पूरे भारत स्तर पर सभी राज्यों के प्रतिभागियों ने 63 विभिन्न कौशल विधाओं में प्रतिभाग किया था। जिसमें उत्तर प्रदेश से 07 प्रतिभागी विजयी हुए। उत्तर प्रदेश के विजयी 07 प्रतिभागियों में से पुनः गम्भीर सिंह पुत्र सुधीर बाबू जनपद ने पुरस्कार स्वरूप 50 हजार रू0 तथा एक कांस्य पदक प्राप्त किया। जो जनपद एवं आई0टी0आई के लिए अत्यन्त गौरव का विषय है एवं अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए जो पूरे भारत स्तर के विजयी प्रतियोगिता एलिमिनेशन राउंड के मुबई में 09 मई के मध्य आयोजित की जायेगी। जिसमें गम्भीर सिंह द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। आगामी विश्व स्तर पर विश्व कौशल प्रतियोगिता चीन के बीजिंग शहर में आयोजित की जायेगीं।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामानंद वर्मा की सम्पत्ति मकान नं0 6/90, आवास विकास कॉलोनी, फर्रुखाबाद के मूल अलॉटमेंट लेटर और पजेशन पत्र दिनांक 05/04/2026 को वास्तव में खो गया है। उपरोक्त प्रपत्रों की सम्पत्ति श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक की जा रही है। उपरोक्त मूल अलॉटमेंट लेटर और पजेशन पत्र का किसी व्यक्ति द्वारा किसी भी रूप में प्रयोग किया जाता है तो वह अवैध होगा और यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो अथवा उपरोक्त मूल प्रपत्र प्राप्त हो तो मुझे निम्न पते पर 10 दिन के अन्दर सूचित करें।

**नीरज तिवारी, एडवोकेट,**
**कमर्शियल कोर्ट कम्पाउंड,**
**सिविल लाइन्स कानपुर नगर।**
**मो0 8299649628**


## रुखईया खालिकदादपुर में भाजपा का गांव चलो अभियान का हुआ आयोजन



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डॉ0 बीके गंगवार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड नवाबगंज के अचरा मंडल शक्ति केंद्र रुखईया खलिकदादपुर में पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में गांव चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बीके गंगवार ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जन-जन को बताया। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को बनी इस पार्टी की केंद्र के साथ-साथ कई राज्यों में सरकार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं व नेताओं से अपील कि वे लोगों को पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ जोड़ें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान दें। इस दौरान किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष भाजपा अचरा कुनेंद्र गंगवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नवाबगंज कमल भारद्वाज, मुकेश दुबे, विक्रम राजपूत, बलिष्टर सिंह राजपूत, शक्ति केंद्र संयोजक जगमोहन राजपूत, बूथ अध्यक्ष मंजीत राजपूत एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# टीईटी अनिवार्यता का विरोध को शिक्षकों ने दी गति

**▸ विद्यालयों में सम्पर्क कर बाइक रैली को सफल बनाने की बनायी रणनीति**



विद्यालयों में सम्पर्क करते शिक्षक नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के नेताओं ने बढ़पुर ब्लाक के स्कूलों में टीईटी अनिवार्यता के विरोध के चलते कई विद्यालयों के शिक्षकों से संपर्क करके 13 अप्रैल को होने वाली विशाल बाइक रैली में अधिक से अधिक लोगो को ढाई बजे बीएसए कार्यालय में पहुंचने की अपील की। शिक्षक नेताओं ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का विरोध जारी रहेगा। 13 अप्रैल को बाइक रैली निकाली जायेगी, जो कलेक्ट्रेट होते हुए अम्बेडकर तिराहे से होते हुए जिला जेल चौराहे से निकलेगी। जनपद के सभी शिक्षक-शिक्षिकायें प्रतिभाग करेंगे। साथ ही ड्रेस पहनकर व हेलमेट लगाकर आये। जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। बढ़पुर ब्लाक के प्रमुख विद्यालयों में जाकर शिक्षक नेताओं ने सम्पर्क किया और टीईटी अनिवार्यता का विरोध किया। जिसमें प्रमुख रूप से कम्पोजिट विद्यालय याकूतगंज, मीरपुर, लक्ष्मीपुर, पापियापुर, मरूपुर सहजू, अर्जुन नगला, निनौआ आदि विद्यालओं लक्ष्मी वर्मा, मंजुलता वर्मा, रागिनी, रेखा शुक्ला, विषम्भर दयाल, प्रशांत कटियार, अमरीन कमर, शबनम, परवीन, पुष्पादेवी, नरेन्द्र सिंह, प्रियंका कटियार, ज्योति शर्मा, जितेंद्र सिंह, विंदिया यादव, नम्रता दीक्षित, इंदु अरोड़ा आदि शिक्षकों से सम्पर्क किया। सभी ने आंदोलन में समय से पंहुचने एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया दिया। भ्रमण के दौरान संयोजक भूपेश पाठक, संरक्षक मजहर मोहम्मद, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, टीएससीसी के जिला संयोजक सुजीत सिंह व आलोग द्विवेदी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जागरुकता अभियान के तहत अभिभावकों को किया जागरुक



विद्यालय में बच्चों को जागरुक करते प्रधानाध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड शमशाबाद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद के प्रधानाध्यापक राजकुमार ने शत-प्रतिशत नामांकन बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों व अभिभावकों को जागरुक किया। अभिभावकों के घर-घर जाकर शिक्षा के महत्व को समझाया। प्रधानाध्यापक राजकुमार ने अभिभावकों के मध्य कहा कि आधी रोटी खाओ और बच्चों को जरुर पढ़ाओ, जिससे इन बच्चों का भविष्य सुधरेगा। साथ ही परिवार के बच्चे शिक्षित होकर जनपद व देश का नाम रोशन करेंगे। कक्षा-6 व 7 में अध्यारत्न छात्र-छात्राओं के छोटे भाई-बहनों का नामांकन व कक्षा 6 में प्रवेश कराने की अपील की गई। जो कक्षा-5 पास कर चुके बच्चे है वह विद्यालय में आकर अपना नामांकन कराये। अमलैया आशानंद में लगभग पांच गांव के बच्चे आकर पढ़ाई करते है।

अमलैया आशानंद, गदनपुर चैन, गदनपुर वक्त, भटपुरा, ठिठौली पट्टी आदि गांव के बच्चे पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पढ़ते है। प्रधानाध्यापक ने गांव-गांव जाकर सम्पर्क किया और लोगों को लगातार विद्यालय में बच्चों का नामांकन कराने के लिए जागरुक कर रहे है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास, खेलकूद, नवाचार विधि से शिक्षक कराया जा रहा है। गणित, विज्ञान, हिन्दी, कला, संस्कृत, समाजिक विज्ञान, कम्प्यूटर, खेलकूद के विशेष प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षण कराया जा रहा है।

# भ्रष्ट जेई के खिलाफ किसान यूनियन ने खोला मोर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (पीडीए) शक्ति ने याकूतगंज फीडर पर तैनात जेई अजीत राजपूत के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। भाकियू पीडीए ने जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर मांग की है कि याकूतगंज फीडर पर तैनात जेई अजीत राजपूत अपनी मनमानी करते है। तथा अपने बल पर ही कम्प्यूटर आपरेटर को बिना विभाग की अनुमति से नियुक्त कर लिया है। तथा उनके अन्डर में जो भी ग्रामवासी आते है। सन्देह राजपूत जो कि जनसेवा केन्द्र याकूतगंज में चलाते हैं उन्हे गाली गलौज कर और झूठे मुकदमा लिखाने की धमकी दी। उन पर झूठा बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर रिश्वत लेते है तथा जन मानस से मनमानी करके भ्रष्टाचार में लिप्त होकर धन अर्जित करते है। ऐसी स्थिति में उनके विरूद्ध जाँच कर कार्यवाही करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर ट्रांसफर न किया गया तो भाकियू नेता मिलकर घेराव करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सर्वेश सिंह यादव, उज्जलकांत, शेर सिंह, अमित कुमार, अकबर अली, सर्वेश कुमार, हरकेश कश्यप, रमन कुमार, मनीष कुमार, अंजली दीक्षित, शकुंतला दीक्षित, शशि दुबे, माधुरी, रजनी आदि लोग मौजूद रहे। बताते चले कि इससे पहले भी जेई पर भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके है, लेकिन उसके बावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके चलते जेई अजीत राजपूत के हौसले बुलंद है।

# अवैध पेड़ कटान में लगे व्यक्ति को वनाधिकारियों ने किया गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

वन संरक्षण अधिनियम के तहत पुलिस ने अवैध पेड़ कटान के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल 2026 को कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस टीम गाजीपुर चौराहे के पास गश्त व अपराध रोकथाम में लगी थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मतुवा मजरे मगरौरा स्थित आम के बाग में कुछ लोग हरे आम के पेड़ को काट रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दबिश दी।

दबिश के दौरान एक व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सोनू रावत पुत्र मुन्नालाल रावत निवासी मतुवा मजरे मगरौरा बताया। पूछताछ में उसने बताया कि पेड़ लक्ष्मी वर्मा निवासी दुलार पुरवा का था, जो पुलिस को देखकर फरार हो गया।

मौके से पुलिस ने आम के पेड़ के कटे हुए 8 बोटे बरामद किए। आरोपी से लकड़ी काटने संबंधी कोई वैध अनुमति पत्र नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को वन संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 के तहत गिरफ्तार कर लिया।

# नवागत बीईओ ने संभाला कार्यभार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्रा ने सिरौलीगौसपुर के परसा स्थित एबीएसए कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।कार्यभार संभालने के बाद शिक्षकों ने उनका स्वागत किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्रा ने सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया । उन्होंने ब्लॉक क्षेत्र के विद्यालयों की स्थिति और नामांकन से संबंधित जानकारी भी अध्यापकों से ली।उन्होंने शिक्षकों से कहा कि नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। %स्कूल चलो अभियान% के तहत जागरूकता रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक करें। 6 से 14 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए गांवों में अभिभावकों से संपर्क करने का निर्देश दिया।एबीएसए रमेश चन्द्रा ने कहा कि जागरूकता रैलियों के माध्यम से लोगों को शिक्षा का महत्व बताएं। अभिभावकों को शिक्षा से संबंधित जानकारी देकर उनके बच्चों का नामांकन करवाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि विद्यालय समय पर खुलें और पठन-पाठन सुचारू रूप से चले, ताकि किसी प्रकार की शिकायत न मिले।पत्रकारों से बातचीत में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनकी प्राथमिकता सभी विद्यालयों को समय पर संचालित करना है। उन्होंने जानकारी दी कि करीब 70 प्रतिशत विद्यालयों में किताबें पहुंच चुकी हैं। शेष बचे हुए विद्यालयों में किताबें दो से तीन दिनों में उपलब्ध करा दी जाएंगी। कुछ किताबें अभी आनी बाकी हैं, जो जल्द ही सभी विद्यालयों तक पहुंच जाएंगी।इस अवसर पर शिक्षक संघ के ब्लाक महामंत्री आशुतोष वर्मा, दिलीप तिवारी, विशेष सिंह, शिक्षक नेता अशुतोष वर्मा, नवीन मिश्रा,शिवाजी मिश्रा, मनीष बैसवार, रामपाल रावत, रामानंद, रुद्र प्रताप पांडे, विजय कुमार यादव, सौरभ दीक्षित,राजेश जसवाल,सारिका कनौजिया, निधि राज, प्रिया वर्मा और रुचि गुप्ता सहित कई शिक्षक भी मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद फर्रुखाबाद

पत्रांक-06/न0पं0खिम0/2026-27 — दिनांकः- 06/04/2026

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप मे रोजगार का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के अन्तर्गत मैनुअल स्कैवेजिंग की प्रथा पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है। किसी भी व्यक्ति से मानव मल, सूखे शौचालय, सीवर अथवा सेप्टिक टैक की हॉथो से बिना सुरक्षा उपकरणो के सफाई करना दण्डनीय अपराध है।

**दण्ड का प्रावधानः-**
1-प्रथम बार अपराध करने पर रू0 50000/- तक जुर्माना
2.पुनः अपराध करने पर रू0 100000/- तक जुर्माना

**प्रतिबंधित कार्यः-**
1-सूखे शौचालयों की हाथों से सफाई कराना।
2-सीवर/सेप्टिक टैंक की बिना सुरक्षा उपकरणों के सफाई कराना।
3-किसी भी रूप में मैनुअल स्कैवेजिंग हेतु रोजगार देना।

नगर क्षेत्र के सभी नागरिकों, ठेकेदारों, संस्थानों एवं संबंधित पक्षो से अपेक्षा की जाती है, कि वे इस अधिनियम का कड़ाई से पालन करें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कांनूनी कार्यवाही की जायेगी। यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

**(पुष्पराज सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

## कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद फर्रुखाबाद

पत्रांक-07/न0पं0खिम0/2026-27 — दिनांकः- 06/04/2026

### अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों दुकानदारों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशानुसार नगर में कोई भी घर, दुकान, प्रतिष्ठान शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470, Part I एवं IS:2470 Part2 के मानक अनुसार निर्मित किया जाना आवश्यक है एवं निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त सेप्टिक टैंको को प्रति दो से तीन वर्ष में खाली कराया जाना आवश्यक है तथा खुले में शौच व पेशाब करने पर अर्थदण्ड (स्पॉट फाईन) निम्नानुसार हैः-

| क्र0सं0 | कार्यवाही विवरण | जुर्माना राशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | IS:2470, IS:2470, Part I एवं IS:2470 Part2 के मानक अनुसार निर्मित सेप्टिक टैंक निर्माण नहीं करने पर | 1500/- |
| 2 | सेप्टिक टैंकों को प्रति दो से तीन वर्षों में खाली न करवाये जाने पर | 1000/- |

| क्र0सं0 | कार्यवाही विवरण | प्रथम बार करने पर जुर्माना राशि | |
|---|---|---|---|
| 1 | खुले में शौच व पेशाब करते पाये जाने पर | 100/- | 200/- |
| 2 | शौचालय का गंदा पानी/मलबा खुले में छोड़ने पर | 1000/- | 5000/- |

**सेप्टिक टैंक खाली करवाने हेतु उपयोग शुल्कः-**

| क्र0सं0 | वेक्यूम | घरेलू | व्यावसायिक |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैक्टर | 2000/- प्रति ट्रिप | 3000/- प्रति ट्रिप |

उपरोक्त मानक अनुसार सेप्टिक टैंक निर्माण नहीं करने, दो से तीन वर्ष में सेप्टिक टैंक खाली नहीं करवाये जाने पर अर्थदण्ड के साथ नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी।

**नोटः-**1. यदि कोई मकान मालिककिसी प्राइवेट व्यक्ति से सेप्टिक टैंक साफकराता है और सफाई के दौरान किसी प्रकार की कोई घटना या दुर्घटना होती है, तो इसके लिए नियोक्ता एवं सम्बन्धित कर्मी स्वयं जिम्मेदार होगा। ऐसे व्यक्ति के खिलाफमैनुअल स्कैवेंजर अधिनियम 2013 की धाराओं में मामला पंजीकृत कराया जायेगा।
2. सेप्टिक टैंक खाली कराने व मैनुअल सेप्टिक टैंक सफाई से सम्बन्धित शिकायत हेतु कार्यालय में अथवा दूरभाष नम्बर-14420, 1533 पर सम्पर्क करें।

**(डॉ0 लव कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

**(पुष्पराज सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0**

## खबरें एक नजर में

### गैस गोदाम में सेंधमारी, कई सिलेंडर चोरी, पलिया में बड़ी वारदात

**पलिया कलां खीरी।** पलिया कोतवाली क्षेत्र में बीती 3/4 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने करुणा भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर धावा बोलकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। एजेंसी की संचालिका करुणा सिंह पत्नी अमिष सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मकनपुर रोड स्थित थारू छात्रावास के पीछे बने गोदाम की दीवार व ताला तोड़कर चोरों ने अंदर घुसकर भरे और खाली दोनों तरह के सिलेंडरों की चोरी कर ली। चोरी किए गए सिलेंडरों की सही संख्या गिनती के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना बड़ी बताई जा रही है। सुबह गोदाम खोलने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद पीड़िता ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। तहरीर की कंप्यूटराइज्ड नकल को कांस्टेबल आनंद कुमार द्वारा प्रमाणित भी किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र को विवेचना सौंपी गई है। पुलिस अब अज्ञात चोरों की तलाश में दबिशें दे रही है।

### वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह धूमधाम से सम्पन्न



**मितौली खीरी।** क्षेत्र के पिपरझला स्थित मेंट आर.वी.जी. किड्स एकेडमी में सोमवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज सिंह (विभाग संपर्क प्रमुख, आरएसएस) एवं डॉ. सुप्रिया मिश्र मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की डायरेक्टर प्रियंका गोस्वामी एवं प्रधानाचार्य आशा राज ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समारोह में वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पी.जी. वर्ग में आभ्या वर्मा प्रथम, अंशिका वर्मा द्वितीय तथा मानवी वर्मा तृतीय रहीं। एल.के.जी. में नीशू प्रथम, पूर्णिमा द्वितीय और पूर्वी राज तृतीय स्थान पर रहीं। यू.के.जी. में सुकृति दीक्षित प्रथम, शानवी राज द्वितीय तथा अयांश वर्मा तृतीय रहे। कक्षा 1 में अपूर्वा वर्मा प्रथम, जावेद अली द्वितीय और अनवी शुक्ला तृतीय रहीं। कक्षा 2 में मन्नत दीक्षित प्रथम, नैना राज द्वितीय तथा आकृति दीक्षित तृतीय रहीं। कक्षा 3 में शिवांश पटेल प्रथम, अचल मित्रा द्वितीय और प्रियल वर्मा तृतीय रहे। कक्षा 6 में लक्ष्य गिरि प्रथम, राजकुमार दिलीप द्वितीय तथा मेनका राज तृतीय रहीं। कक्षा 8 में स्मृति कौर प्रथम, राजकुमार द्वितीय और अदिति शुक्ला तृतीय रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मधुसूदन गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन से पढ़ाई करने वाले बच्चे ही जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं और आगे चलकर समाज व देश का नाम रोशन करते हैं।

### हादसे में मानवता की मिसाल बनी भीरा पुलिस, खुद संभाले घायलों के स्ट्रेचर



**बिजुआ खीरी।** सड़क हादसे के बाद जहां अक्सर अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है, वहीं भीरा पुलिस ने अपनी तत्परता और संवेदनशीलता से एक बार फिर इंसानियत की मिसाल पेश की। मूसेपुर के पास सोमवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में पुलिसकर्मी न सिर्फ मौके पर तुरंत पहुंचे, बल्कि राहत एवं बचाव कार्य में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर सोमवार रात हादसे में चार बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलते ही भीरा पुलिस ने बिना समय गंवाए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिजुआ पहुंचाया। इस दौरान पुलिस ने एंबुलेंस व्यवस्था में भी सक्रिय सहयोग किया, जिससे घायलों को समय रहते इलाज मिल सके।सीएचसी पहुंचने पर खून से लथपथ घायलों की हालत देख भी पुलिसकर्मी पीछे नहीं हटे। उन्होंने खुद स्ट्रेचर संभालकर घायलों को अस्पताल के अंदर पहुंचाया और उपचार में हरसंभव सहयोग किया। डॉक्टरों ने जांच के बाद तीन घायलों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक घायल को इलाज हेतु रेफर कर दिया। पुलिस कर्मियों ने मृतकों के शवों को भी पूरी गरिमा के साथ स्ट्रेचर पर रखवाकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। भीरा पुलिस के इस मानवीय व्यवहार की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्दी पर खून के दाग लगने के बावजूद पुलिसकर्मियों ने जिस संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है।

### हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की देखभाल मजबूत करने को एएनएम को मिला विशेष प्रशिक्षण



**लखीमपुर खीरी।** जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत आकांक्षात्मक ब्लॉकों में कार्यरत समस्त एएनएम को उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की पहचान, उपचार और प्रबंधन के लिए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जोमंगलवार को पूर्ण हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी दिशा में जनपद के चारों आकांक्षात्मक ब्लॉकों में चिकित्सकों द्वारा एएनएम को प्रशिक्षित किया गया, जिससे वे क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान एएनएम को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उचित उपचार, प्रभावी प्रबंधन तथा आवश्यकतानुसार रेफरल सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा एनीमिया की जांच एवं उपचार, संतुलित आहार और पोषण परामर्श, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), तथा सुरक्षित और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया गया। सीएमओ ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद एएनएम जमीनी स्तर पर गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल कर सकेंगी, जिससे जटिलताओं की समय रहते पहचान संभव होगी और गंभीर मामलों में शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता की निगरानी डीएमएचसी लल्ला सिंह एवं जिला विशेषज्ञ (सामुदायिक स्वास्थ्य) अंशुमान पांडे द्वारा की गई।

### नव निर्मित विंध्य मार्ट और ब्लाक सभागार का जिलाधिकारी व सीडीओ ने किया उद्घाटन

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज विकासखंड परिसर में सोमवार को नवनिर्मित विंध्य मार्ट और सुंदरीकरण किए गए ब्लॉक सभागार का जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के साथ फीता काट कर उद्घाटन किया। फीता काटने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन कराया गया। विंध्य मार्ट में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए करीब 35 प्रकार के उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी ने प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण कर उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने समूह की महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ना जरूरी है, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके।इसी क्रम में पूजन कार्यक्रम पंडित विश्वनाथ उर्फ तोता पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कहा कि विंध्य मार्ट की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इससे स्वयं सहायता समूहों को स्थायी बाजार उपलब्ध होगा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, एडीओ पंचायत अजय शंकर, एडीओ ग्राम विकास श्याम कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मतदाता पुनरीक्षण कर्मी सिंटू, सफाई कर्मियों गौरीशंकर पांडेय, रमेश और ओमप्रकाश को सम्मानित किया गया। विंध्य मार्ट निर्माण में सहयोग देने वाले ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता और ग्राम पंचायत सचिव जितेंद्र को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा बैंक सखी, स्वास्थ्य सखी, आजीविका सखी और विद्युत सखी के रूप में कार्य कर रहीं सुनीता, साधना, आरती और गीता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली, शिक्षा का दिया संदेश

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय ड्रमंडगंज में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में बच्चों और शिक्षकों ने ड्रमंडगंज में रैली निकाली। रैली के माध्यम से बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में सरकार द्वारा नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस मध्यान्ह भोजन व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। शिक्षकों ने बच्चों का नामांकन कराने और नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अभिभावकों से अपील की।इस दौरान शिक्षक राकेश कुमार सिंह, प्रदीप दुबे,मातेश्वरी शुक्ला, चंद्रेश सिंह पटेल,स्वर्ण सिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# लापरवाही और तेज रफ्तार बनी मौत की वजह

- सोमवार रात आमने-सामने हुई बाइकों की टक्कर में जांच तेज, परिवारों में कोहराम

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**









भीरा थाना क्षेत्र के लखीमपुर-भीरा राजमार्ग पर सोमवार रात तेज रफ्तार और लापरवाही ने तीन परिवारों के चिराग हमेशा के लिए बुझा दिए।दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। जिसमें तेज रफ्तार और लापरवाही में तीन कमाऊ पूतों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक चालकों में किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था।

लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर सोमवार रात करीब 9:30 बजे गांव रड़ा बाजार (देवरिया) निवासी अरबाज (14) अपने चचेरे भाई तौहीद (20) के साथ गुलरिया चीनी मिल में खाना देकर वापस बाइक से अपने घर पर जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर से आ रहे गांव तीखड़ा निवासी अमरीश(20)की बाइकें राजमार्ग पर आमने-सामने से भिड़ंत हो गई जिससे हादसे में तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही अमरीश के साथ बाइक पर बैठा पवन (18) गंभीर घायल हो गया जिसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है।हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और मृतकों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।मंगलवार को पुलिस ने घटनास्थल का दोबारा निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर उनकी तकनीकी जांच कर रही है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर गति नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, क्योंकि पहले भी यहां कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।भीरा पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और हादसे के कारणों का विश्लेषण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और पुलिस गस्त बढ़ाने की आवश्यकता है।

### किसानों के लिए जरूरी खबर: गन्ने की खरीद आज तक

**बिजुआ खीरी।** क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए गुलरिया चीनी मिल प्रबंधन ने पेराई सत्र 2025-26 की अंतिम तिथि घोषित कर दी है। मिल गेट पर 4 अप्रैल 2026 से गन्ने की खरीद लगातार जारी है, लेकिन अपेक्षित मात्रा में गन्ना न पहुंचने के कारण मिल अपनी पूर्ण क्षमता से पेराई नहीं कर पा रही है। मिल प्रबंधन ने सभी किसानों से अपील की है कि जिनके पास अभी भी आपूर्ति योग्य गन्ना उपलब्ध है, वे 8 अप्रैल 2026 तक हर हाल में अपना गन्ना मिल गेट पर पहुंचा दें। निर्धारित तिथि के बाद गन्ने की खरीद पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि 8 अप्रैल के बाद गुलरिया चीनी मिल में पेराई सत्र 2025-26 के तहत सभी कार्य अंतिम रूप से बंद कर दिए जाएंगे। किसानों को समय रहते गन्ना आपूर्ति करने की सलाह दी गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या नुकसान से बचा जा सके।

## थाने के पास डायग्नोस्टिक सेंटर में चोरी, इनवर्टर-बैट्री सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान पार



**मितौली (खीरी)।** थाना मुख्यालय से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर में बीती रात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। हैरानी की बात यह रही कि थाने के बिल्कुल पास हुई इस घटना ने पुलिस गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर का ताला तोड़कर अंदर रखा इनवर्टर, बैट्री समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिया। सुबह जब सेंटर मालिक रोजाना की तरह केंद्र खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। सेंटर का सारा कीमती सामान गायब था। घटना की सूचना तत्काल मितौली पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाने के पास इस तरह की घटना होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच तत्परता से की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## निघासन सिविल बार एसो. के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

- विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने दिलाई शपथ
- अधिवक्ताओ का सम्मान सर्वोपरि: विमल गुप्ता अध्यक्ष

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन सिविल कोर्ट परिसर में मंगलवार को सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुशवाहा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज दिव्यांशु सैनी और विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुशवाहा उपस्थित रहे। उन्होंने मां सरस्वती और बजरंगबली के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला अधिवक्ता संघ केअध्यक्ष महेंद्र पाल वर्मा मंत्री मथुरा प्रसाद पूर्व चेयरमैन अजय शुक्ला भी शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचकर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।शपथ लेने वालों में नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल कुमार गुप्ता और महामंत्री उपेंद्र कुमार कश्यप वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश वैश्य कनिष्ठ उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष लालता मिश्रा मो नईम सयुक्त मंत्री गौरव जायसवाल सत्येंद्र पांडेय शमशाद गवर्निंग कौंसिल हेमंत शुक्ला मायाराम चौधरी कन्हैया वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कवियों ने वीर रस, श्रृंगार रस और अन्य कविताओं का पाठ कर समां बांधा। कार्यक्रम में निघासन तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्रा, महामंत्री मो. लतीफ, मीडिया प्रभारी अख्तर अली, सर्वेश कुमार मिश्रा उमाकांत जायसवाल रवि गुप्ता अवशेष विश्वकर्मा, सर्वेश गुप्ता, दीपक गिरि सुबोध कुमार पांडेय, निघासन एसडीएम राजीव निगम और तहसीलदार दिव्यांशु साही भी मौजूद रहे।

**प्रिया इंडेन गैस सर्विस पर लापरवाही का आरोप-**

## 5 मार्च को बुक सिलेंडर अब तक नहीं मिला, ग्रहक के दर्जनों फोन तक नहीं उठा रहे एजेंसी संचालक

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**




गोला गोकर्णनाथ खीरी में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति में लापरवाही का मामला सामने आया है। लाल्हापुर निवासी एक उपभोक्ता ने आरोप लगाया है कि 5 मार्च को सिलेंडर बुक कराने के बाद भी एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद डिलीवरी नहीं की गई। उपभोक्ता का कहना है कि कई बार फोन करने के बावजूद एजेंसी संचालक ने कॉल तक रिसीव नहीं किया, जिससे वह लगातार परेशान हो रहा है।

लाल्हापुर निवासी विजेंद ने बताया कि उनका गैस उनका कनेक्शन प्रिया इंडेन गैस सर्विस, गोला गोकर्णनाथ से जुड़ा है। उन्होंने 5 मार्च को घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, लेकिन अभी तक सिलेंडर नहीं पहुंचा। उनका कहना है कि परिवार में रोजमर्रा के कामकाज के लिए गैस सिलेंडर बेहद जरूरी होता है, लेकिन लंबे समय से सिलेंडर न मिलने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित के अनुसार समस्या के समाधान के लिए उन्होंने एजेंसी संचालक को 20 से अधिक बार फोन किया, लेकिन हर बार कॉल रिसीव नहीं की गई। इससे उपभोक्ता में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि एजेंसी संचालक फोन तक नहीं उठाते तो उपभोक्ता अपनी समस्या किसे बताए।

विजेंद ने बताया कि बुकिंग के दौरान उनके मोबाइल पर आने वाला एक जरूरी कोड भी प्राप्त नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण बुकिंग प्रक्रिया में भी दिक्कत आई। इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार प्रयास किया, लेकिन एजेंसी की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला।

मामले को लेकर उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अंजनी कुमार से भी फोन पर संपर्क किया। विजेंद के अनुसार डीएसओ ने उनसे कहा कि एजेंसी पर जाकर उनसे बात करवाई जाए, ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके।

लगातार समस्या का समाधान न होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत इंडेन गैस के आधिकारिक एक्स (ट्व) अकाउंट पर भी दर्ज करा दी है। उनका कहना है कि अब उन्हें उम्मीद है कि सोशल मीडिया के माध्यम से मामला उच्च स्तर तक पहुंचेगा और जल्द ही सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गैस एजेंसियां समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं करातीं और उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेतीं, तो इससे आम लोगों की परेशानी बढ़ती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि संबंधित विभाग को ऐसे मामलों में सख्ती से संज्ञान लेना चाहिए, ताकि एजेंसियों की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर मिल सके।

### जहरीले मांस से 25 गिद्धों की मौत, इलाके में हड़कंप

**बिजुआ (खीरी)।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम सिमरिया के पास मंगलवार को एक दर्दनाक और चिंताजनक घटना सामने आई, जहां जहरीले मांस के सेवन से करीब 25 गिद्धों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, वहीं वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गांव के पास एक खेत के किनारे मृत कुत्तों के शव पड़े हुए थे। बताया जा रहा है कि बीते दिनों कुछ कुत्तों ने बकरियों पर हमला कर दिया था, जिसके बाद बकरी मालिक ने कुत्तों को जहर दे दिया। बाद में ग्रामीणों ने उन मृत कुत्तों को सड़क किनारे खंती में डाल दिया।
इसी दौरान गिद्धों का एक बड़ा झुंड वहां पहुंचा और जहरीले कुत्तों के मांस को खाने लगा। मांस खाते ही कुछ ही



मिनटों में गिद्ध तड़पने लगे और एक-एक कर करीब 25 गिद्धों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई।
सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। टीम ने 5 गंभीर रूप से घायल गिद्धों को रेस्क्यू कर उपचार के लिए भेजा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और मृत गिद्धों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिससे मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके।
इस घटना ने वन्यजीव संरक्षण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह खुले में जहरीले पशु शव फेंकना न केवल पर्यावरण के लिए खतरनाक है, बल्कि दुर्लभ पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे मकान में लगी आग, गृहस्थी राख



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थोथा गांव में मंगलवार की दोपहर कच्चे मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से कच्चे मकान में रखा गृहस्थी का सामान व खाद्यान सामग्री जलकर राख हो गया। कच्चे मकान की तरफसे आग की लपटे देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए बाल्टी डब्बा में पानी लेकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी नर्वदा धरकार के कच्चे मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में पीछे से आग लग गई आग धीरे धीरे बिकराल रूप धारण कर लिया । ग्रामीण प्रवीण दुबे उर्फमुलायम, रामानंद , अवधेश, लाल बहादुर, आदि ने शोर मचाते हुए तत्काल आग पर काबू पाने के लिए बाल्टी डब्बा में पानी लेकर दौड़े लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका जिससे कच्चे मकान में रखा गेंहू,चावल,दाल,बर्तन, पलंग, कपड़ा, रजाई गद्दा सहित अन्य सामान व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है आगजनी की घटना से पीड़ित का पूरा मकान जलकर राख हो गया है । जिससे पीड़ित के परिवार के समक्ष समस्या उत्पन्न हो गई है । घटना के समय घर के लोग कटाई करने खेत पर गए थे सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को देते हुए आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

## फार्मर रजिस्ट्री कैंप का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर ), समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने मंगलवार को क्षेत्र के बेलाही गांव में कृषि विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाए गए कैंप में पहुंचे और औचक निरीक्षण किए। कैंप में 19 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री किया गया।

इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने किसानों से बातचीत कर सरकारी सुवैके लिए फार्मर रजिस्ट्री को आवश्यक बताया और कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से इस संबंध में विस्तृत जानकारी लिए। लालगंज के बीटीएम पवन कुमार सिंह ने बताया की कैंप में कुल 19 लोगों की फार्म रजिस्ट्री की गई है। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके जिलाधिकारी ने साफतौर पर कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोपरि है, और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, बीडीओ आईएएस अंशुल हिंदल, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### गोदाम पर गैस रिफिल कराने के लिए लगी लंबी कतार

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया कस्बा स्थित विंध्य भारत गैस एजेंसी पर गैस बुकिंग कराने के बाद उपभोक्ता गैस रिफिल कराने के लिए एजेंसी के गोदाम पर उपभोक्ताओ की लंबी लाइन लग गई है। गैस बुकिंग कराने के बाद उपभोक्ताओ को गैस रिफिल कराने के लिए मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है । गैस रिफिल कराने के लिए उपभोक्ताओ द्वारा गोदाम के बाहर सिलेंडर को रखकर कतार में लग गए और अपने बारी का इंतजार कर रहे है इसके बाद भी उपभोक्ताओ को गैस रिफिल नहीं हो रही है । सुबह ही एक ट्रक गैस रिफिल एजेंसी पर आया है थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर उपभोक्ताओ के गैस सिलेंडर को रिफिल कराया है।

## फर्जी दस्तावेज के माध्यम से अवैध रूप से निवास कर रहे चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

- चार अदद मोबाइल फोन सहित अन्य दस्तावेज बरामद

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिले के थाना को कटरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग करते समय फर्जी दस्तवाजे के माध्यम से भारत में अवैध रुप से निवास कर रहे 04 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफ्लता हाथ लगी है। 6 अप्रैल को थाना को कटरा पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी कि इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पर नजर पड़ी, संदेह होने पर पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम पता मो सबूज हुसैन पुत्र मो समसुलहक निवासी दनाजपुर थाना पीरगंज जिला ठाकुरगांव/ठाकुरगंज विभाग रंगपुर (प्रदेश) बंगलादेश बताते हुए यह भी बताया कि उसका भाई सब्बीर हुसैन जो बांग्लादेश से मुझे व 2 अन्य साथियों के साथ लाया है जो वर्तमान समय में डगमगपुर पडरी में प्रदीप सिंह के पीके क्रेशर पर कार्य करते है। अभियुक्त की निशानदेही पर उपरोक्त क्रेशर प्लांट से 3 अन्य अभियुक्तों सब्बीर हुसैन पुत्र मोसमसुलहक निवासी दनाजपुर थाना पीरगंज जिला ठाकुरगंज विभाग रंगपुर (प्रदेश) बांग्लादेश, नरेशदास पुत्र सुनील दास ग्राम बाराबन्दर योगेन्दर बाबू मठ थाना कोतवाली दनाजपुर विभाग रंगपुर (प्रदेश) बांग्लादेश व जयदास पुत्र नमोचन्द्रदास ग्राम नरेशदादा के गांव बांग्लादेश को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। बरामद मोबाइलों से आधार कार्ड व पैन कार्ड, बांग्लादेश की वोटर आईडी व पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज बरामद हुए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को. कटरा पर अप्रवास व विदेशियों विषयक अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को मा न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग बांग्लादेश से दलाल को पैसे देकर सीमा/नदी पार कर पश्चिम बंगाल के रायगंज पहुंचे, वहां से कालियागंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से उप्र आगरा गए और काम की तलाश में आगरा से मिर्जापुर आयें। जहां डगमगपुर पड़री में पीके क्रेशर पर अपनी बांग्लादेशी पहचान छुपाकर काम करने लगे तथा सब्बीर व मो सबूज ने फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ग्राम दसौती पोस्ट सौधी जिला कैमूर बिहार के पते पर अपना आधार कार्ड व पैन कार्ड बनवा लिया और तब से हम लोग प्रदीप सिंह के क्रेशर पर काम कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा अपराधियो के खिलाफ पुलिस का अभियान बराबर चलेगा।